वैवाहिक स्थिति-चित्र संख्या 03 दोनों देशों के अनौपचारिकव्यापारियोंके वैवाहिक स्थिति के प्रतिरूप का प्रतिवेदन देता है। चित्र द्वारा स्पष्ट है कि कुल महिला उत्तरदाताओं में भारत के 45 प्रतिशत एवं नेपाल के 40 प्रतिशत महिलाएं विवाहित है। अध्ययन में शामिल महिलाओंमें भारत के 03 प्रतिशत एवं नेपाल के 12 प्रतिशत प्रतिवादी अविवाहित है। दोनों ही देशों में महिला एवं पुरूष व्यापारियों के वैवाहिक स्थिति की तुलना करने पर यह ज्ञात होता है कि भारत में पुरूषों की तुलना में अधिकांश महिलाएं विवाहित है जबकि नेपाल में महिलाओं की तुलना में अधिकांश पुरूष विवाहित है।

प्रतिवादी अवलोकन एवंउत्तरदाताओं के साथ बातचीत से पता चलता है कि भारत की अधिकांश महिलाएं विवाह के पश्चात ही व्यापार में संलिप्त होते हैं। जबकि नेपाल में काफी कम उम्र से अधिकांश महिलाएं आयात-निर्यात गतिविधि के अंर्तगत वस्तुओं के परिवहन का काम करती हैं।



चित्र संख्या -04: औपचारिक व्यापार में संलिप्त भारत के व्यापारियों की वैवाहिक स्थिति प्रतिशत में

चित्र संख्या 04 स्पष्ट करता है कि भारत के औपचारिक व्यापारियों में से 75 प्रतिशत पुरूष व्यापारी विवाहित है और 20 प्रतिशत पुरूष व्यापारी अविवाहित है। औपचारिक व्यापार में 06 प्रतिशत महिला व्यापारी विवाहित है।



चित्र संख्या-05:अनौपचारिक व्यापार में संलिप्त (अ) भारत के एवं (ब) नेपाल केव्यापारियों की शैक्षिक योग्यता प्रतिशत में

चित्र संख्या 05अनौपचारिक व्यापारियों की शैक्षिक उपलब्धि को दर्शाता है। सीमापार अनौपचारिक व्यापारियों में महिलाओं और पुरूषों के शैक्षिक उपलब्धि में ज्यादा अंतर नहीं है। व्यापारियों के शैक्षिक उपलब्धि की गहनता से अध्ययन करने के लिए शिक्षा को 07 स्तरों में विभक्त किया गया। शिक्षा के पहले स्तर से स्पष्ट होता है कि भारत एवं नेपाल के कुल उत्तरदाताओंमें 05 प्रतिशत महिला, 04 प्रतिशत पुरूष एवं नेपाल केकुल उत्तरदाताओं में 16 प्रतिशत महिला, 06 प्रतिशत पुरूष साक्षर है। भारत के कुल उत्तरदाताओं में 15 प्रतिशतमहिला, 16 प्रतिशत पुरूष एवं नेपाल के 10 प्रतिशत महिला ,08 प्रतिशत पुरूष व्यापारियों ने स्नातक की डिग्री हासिल की है।

उपरोक्त तथ्यों से स्पष्ट होता है कि अनौपचारिक व्यापार में भारत के 91 प्रतिशत एवं नेपाल के 78 प्रतिशत व्यापारियों ने औपचारिक शिक्षा ली है।



चित्र संख्या-06:औपचारिक व्यापार में संलिप्त भारत के व्यापारियों की शैक्षिक योग्यता प्रतिशत में

चित्र संख्या 06 से स्पष्ट होता है कि औपचारिक व्यापार में महिला व्यापारियों की तुलना में पुरूष व्यापारियों की शैक्षिक योग्यता अधिक है।प्रतिवादी अवलोकन से पता चलता है कि जिन उत्तरदाताओं ने स्नातक अथवा स्नातकोत्तर की डिग्री हासिल की है उन सभी व्यापारियों ने अपने व्यापार के साथ औपचारिक शिक्षा पूरी की है। व्यापारियों का मानना है कि औपचारिक शिक्षा व्यापार में उन्हें अधिक मदद नहीं करती है।

चित्र संख्या 05 और 06 से स्पष्ट होता है कि औपचारिक एवं अनौपचारिक महिला व्यापारियों के शैक्षिक उपलब्धि की तुलना की जाये तो अनौपचारिक व्यापार में संलिप्त महिलाओं ने औपचारिक शिक्षा के उच्च स्तर की डिग्री हासिल की है।



चित्र संख्या-07:अनौपचारिक व्यापार में संलिप्त (अ)भारत के एवं (ब) नेपाल के व्यापारियों की अनौपचारिक व्यापार में जुड़ने से पूर्व व्यवसाय

चित्र संख्या 07 के अध्ययन से पता चलता है कि अनौपचारिक व्यापार में जुड़ने से पूर्वभारत के 14 प्रतिशत महिला व्यापारी एवं नेपाल के केवल 02 प्रतिशत महिला व्यापारी ही प्रत्यक्ष रूप से आर्थिक गतिविधियों से जुड़े थे। मौसमी काम में भारत की महिलाओं की प्रतिभागिता शून्य है जबकि नेपाल में केवल 01 प्रतिशत महिला ही प्रतिभाग करती थी। महिला उत्तरदाताओं से बातचीत से पता चलता हैं कि दोनों ही देशों के अधिकांश महिला व्यापारी अपने परिवार एवं बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए ग्रामीण क्षेत्रों से आकर पारगमन बिन्दु के कस्बों में बसे हैं।



चित्र संख्या-08:औपचारिक व्यापारमें जुड़ने से पूर्व भारतीय व्यापारियों की जीविकोपार्जन हेतु कामचित्र संख्या 08 से स्पष्ट होता है कि औपचारिक व्यापार में संलग्न 79 प्रतिशत व्यापारी पूर्व से ही आर्थिक गतिविधियों सेप्रत्यक्ष रूप से जुड़ें थे। पूर्व से ही समस्त महिला व्यापारी आर्थिक गतिविधियों सेप्रत्यक्ष रूप से जुड़ें थे।



चित्र संख्या-09:अनौपचारिक व्यापार में संलिप्त (अ) भारत के एवं (ब) नेपाल के व्यापारियों की प्राथमिक व्यावसायिक गतिविधि प्रतिशत में

चित्र संख्या 09 से स्पष्ट होता है कि वर्तमान में भारत के सर्वाधिक अनौपचारिक महिला व्यापारी फुटकर विक्रेता है। जबकि नेपाल के सर्वाधिक अनौपचारिक महिला व्यापारी आयात गतिविधि से जुड़ें हैं।प्रतिवादी अवलोकन से ज्ञात होता है कि दोनों देशों के प्रतिवादी जो मुख्य रूप से आयात एवं निर्यात गतिविधियों से जुड़ें हैं ऐसे सभी व्यापारी स्वयं उत्पादों का आयात-निर्यात करते हैं। इन उत्पादों को या तो वे स्वयं विक्रय करते हैं या दोनों देशों के व्यापारी अपने-अपने क्षेत्रों से उत्पाद की मांग एकत्रित कर मांगकर्ताओं तक पहुंचाते हैं। सीमापार व्यापार में पारगमन बिन्दुओं में उत्पादों के परिवहन का काम मुख्यत: दोनों देशों में महिलाएं अधिक करती है। पारगमन बिन्दु बनबासा-महेन्द्रनगर में मोटर मार्ग द्वारा अधिकांश व्यापारी साइकिल से माल का परिवहन करते है। जबकि धारचूला-दार्चुला, झूलाघाट-बैतड़ी पारगमन बिन्दुओं में व्यापारी पैदल ही उत्पादों का परिवहन करते हैं।



चित्र संख्या– 10: औपचारिक व्यापार में संलिप्त भारत के व्यापारियों की प्राथमिक व्यावसायिक गतिविधिप्रतिशत में

चित्र संख्या 10 से स्पष्ट होता है कि औपचारिक व्यापार में संलग्न सभी महिलाएं थोक व्यापार से जुड़ें हैं। औपचारिक और अनौपचारिक व्यापारियों के अध्ययन से स्पष्ट होता है कि महिलाएं अधिक अनौपचारिक व्यापार से जुड़ें हैं। अनौपचारिक व्यापार की तुलना में औपचारिक व्यापार में संलग्न पुरूष व्यापारी अधिक थोक व्यापार से जुड़ें हैं। औपचारिक व्यापार में संलग्न समस्त व्यापारी स्वयं ही निर्यात का भी कार्य करते है।

अनौपचारिक व्यापारी पर पारिवार के सदस्यों की निर्भरता अनुपात –प्रश्नावलीमें पूछे गये प्रश्न के विश्लेषण से स्पष्ट होता है कि भारत में क्रमश: 05:02 महिला एवं 06:03 पुरूष व्यापारी, नेपाल में 06:02 महिला एवं 07:03 पुरूष, व्यापारी पर परिवार के सदस्यों की औसत निर्भरता है। अर्थात भारत में महिला व्यापारी के परिवार में 02 कमाने वाले पर 05 लोग निर्भर है जबकि पुरूष व्यापारी के परिवार में 03 कमाने वालों पर 06 लोग निर्भर है। नेपाल में महिला व्यापारी के परिवार में 02 कमाने वाले पर 06 लोग निर्भर है जबकि पुरूष व्यापारी के परिवार में 03 कमाने वालों पर 07 लोग निर्भर है। उपरोक्त तथ्य से स्पष्ट होता है कि औपचारिक व्यापार की तुलना में अनौपचारिक व्यापार में महिलाओं की सहभागिता अधिक होने का एक प्रमुख कारण पारिवारिक आर्थिक जिम्मेदारी है।

औपचारिक व्यापारीपर पारिवार के सदस्यों की निर्भरता अनुपात – औपचारिक व्यापार में व्यापारी पर परिवार के सदस्यों की औसत निर्भरता 03:01 महिला एवं 06:02 पुरूष, है। अर्थात भारत में महिला व्यापारी के परिवार में 01 कमाने वाले पर 03 लोग निर्भर है जबकि पुरूष व्यापारी के परिवार में 02 कमाने वालों पर 06 लोग निर्भर है।

निष्कर्ष–अनौपचारिक व्यापार में महिलाओं की सहभागिता भारत में 48 प्रतिशत एवं नेपाल में 52 प्रतिशत है। जबकि औपचारिक व्यापार में केवल 06 प्रतिशत है। अनौपचारिक व्यापार में संलिप्त अधिकांश महिला व्यापारी पारिवारिक आर्थिक जिम्मेदारी के कारण विवाह के पश्चात ही अनौपचारिक व्यापार में प्रवेश करते है। भारत की तुलना में नेपाल के उत्तरदाताओं के शैक्षिक योग्यता में लिंग अंतर देखने को मिलता है। भारत मेंऔपचारिकव्यापार की तुलना में अनौपचारिक व्यापार में महिलाएं अधिक शिक्षित हैं। यह तथ्य स्पष्ट करता है कि अनौपचारिक व्यापार में जुड़ने का शैक्षिक उपलब्धि से कोई संबंध नहीं है।भारत एवं नेपाल दोनों देशों के अधिकांश महिला व्यापारी अनौपचारिक व्यापार में जुड़ने से पूर्व किसी भी प्रकार के आर्थिक गतिविधियों में संलग्न नहीं थे जबकि औपचारिक व्यापार से जुड़ी महिला व्यापारी पूर्व से ही आर्थिक गतिविधियों में संलग्न थी। इस सर्वेक्षण से स्पष्ट होता है कि औपचारिक व्यापार की तुलना में अनौपचारिक व्यापार में महिलाओं की सहभागिता अधिक है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. https://www.mea.gov.in/bilateral-documents.htm?dtl/6379/Treaty+of+Trade+and+Transit
2. https://mea.gov.in
3. http://ssb.nic.in
4. https://pib.gov.in/Pressreleaseshare.aspx?PRID=1788009
5. https://www.dgft.gov.in/CP/
6. https://www.dgft.gov.in/CP/?opt=iec-profile-management
7. Njikam Ousmanou and Tchouassi Gerard "Women in informal cross-border trade: Evidence from the Central Africa Region''(November 2010)
8. Njkam Ousmanou "Women in Informal Cross Border Trade: Empirical Evidence from Cameroon'' (August 2011)
9. SAWTEE Report "The Kathmandu Post,Women Highly Active in Informal Trade With India: SAWTEE Report''(19 February 2020)
10. Taneja Nisha,&Pohit Sanjib "Characteristics Of India's Informal & Formal Trading With Nepal: A Comparative Analysis''(February 2002)

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVI, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

कृषकों की विभिन्न स्थितियों का अध्ययन (राजगढ़ एवं विदिशा के विशेष संदर्भ में)

मुकेश शाक्यवार* डॉ. सुनील आडवानी डॉ. वर्षा रानी मेहतो*****

* सहायक प्राध्यापक, ने.सु.बोस शासकीय महाविद्यालय, ब्यावरा एवं शोधार्थी, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत
** सहायक प्राध्यापक, बाल कृष्ण शर्मा नवीन शासकीय महाविद्यालय, शाजापुर (म.प्र.) भारत
*** सहायक प्राध्यापक, शासकीय महाविद्यालय, लटेरी (म.प्र.) भारत

शब्द कुंजी –कृषकों से प्राप्त सूचनाओं का प्राथमिक संबंधों के रूप में अध्ययन – राजगढ़ जिले एवं विदिशा जिले क्षेत्र के कृषकों की स्थितियों का अध्ययन।

प्रस्तावना– वर्तमान शोध पत्र अध्ययन में विदिशा जिले की लटेरी कृषि उपज मंडी क्षेत्र के कृषकों के तथा राजगढ़ जिले के ब्यावरा कृषि उपज मंडी क्षेत्र के कृषकों पर केंद्रित करते हुए उनके द्वारा कृषि क्षेत्र के विकास में योगदान का विस्तार से विश्लेषण किया गया है। जिसके लिए विदिशा जिले की लटेरी कृषि उपज मंडी क्षेत्र के 150 कृषकों का तथा राजगढ़ जिले की ब्यावरा कृषि उपज मंडी क्षेत्र के 200 कृषकों का दैवनिदर्शन विधि के माध्यम से कृषकों के सामाजिक,आर्थिक, सांस्कृतिक, राजनीति तथा कृषि संबंधी विभिन्न गतिविधियों के साथ–साथ कृषि विपणन से संबंधित विभिन्न पहलुओं को ध्यान में रखते हुए कृषकों से निजी स्तर पर विविध गतिविधियों की प्रतिक्रिया जानी गई। इसके लिए अनुसूची/प्रश्नावली का उपयोग करते हुए विस्तार से विश्लेषण किया गया है। विश्लेषण हेतु आवश्यकता अनुसार सांख्यिकी विधि का उपयोग किया गया है। जिसे निष्कर्ष के रूप प्रदर्शित किया गया है।

कृषकों की पारिवारिक एवं सामाजिक स्थिति – कृषक वर्ग मूल रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में निवासित होते हैं। जो अपनी पारंपरिक गतिविधियों का पूर्ण रूप से पालन करते हैं। इसके बावजूद जीविका के लिए कृषि से जुड़ी हुई प्रत्यक्ष–अप्रत्यक्ष गतिविधियों से संबंधित रहते हैं। जो रोजगार का मुख्य आधार होता है। इस प्रकार आर्थिक विकास में विविध प्रकार के कृषि से जुड़े आधुनिक तकनीक का समावेश किया गया है। जो कृषकों की आर्थिक स्थिति में सुधार की सतत् संभावना बनी रहती है। इसके लिए कृषकों द्वारा अपनाये गये संसाधनों के उपयोग से पारिवारिक एवं सामाजिक परिवर्तन देखा गया है। समाज के आधुनिकीकरण के चलते कृषक वर्गों में नवाचार की प्रवृत्ति विकसित होने लगी है। जो कृषि के लिए नई–नई विधि एवं तकनीक का उपयोग करके व्यक्तिगत स्तर पर जीवन स्तर को उंचा उठाने का प्रयास कर रहे हैं। यह कृषकों के आत्मनिर्भरता की पहचान है।

कृषकों की आयु की स्थिति– भारतीय पारंपरिक अर्थव्यवस्था में कृषकों की आयु महत्वपूर्ण मानी जाती है। जैसे–जैसे आयु में वृद्धि होते चले जाती है। वैसे–वैसे परिपक्वता का स्तर भी बढ़ता है। वास्तव में आयु से परिपक्वता अनुभव तथा समझ परिलक्षित होती है। इस प्रकार आयु के परिवर्तन से जवाबदेही भी निर्धारित होती है। कृषकों की आयु की विवेचना तालिका क्रमांक 01 में स्पष्ट किया गया है–

तालिका क्रमांक 01: कृषकों की आयु की स्थित

आयु की स्थिति (वर्ष)	आवृत्ति	प्रतिशत
20–तक	19	5.43
21–30	72	17.71
31–40	145	41.43
41–50	91	26.00
51 से अधिक	33	9.43
कुल	350	100.00

स्रोत– प्राथमिक समंक df = 4 का 5 प्रतिशत स्तर

X^2= 9.49 T> 41.22 सार्थकता

अत: परिणाम में निर्भरता है।

उपर्युक्त तालिका से स्पष्ट है कि कृषि उपज मंडी में उपज के विपणन की दृष्टि से 5.43 प्रतिशत कृषक 20 वर्ष तक केए 17.71 प्रतिशत कृषक 21 से 30 वर्ष तक केए 41.43 प्रतिशत कृषक 31 से 40 वर्ष तक केए 26 प्रतिशत 41 से 50 वर्ष तक तथा 9.43 प्रतिशत कृषक 51 वर्ष से अधिक पाए गए।

अध्ययन में पाया गया है कि कृषक वर्ग द्वारा अपनी उपज के विपणन के लिए कृषि उपज मंडी में ले जाते हैं। इसके लिए कृषक वर्ग द्वारा मूल्य परिवर्तन का अधिक ध्यान रखते हैं। इसलिए ज्यादातर कृषक 30 से 40 वर्ष आयु वर्ग के कृषक कृषि विपणन के संबंध में बेहतर अनुभव रखते हैं। इस प्रकार काई वर्ग परीक्षण से परिणामों में सार्थकता पाई गई है। अर्थात आयु परिवर्तन के साथ–साथ अनुभव एवं जानकारी कृषकों के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

कृषकों की जाति वर्ग की स्थिति– ग्रामीण जनसंख्या का बड़ा भाग कृषि से प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से जुड़ा है। जिसमें प्रत्येक वर्ग का योगदान कृषि के रूप में महत्वपूर्ण रहा है। कृषकों की विविध गतिविधियों वर्ग विशेष से नहीं जोड़ी जाती। बल्कि उनके द्वारा कृषि क्षेत्र में दिए गए योगदानों को महत्वपूर्ण स्थान दिया जाता है। चाहे भूमि धारक कृषक होए कृषि मजदूर

होए सीमांत कृषक हो, भूमिहीन कृषक होए सभी जाति वर्ग के कृषकों को महत्वपूर्ण योगदानों के रूप में दर्शाया जाता है। इस प्रकार अध्ययन की दृष्टि से कृषकों की जाति वर्ग को तालिका क्रमांक 02 में स्पष्ट किया गया हैद

क्रमांक 02: कृषकों की जाति वर्ग की स्थिति

स्थिति	आवृत्ति	प्रतिशत
सामान्य वर्ग	77	22.00
पिछड़ा वर्ग	112	32.00
अनुसूचित जाति	92	26.29
अनुसूचित जनजाति	70	19.71
कुल	350	100.00

स्रोत-प्राथमिक समंक df =3 का 5 प्रतिशत स्तर पर
X^2= 7.82 P 3.97 सार्थकता का अभाव
अत: परिणाम में स्वतंत्रता है।

उपर्युक्त तालिका से स्पष्ट है कि कृषि विपणन की दृष्टि से कृषकों की जाति वर्ग में 22.00 प्रतिशत कृषक सामान्य वर्ग केए 32.00 प्रतिशत कृषक पिछड़ा वर्ग केए 26.29 प्रतिशत कृषक अनुसूचित जाति वर्ग के तथा 19.71 प्रतिशत अनुसूचित जनजाति वर्ग के पाए गए।

अध्ययन में पाया गया है कि पारंपरिक दृष्टि से ग्रामीण अर्थव्यवस्था कृषि पर निर्भर होती है। जिसमें ग्रामीण क्षेत्र के सामान्य निवासी कृषि को अपनी जीविका का प्रमुख साधन मानते हैं। क्योंकि अध्ययन में पिछड़ा वर्ग के अंतर्गत सर्वाधिक कृषक पाए गए काई वर्ग प्रशिक्षण की दृष्टि से परिणाम में सार्थकता का अभाव पाया गया है। अर्थात प्रत्येक जाति वर्ग के व्यक्ति अपनी जीविका के लिए कृषि संसाधन को अपनाने के लिए स्वतंत्र होते हैं।

कृषकों के परिवार के स्वरूप की स्थिति- भारतीय पारंपरिक अर्थव्यवस्था में परिवार के सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान होता है। क्योंकि भारतीय समाज परिवार पर केंद्रित होता है। जहां व्यक्ति की स्थिति का निर्धारण होता है। परिवार के स्वरूप को दो भागों में विभाजित करते हुए अध्ययन में शामिल किया गया है। प्रथम. एकाकी परिवार जिसमें पति.पत्नी और उनके बच्चे शामिल होते हैं। जबकि द्वितीय. संयुक्त परिवार जिसमें परिवार के रक्त संबंध अधिक होता है। जहां सभी सदस्य मिलकर एक ही चूल्हे का बना हुआ भोजन गृहण करते हैं। परिवार में पति-पत्नी के अतिरिक्त माता-पिता, भाई-बहन साथ ही भाई की पत्नी एवं उनके बच्चे शामिल होते हैं। इस प्रकार संयुक्त रूप से परिवार का जीवन यापन चलता है। परिवार के स्वरूप की विवेचना तालिका क्रमांक 03 में स्पष्ट किया गया है-

तालिका क्रमांक 03: कृषकों के परिवार के स्वरूप की स्थिति

स्थिति	आवृत्ति	प्रतिशत
एकाकी परिवार	211	60.29
संयुक्त परिवार	139	39.71
कुल	350	100.00

स्रोत- प्राथमिक समंक df = 3 का 5 प्रतिशत स्तर पर
X^2= 3.84 T> 4.24 सार्थकता
अत: परिणाम में निर्भरता है।

उपर्युक्त तालिका से स्पष्ट है कि ग्रामीण परिवार के स्वरूप की दृष्टि से 60.29 प्रतिशत कृषक वर्ग एकाकी परिवार स्वरूप के दायरे में आते हैं तथा 39.71 कृषक वर्ग संयुक्त परिवार के दायरे में आते हैं।

अध्ययन में पाया गया कि वर्तमान उदारीकरण के दौर में परिवार के स्वरूप में काफी परिवर्तन आया है व्यक्ति अपनी जीविका चलाने के लिए अन्य क्षेत्रों में रोजगार स्थापित करने का प्रयास करता है। जिसके आधार पर अपनी आर्थिक स्थिति को सुधारने का सतत रूप से लगा रहता है। इस प्रकार का वर्ग प्रशिक्षण से परिणाम में सार्थकता पाई गई है। अर्थात आर्थिक बदलाव के चलते किसी ने किसी रूप में व्यक्ति अपने परिवार पर निर्भर रहता है।

कृषकों के परिवार में सदस्यों की संख्या की स्थिति-कृषक परिवारों में कृषि संबंधी विभिन्न प्रकार की गतिविधियों में परिवार के मुखिया के अतिरिक्त अन्य सदस्यों का योगदान भी महत्वपूर्ण होता है। क्योंकि जो सदस्य बच्चों को छोड़कर शामिल है। वे अपने पारिवारिक एवं परंपरागत कार्य को नित गति से करते हैं। इस प्रकार परिवार में सदस्यों की संख्या भी आर्थिक स्थिति को सुधारने के साथ-साथ अन्य सामाजिक गतिविधियों में महत्वपूर्ण योगदान होता है। जिसकी विवेचना तालिका क्रमांक 04 में स्पष्ट किया गया है-

तालिका क्रमांक 04: कृषक परिवार में परिवार सदस्यों की संख्या की स्थिति

सदस्य संख्या की स्थिति	आवृत्ति	प्रतिशत
5 से कम	73	20.86
6 से 8	111	31.71
9 से 11	05	30.00
12 से अधिक	161	17.43
कुल	350	100.00

स्रोत- प्राथमिक समंक df = 3 का 5 प्रतिशत स्तर पर
X^2= 7.82 P 5.78 सार्थकता का अभाव
अत: परिणाम में स्वतंत्रता है।

उपर्युक्त तालिका से स्पष्ट है कि कृषकों के परिवार में सदस्यों की संख्या की दृष्टि से 20.6 प्रतिशत कृषकों के परिवार में 5 सदस्य तकए 31.71 प्रतिशत कृषकों के परिवार में 6 से 8 सदस्य 30.00 प्रतिशत कृषकों के परिवार में 9 से 11 सदस्यए 17.43 प्रतिशत कृषकों के परिवार में 12 से अधिक सदस्य पाए गए।

अध्ययन में पाया गया है कि कृषक परिवार की आर्थिक स्थिति में परिवर्तन के लिए परिवार के अन्य सदस्यों की भूमिका महत्वपूर्ण होती है परिवार में जितने अधिक सदस्य आर्थिक गतिविधियों से जुड़े होते हैंए परिवार की आर्थिक स्थिति उतनी बेहतर होती है। इस प्रकार काई वर्ग परीक्षण से परिणाम में सार्थकता का अभाव पाया गया है। अर्थात परिवार के सदस्यों द्वारा जो भी आय अर्जित की जाती है। वह पूर्ण रूप से स्वतंत्रता होती है।

कृषकों की शैक्षणिक स्थिति- प्रत्येक गतिविधियों के लिए शिक्षा का महत्वपूर्ण योगदान होता है। वर्तमान में कृषि के क्षेत्र में शिक्षा के बढ़ते प्रभाव के कारण नए-नए प्रयोग होते रहे हैं। चूंकि कृषि कार्य के लिए शैक्षणिक योग्यता की आवश्यकता नहीं होती है। इसके बावजूद कृषि में उपयोग आने वाली नवीन तकनीक तथा कृषि उपज के विपणन संबंधी गतिविधियों इत्यादि के लिए शैक्षणिक योग्यता का होना चाहिए। जिससे कृषक वर्ग अपने अनुभव के साथ-साथ शैक्षणिक योग्यता के आधार पर कृषि की बेहतर प्रक्रिया को अपना सके। जिसकी विवेचना तालिका क्रमांक 05 में स्पष्ट किया गया है-

तालिका क्रमांक 05: कृषकों की शैक्षणिक स्थिति

स्थिति	आवृत्ति	प्रतिशत
अशिक्षित	45	12.86
प्राथमिक शिक्षा	59	16.86
माध्यमिक शिक्षा	129	36.86
हायर सेकेंडरी शिक्षा	66	18.16
उच्च/अन्य शिक्षा	51	14.56
कुल	350	100.00

स्रोत- प्राथमिक समंक df = 3 का 5 प्रतिशत स्तर पर
X^2= 9.49T> 18.79 सार्थकता
अत: परिणाम में निर्भरता है।

उपर्युक्त तालिका से स्पष्ट है कि कृषकों के शैक्षिक स्थिति की दृष्टि से 12.86 प्रतिशत कृषक अशिक्षित पाए गएए 16.86 प्रतिशत कृषक प्राथमिक स्तर तक शिक्षित पाए गए 36.86 प्रतिशत कृषक माध्यमिक स्तर तक शिक्षित पाए गएए 18.86 प्रतिशत कृषक हायर सेकेंडरी तक शिक्षित पाए गए तथा 14.56 प्रतिशत कृषक उच्च एवं अन्य स्तर पर शिक्षित पाए गए।

अध्ययन में पाया गया है कि भारतीय पारंपरिक कृषि में किसी भी प्रकार की शिक्षा की आवश्यकता नहीं है। परंतु वर्तमान आधुनिक तकनीक के उपयोग के लिए शिक्षा महत्वपूर्ण मानी गई है। वर्तमान में कृषि के बदलते स्वरूप में शिक्षा की भूमिका महत्वपूर्ण है इस प्रकार काई वर्ग परीक्षण से परिणाम में सार्थकता पाई गई है। अर्थात शिक्षा का प्रत्येक स्तर किसी ने किसी स्थिति में एक दूसरे से जुड़ा होता है। जो कृषि कार्य से लेकर उपज के विपणन तक महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

कृषकों की वार्षिक आय की स्थिति- परंपरागत ग्रामीण व्यवसाय में जीविका के लिए कृषि का योगदान महत्वपूर्ण रहा है। परंतु वर्तमान की अपेक्षा पूर्व में कृषकों की स्थिति एवं जीविका मानसून पर निर्भर रहती थी वर्तमान में कृषकों की स्थिति में काफी परिवर्तन देखा गया है। अर्थात सिंचाई संसाधनों की विकास के कारण जीविका के तौर तरीकों में काफी परिवर्तन आया है। इसी के चलते कृषकों की वार्षिक आय का मूल्यांकन भी महत्वपूर्ण हो जाता है। जिसकी विवेचना तालिका क्रमांक 06 में स्पष्ट की गई है-

तालिका क्रमांक 06: कृषकों की वार्षिक आय की स्थिति

स्थिति (लाख रुपए)	आवृत्ति	प्रतिशत
1 लाख रुपए तक	71	20.29
1 से 3 लाख रुपए तक	149	42.57
3 से 5 लाख रुपए तक	94	26.86
5 लाख रुपए से अधिक	36	10.28
कुल	350	100.00

स्रोत- प्राथमिक समंक df = 3 का 5 प्रतिशत स्तर
X^2=7.82 T>22.05 सार्थकता
अत: परिणाम में निर्भरता है।

उपर्युक्त तालिका से स्पष्ट है कि कृषकों की वार्षिक आय की दृष्टि से 20.29 प्रतिशत कृषकों की वार्षिक आय 1 लाख रुपए तकए 42.57 प्रतिशत कृषकों की वार्षिक आय 1 से 3 लाख रुपए तकए 26.86 प्रतिशत कृषकों की वार्षिक आय 3 से 5 लाख रुपए तक तथा 10.28 प्रतिशत कृषकों की वार्षिक आय 5 लाख रुपए से अधिक पाई गई है।

अध्ययन में पाया गया है कि कृषकों की औसत आय सामान्य रूप से समान रूप से नहीं पाई गई है। प्रत्येक कृषकों की वार्षिक आय अलग-अलग होती है। इस प्रकार जीवन यापन के लिए आय का दायरा जितना अधिक होता है जीवन स्तर उतना बेहतर माना जाता है। जिससे जिससे रोटीए कपड़ा और मकान के साथ-साथ स्वास्थ्य के लिए भी आय का साधन अनिवार्य होता है। इसी दृष्टि से काई वर्ग परीक्षण से परिणाम में सार्थकता पाई गई है अर्थात होने वाली आई उपलब्ध संसाधनों पर निर्भर करती है।

कृषकों की आवासीय स्थिति- व्यक्ति के जीवन जीने के लिए रोटी कपड़ा मकान अति आवश्यक माना गया है इसके बावजूद भी सामाजिक प्रतिष्ठा एवं पहचान के लिए रहने के लिए मकान महत्वपूर्ण होता है। जो व्यक्ति को सामाजिक स्थिति का निर्धारण करता है और व्यक्तिगत पहचान तय करने में मददगार होता है। आवासीय स्थिति के अंतर्गत तीन स्तर पर विभाजित किया गया है। जिसमें पक्का मकान कच्चा मकान एवं अर्थ पक्का मकान इत्यादि के रूप में शामिल किया गया है। जिसकी विवेचना तालिका क्रमांक 07 में स्पष्ट किया गया है-

तालिका क्रमांक 07: कृषकों की आवासीय स्थिति

आवास की स्थिति	आवृत्ति	प्रतिशत
पक्का मकान	90	25.71
अर्द्ध-पक्का मकान	183	52.29
कच्चा मकान	77	22.00
कुल	350	100.00

स्रोत- प्राथमिक समंक df = 3 का 5 प्रतिशत स्तर
X^2=5.99 T> 17.25 सार्थकता
अत: परिणाम में निर्भरता है।

उपर्युक्त तालिका से स्पष्ट है कि कृषकों के आवास की दृष्टि से 25.75 प्रतिशत कृषकों के पक्के मकान पाए गएए 52.29 प्रतिशत कृषकों के अर्द्ध पक्का मकान पाए गए तथा 22.00 प्रतिशत कृषकों के कच्चे मकान पाए गए।

अध्ययन में पाया गया है कि प्रत्येक व्यक्ति के लिए रोटी और कपड़ा के अलावा आवास महत्वपूर्ण साधन होता है जो जीवन स्तर के साथ-साथ सामाजिक पहचान को निर्धारित करता है। सामान्य रूप से कृषकों के आवासीय स्थिति में मिश्रित स्वरूप पाया गया है। इस प्रकार काई वर्ग परीक्षण से परिणामों में सार्थकता पाई गई है अर्थात आवास प्रत्येक व्यक्ति की आवश्यकता होती है।

कृषि भूमि की स्थिति- ग्रामीण जीविका के लिए कृषि भूमि महत्वपूर्ण संसाधन एवं संपत्ति के रूप में शामिल की गई है। इसके बगैर ग्रामीण निवासियों का जीविका का अन्य कोई साधन नहीं होता है। सबसे महत्वपूर्ण पहलू यह है कि कृषकों के द्वारा गैर कृषि क्षेत्र के लिए अनाज और खाद्यान्न की उपलब्धता तय की जाती है। जिससे संपूर्ण समाज भोजन की व्यवस्था की जाती है। इसके अतिरिक्त प्रत्येक कृषकों के पास कृषि भूमि का मापदंड निश्चित नहीं होता है। बल्कि विरासत में प्राप्त संसाधन होता है जिसका उपयोग पारंपरिक रूप से कृषि उपज के उत्पादन के लिए उपयोग में लाया जाता है। सामान्य रूप से कृषकों की अलग-अलग श्रेणी तय की गई है जिसमें प्रथम सीमांत एवं लघु कृषक द्वितीय मध्य कृषक इत्यादि शामिल है। तथा संपन्न कृषक जिनकी भूमि का आकर भी अलग-अलग होता है जिसकी विवेचना तालिका क्रमांक 08 में स्पष्ट की गई है-

तालिका क्रमांक 08: कृषि भूमि मात्रा की स्थिति

कृषि भूमि की मात्रा (एकड़ में)	आवृत्ति	प्रतिशत
2 एकड़ तक	66	18.86
2 से 5 एकड़ तक	79	22.57
5 से 8 एकड़ तक	142	40.57
8 एकड़ से अधिक	38	10.86
कोई उत्तर नहीं	25	7.14
कुल	350	100.00

स्रोत- प्राथमिक समंक df = 4 का 5 प्रतिशत स्तर

X^2= 9.49 T> 34.00 सार्थकता

अत: परिणाम में निर्भरता है।

उपर्युक्त तालिका से स्पष्ट है कि कृषि भूमि की मात्रा की दृष्टि से 18.86 प्रतिशत कृषकों के पास दो एकड़ तकए 22.57 प्रतिशत कृषकों के पास 2 से 5 एकड़ तकए 40.57 प्रतिशत कृषकों के पास 5 से 8 एकड़ तक तथा 10.86 प्रतिशत कृषकों के पास 8 एकड़ से अधिक कृषि भूमि पाई गई है। जबकि 7.14 प्रतिशत कृषकों ने उपलब्ध कृषि भूमि के संबंध में कोई उत्तर नहीं दिया।

अध्ययन में पाया गया है कि पारंपरिक व्यवसाय की दृष्टि से कृषि महत्वपूर्ण संसाधन है। जिन कृषकों के पास जितनी अधिक भूमि होती हैए वे अपने अधिक संपन्न माने जाते हैंए जो उनके सामाजिक पहचान का प्रतीक होता है। काई वर्ग परीक्षण से परिणाम में सार्थकता पाई गई है। अर्थात ग्रामीण परिवारों का मूल व्यवसाय कृषि संसाधन है जो भरण पोषण का प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से संसाधन होता है।

सिंचित भूमि की स्थिति- पारंपरिक रूप से भारतीय कृषि काफी पिछड़े रही है। वर्तमान में शासन की विभिन्न प्रकार की योजना के चलते सिंचाई क्षेत्र का विस्तार एवं विकास किया गया है। फिर भी कई क्षेत्रों में सिंचाई संसाधन के अभाव में पारंपरिक संसाधनों का उपयोग किया जाता है। इसके अतिरिक्त कुआं टयूबबैल नदियां तालाब इत्यादि के रूप में कृषि सिंचाई के स्रोत के रूप में उपयोग में लाया जाता है। जिससे कृषि की पर्याप्त मात्रा में फसल ली जा सके वर्ष में सामान्य तौर पर दो प्रकार की फैसले ली जाती है। खरीफ की फसल एवं रबी की फसल ली जाती है। इसके अतिरिक्त कृषकों के पास उपलब्ध संसाधनों के आधार पर जावद एवं उद्यानिकी रूप में कृषि कार्य किया जाता है। जिसकी विवेचना तालिका क्रमांक 09 में स्पष्ट की गई है-

तालिका क्रमांक 09: सिंचित कृषि भूमि की स्थिति

सिंचित कृषि भूमि की मात्रा (एकड़ में)	आवृत्ति	प्रतिशत
2 एकड़ तक	73	20.86
2 से 3 एकड़ तक	114	32.57
3 से 5 एकड़ तक	95	27.14
5 एकड़ से अधिक	68	19.43
कुल	350	100.00

स्रोत- प्राथमिक समंक df = 3 का 5 प्रतिशत स्तर

X^2=7.82 P 4.40 सार्थकता का अभाव

अत: परिणाम में स्वतंत्रता है।

उपर्युक्त तालिका से स्पष्ट है कि कृषि भूमि के संचित होने की दृष्टि से 20.86 प्रतिशत कृषकों के पास 2 एकड़ तकए 32.57 प्रतिशत कृषकों के पास 2 से 3 एकड़ तकए 27.14 कृषकों के पास 3 से 5 एकड़ तक तथा 19.4 3 प्रतिशत कृषकों के पास 5 एकड़ से अधिक कृषि भूमि सिंचित पाई गई है।

अध्ययन में पाया गया है कि सामान्यत: कृषकों के पास कुल उपलब्ध कृषि भूमि के अनुपात की दृष्टि से सिंचित कृषि भूमि की मात्रा कम पाई गई है। काई वर्ग परीक्षण से परिणाम में सार्थकता का अभाव पाया गया है। अर्थात बेहतर आर्थिक स्थिति को निर्धारित करने में सिंचित कृषि भूमि का महत्वपूर्ण स्थान होता है।

वर्ष में ली जाने वाली फसल की स्थिति- सामान्यत: जिन कृषकों के पास सिंचाई संसाधन पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। वे वर्षा पर आधारित फसलों के अतिरिक्त अन्य विविध प्रकार की फसलें भी प्राप्त करते हैं। वर्षा आधारित खरीफ की फसल के अतिरिक्त रबी जायद एवं उद्यानिकी फसलें भी शामिल है। जिसकी विवेचना तालिका क्रमांक 10 में स्पष्ट की गई है-

तालिका क्रमांक 10: वर्ष में ली जाने वाली फसल की स्थिति

ली जाने वाली फसल	आवृत्ति	प्रतिशत
खरीफ	295/350	84.29
रबी	238/350	68.00
जायद	142/350	40.57
उद्यानिकी	108/350	30.86
औसत	196/350	57.71

स्रोत- प्राथमिक समंक

उपर्युक्त तालिका से स्पष्ट है कि वर्ष में कृषकों द्वारा ली जाने वाली फसल की दृष्टि से 84.29 प्रतिशत कृषकों द्वारा खरीफ की फसल ली जाती हैए 68.00 प्रतिशत कृषकों द्वारा रबी की फसल ली जाती हैए 40.57 प्रतिशत कृषिकों द्वारा जायद की फसल ली जाती है तथा 30.86 प्रतिशत कृषक द्वारा उद्यानिकी फसल ली जाती है इस प्रकार 55.93 प्रतिशत कृषकों द्वारा औसतन फसल ली जाती है।

अध्ययन में पाया गया है कि वर्ष में ली जाने वाली ज्यादातर फसलें पारंपरिक होती हैए जबकि संसाधनों के वर्तमान विकास के कारण वर्ष में पारंपरिक फसल के अतिरिक्त फसल लेने की सुविधा बड़ी है। इस प्रकार उद्यानिकी फसल का चलन भी बढ़ने लगा है।

कृषि कार्य के लिए प्रयुक्त साधन की स्थिति- भारतीय कृषि मूल रूप से पारंपरिक संसाधनों का कृषि कार्य को संचालित करते रहे हैं। जिसके कारण भारतीय कृषकों की आर्थिक दशा काफी कमजोर रही है। वर्तमान में केंद्र एवं राज्य शासन की विविध योजनाओं के तहत् कृषकों को प्रयुक्त संसाधन के लिए सुविधा एवं सहायता उपलब्ध कराई जाती है। जिसमें कृषकों के लिए हल/ ट्रैक्टर मोटर पंप इत्यादि के लिए अनुदान योजना उपलब्ध कराई जाती है। जिससे कृषकों द्वारा आधुनिक तकनीक आधारित कृषि को अपनाने के लिए प्रोत्साहित हो सके। इस प्रकार कृषक वर्ग द्वारा पारंपरिक एवं आधुनिक तथा दोनों प्रकार की तकनीकी संसाधनों का उपयोग किया जाता है। इसकी विवेचना तालिका क्रमांक 11 में स्पष्ट किया गया है-

तालिका क्रमांक 11: कृषि के लिए प्रयुक्त साधनों की स्थिति

साधन	आवृत्ति	प्रतिशत
परंपरागत	136	38.86
आधुनिक	125	35.71
दोनों	89	25.43
कुल	350	100.00

स्रोत- प्राथमिक समंक df = 2 का 5 प्रतिशत स्तर

X^2= 5.99 P 2.95 सार्थकता का अभाव

अत: परिणाम में स्वतंत्रता है।

उपर्युक्त तालिका से स्पष्ट है कि कृषि कार्य में प्रयुक्त संसाधन की दृष्टि से 38.86 प्रतिशत कृषकों द्वारा परंपरागत साधनों का उपयोग किया जाता है तथा 35.71 प्रतिशत कृषकों द्वारा आधुनिक संसाधनों का उपयोग किया जाता है जबकि 25.43 प्रतिशत कृषि को द्वारा दोनों प्रकार के संसाधनों का उपयोग किया जाता है।

अध्ययन में पाया गया है कि वर्तमान में कृषि के क्षेत्र में काफी बदलाव आया है। जिसके चलते पारंपरिक संसाधन के साथ-साथ आधुनिक संसाधनों की उपयोगिता को बढ़ावा दिया जाने लगा है। इस प्रकार का वर्ग परीक्षण की दृष्टि से परिणाम में सार्थकता का अभाव पाया गया है। अर्थात कृषकों द्वारा जिन संसाधनों का उपयोग किया जाता है। उपलब्ध संसाधनों के अनुपात में उपयोग में लाया जाता है।

कृषकों की वित्तीय स्थिति-कृषकों के द्वारा खेती को तैयार करने से लेकर उत्पादित फसल के विपणन तक के दौरान कई प्रकार ०की संभावना बनी रहती है। जिसकी भरपाई नियमित रूप से करनी होती है। इसके लिए स्वयं के पास जमा पूंजी का उपयोग करना होता है या ऋण लेकर इन ों की पूर्ति की जाती है। क्योंकि सामान्य रूप से कृषकों की आर्थिक स्थिति बेहतर नहीं होती है। जिसके चलते उत्पादित फसल के विपणन पर ही निर्भर रहते हैं। जब फसल आती है तो आर्थिक दशा में कुछ बदलाव आता है। अन्यथा सामान्य रूप से आर्थिक संघर्ष ही बना रहता है जिसके लिए ऋण लेना कृषकों की मजबूरी होती है। इस प्रकार कृषि हेतु ऋण लेने की विवेचना तालिका क्रमांक 12 में स्पष्ट किया गया है-

तालिका क्रमांक 12: कृषि हेतु कृषकों द्वारा ऋण लेने की स्थिति

ऋण लेने की प्रवृत्ति	आवृत्ति	प्रतिशत
ऋण लेते हैं	305	87.14
ऋण नहीं लेते हैं	45	12.86
कुल	350	100.00

स्रोत-प्राथमिक समंक df = 1 का 5 प्रतिशत स्तर पर

X^2= 3.84T 55.18 सार्थकता

अत: परिणाम में सार्थकता है।

उपर्युक्त तालिका से स्पष्ट है कि कृषकों को द्वारा ऋण लेने की दृष्टि से 87.14 प्रतिशत कृषकों द्वारा ऋण लिया जाता है तथा 12.86 प्रतिशत कृषकों द्वारा ऋण नहीं लिया जाता है।

अध्ययन में पाया गया है कि कृषि को द्वारा कृषि कार्य के मूल उद्देश्यों को पूरा करने के लिए ऋण लिया जाता है। सामान्य रूप से जिन कृषकों की आर्थिक स्थिति कमजोर होती है जिनकी बचत क्षमता नहीं के समान होती है। वे अपनी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए ऋण प्राप्त करते हैं। काई वर्ग परीक्षण से परिणाम में सार्थकता पाई गई है। अर्थात कृषक अपनी आवश्यकता एवं कृषि कार्य को पूरा करने के लिए ऋण लेते हैं।

कृषि की विपणन प्रक्रिया-कृषि उपज के उत्पादन के पश्चात सबसे महत्वपूर्ण कार्य उपज के विपणन की होती है। जिसे कृषकों द्वारा बाजार में बेचकर अपनी आर्थिक स्थिति को बेहतर बनाने का कार्य किया जाना होता है। कृषि विपणन से आशय उपज बोने से पूर्व की स्थिति से लेकर फसल को विपणन योग्य बनाने या खरीददार तक पहुंचाने की प्रक्रिया को शामिल किया जाता है। सामान्यत: यह देखा गया है कि कृषकों द्वारा फसल की मात्रा के अनुसार विक्रय हेतु तैयार किया जाता है। जिसके लिए अनुकूल मूल्य प्राप्त किया जा सके। प्रत्येक बाजार की उपज के संबंध में परिस्थितियों अलग-अलग होती है। जिसके लिए कृषक द्वारा स्थिति को समझते हुए उपज का विक्रय करना होता है। जिसमें कुछ कृषक अपनी उपज को आर्थिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए अपने गांव में ही विक्रय कर देते हैं। कुछ कृषक उपज को खुले बाजार में विक्रय करते हैं। कुछ कृषक व्यापारी या आढ़तियों को सीधे विक्रय कर देते हैं। परंतु कुछ कृषक अपनी उपज का सही तथा विश्वसनीय मूल्य प्राप्त करने के लिए कृषि उपज मंडी में विक्रय करना उचित समझते हैं। इस प्रकार कृषक द्वारा उपज के विक्रेता के स्थान का निर्धारण करने के लिए स्वयं स्वतंत्र होता है जिसकी विवेचना तालिका क्रमांक 13 में स्पष्ट किया गया है-

तालिका क्रमांक 13:कृषि उपज के विपणन के स्थान की स्थिति

विपणन स्थान की स्थिति	आवृत्ति	प्रतिशत
स्थानीय	37	10.57
खुले बाजार में	74	21.71
कृषि उपज मंडी	194	55.43
व्यापारियों/आढ़तियों	43	12.29
कुल	350	100.00

स्रोत- प्राथमिक समंक df =3 का 5 प्रतिशत स्तर पर

X^2=7.82 T 51.28 सार्थकता

अत: परिणाम में सार्थकता है।

उपर्युक्त तालिका से स्पष्ट है कि कृषि उपज के विपणन की स्थान की दृष्टि से 10.57 प्रतिशत कृषक अपने उपज को स्थानीय स्तर पर बेच देते हैंए 21.71 प्रतिशत कृषक उपज को खुले बाजार में बेचते हैंए 55.43 प्रतिशत कृषक कृषि उपज मंडी में बेचते हैं तथा 12.29 प्रतिशत कृषक व्यापारी या आढ़तियों को बेच देते हैं।

जिन कृषकों की उपज की मात्रा कम होती हैए वह अपनी आवश्यकता को पूरा करने के लिए स्थानीय स्तर पर बेचना पसंद करते हैं। क्योंकि उपज की मात्रा कम होने के कारण परिवहन लागत अधिक होने के कारण स्थान स्तर पर बेचे अधिक पसंद करते हैं। जिन कृषकों के पास उपज की मात्रा अधिक होती है तथा आर्थिक स्थिति बेहतर होती है। वह उपज के बढ़ते मूल्य का इंतजार करते हैं जब उन्हें लगता है कि मूल्य बढ़ा हुआ प्राप्त हो रहा हैए तो बाजार में बेचना पसंद करते हैं। इस प्रकार ज्यादातर कृषक उचित मूल्य प्रति के लिए कृषि उपज मंडी में बेचना पसंद करते हैं। काई वर्ग परीक्षण के परिणाम में सार्थकता पाई गई है। अर्थात कृषक वर्ग अपनी आर्थिक आवश्यकता तथा मूल्य को ध्यान में रखकर उपज का विक्रय करते हैं।

निर्धारित मूल्य पर कृषि उपज के विपणन की स्थिति- प्रतिस्पर्धात्मक बाजार में कृषि उपज के मूल्य के निर्धारण में काफी चुनौतियां होती है। ऐसी दशा में कृषक द्वारा उपज को बेचा जाना है या नहीं। इस स्थिति को ध्यान में रखते हुए निर्णय लेना होता है। कई बार कृषकों की इच्छा अनुसार उपज का

उचित मूल्य नहीं प्राप्त हो पाता है। ऐसी दशा में कृषक अपनी उपज को कम मूल्य पर बेचने के लिए विवश हो जाता है। इसके बावजूद कृषकों को अपनी आर्थिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए उपज को बेचना पड़ता है। इसकी विवेचना तालिका क्रमांक 14 में स्पष्ट किया गया है–

तालिका क्रमांक 14: कृषि उपज के निर्धारित मूल्य पर विक्रय की स्थिति

निर्धारित मूल्य पर विक्रय	आवृत्ति	प्रतिशत
निर्धारित मूल्य पर विक्रय होता है	132	37.72
निर्धारित मूल्य पर विक्रय नहीं होता है	165	47.14
कोई उत्तर नहीं	53	15.14
कुल	350	100.00

स्रोत– प्राथमिक समंक

df = 2 का 5 प्रतिशत स्तर पर
X^2= 5.99T 17.20 सार्थकता
अत: परिणाम में निर्भरता है।

उपर्युक्त तालिका से स्पष्ट है कि कृषि उपज के निर्धारित मूल्य पर किए जाने की दृष्टि से 37.72 प्रतिशत कृषि को के अनुसार कृषि उपज निर्धारित मूल्य पर बेची जाती है तथा 47.14 प्रतिशत कृषकों के अनुसार कृषि उपज निर्धारित मूल्य पर नहीं देख पाती हैए जबकि 15.14 प्रतिशत कृषकों ने कोई उत्तर नहीं दिया है।

अध्ययन में पाया गया है कि कृषकों द्वारा भेजी जाने वाली उपज के संबंध में बाजार की परिस्थितियों पर निर्भर करता है। क्योंकि केंद्र सरकार द्वारा समय–समय पर कृषि उपज के संबंध में न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारित किए जाते हैं। जिससे कृषकों को उनकी उपज का उचित मूल्य प्राप्त हो सके परंतु कृषकों द्वारा अपनी आवश्यकता को पूरा करने के लिए खुले बाजार में कृषि उपज को बेचा जाता है। काई वर्ग परीक्षण से परिणाम में सार्थकता पाई गई है। अर्थात बाजार एवं उपज की परिस्थितियों मूल्य को तय करती है।

कृषि उपज के उचित मूल्य प्राप्ति की स्थिति–कृषि उपज के नीलामी के दौरान मूल्य का निर्धारण किया जाता है जिससे उपज का मूल्य विपणन हेतु अनुबंध किया जाता है क्योंकि कृषि उपज मंडी में लाई जाने वाली उपज की गुणवत्ताा एवं उपलब्धता के आधार पर नीलम की अंतिम बोली के पश्चात जो मूल्य तय होता है उसे मूल्य को अंतिम मूल्य माना जाता है इसके बावजूद कृषकों के लिए कई बार प्राप्त मूल्य उपज के अनुरूप नहीं होता जिसकी विवेचना तालिका क्रमांक 15 में स्पष्ट की गयी है–

तालिका क्रमांक 15: कृषि उपज के उचित मूल्य प्राप्ति की स्थिति

उचित मूल्य	आवृत्ति	प्रतिशत
उचित मूल्य प्राप्त होता है	74	21.14
उचित मूल्य प्राप्त नहीं होता है	141	40.29
कोई उत्तर नहीं	135	38.57
कुल	350	100.00

स्रोत– प्राथमिक समंक

df = 2 का 5 प्रतिशत स्तर पर
X^2= 5.99 T> 6.48 सार्थकता
अत: परिणाम में निर्भरता है।

उपर्युक्त तालिका से स्पष्ट है कि कृषि उपज का उचित मूल्य प्रति की दृष्टि से 21.14 प्रतिशत कृषकों के अनुसार उपज का उचित मूल्य प्राप्त होता है तथा 40.29 प्रतिशत कृषकों के अनुसार उपज का उचित मूल्य प्राप्त नहीं होता हैए जबकि 38.57 प्रतिशत कृषकों ने कोई उत्तर नहीं दिया है

अध्ययन में पाया गया है कि कृषि उपज के उचित मूल्य प्राप्ति के लिए कृषकों द्वारा सतत रूप से प्रयास किया जाता है सामान्यत: कृषि उपज मंडी परिसर में सरकार द्वारा जारी की गई न्यूनतम समर्थन मूल्य की सूची के अनुसार कृषकों को मूल्य का भुगतान किया जाता है। इस प्रकार काई वर्ग परीक्षण की दृष्टि से परिणाम में सार्थकता पाई गई है। अर्थात उचित मूल्य की स्थिति न्यूनतम समर्थन मूल्य के आधार पर तय होती हैए जो कृषकों को भुगतान योग्य माना जाता है।

निष्कर्ष– वर्तमान शोध पत्र के अध्ययन विदिशा जिले की लटेरी कृषि उपज मंडी क्षेत्र तथा राजगढ़ जिले की ब्यावरा कृषि उपज मंडी क्षेत्र के कृषकों पर केंद्रित करते हुए कृषि के क्षेत्र के विकास में योगदान का विस्तार से विश्लेषण किया गया है। जिसमें कृषि उपज मंडी क्षेत्र लटेरी के 150 कृषक तथा कृषि उपज मंडी क्षेत्र ब्यावरा के 200 कृषकों का देव निदर्शन विधि के माध्यम से सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक तथा कृषि संबंधी विभिन्न गतिविधियों के संबंध में कृषि विपणन से संबंधित विविध गतिविधियों तथा विविध पहलुओं को ध्यान में रखते हुए प्रतिक्रिया जानी गई है।

सामान्यत: कृषक वर्ग ग्रामीण क्षेत्रों में निवासित होते हैं। जो पारंपरिक आर्थिक गतिविधियों में शामिल होते हैं। ग्रामीण क्षेत्र का मूल रोजगार कृषि आधारित होता है। जिस पर प्रत्येक निवासियों का जीवन यापन निर्भर रहता है। वर्तमान में परिवर्तन के दौर में अर्थव्यवस्था पर भी प्रत्यक्ष प्रभाव देखा गया है। जिसमें नई–नई तकनीकी के तथा नवाचारों को बढ़ावा दिया जाने लगा है।

कृषकों की आयु अनुभव एवं परिपक्वता की दृष्टि से महत्वपूर्ण मानी जाती है जैसे–जैसे आयु में परिवर्तन होता है वैसे–वैसे सोच एवं समझ में भी बदलाव आता है कृषक वर्ग द्वारा अपनी उपज की विपणन के लिए कृषि उपज मंडी में लाते हैं साथ ही मूल्य परिवर्तन का अधिक ध्यान रखते हैं अर्थात परिवर्तन के साथ–साथ अनुभव और जानकारी के आधार पर कृषि उपज का उत्पादन एवं विपणन करते हैं।

संदर्भ ग्रंथ सूची:–

1. भारत सरकार 'कृषि सांख्यिकी' कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, नई दिल्ली, 2021
2. भारती एवं पांडे 'भारतीय अर्थव्यवस्था' मध्यप्रदेश हिंदी ग्रंथ अकादमी, भोपाल, 2019
3. एस.के. मिश्रा एवं वी.के. पुरी ' भारतीय अर्थव्यवस्था' हिमालय पब्लिशिंग हाउस, मुंबई, 2022
4. एन एल अग्रवाल 'भारतीय कृषि का अर्थ तंत्र' राजस्थान हिंदी ग्रंथ अकादमी, जयपुर, 2018
5. कृष्ण कुमार दमाहिया 'कृषि विकास की समस्या' मित्तल पब्लिकेशंस से नई दिल्ली, 2001
6. रुद्र दत्त एवं सुंदरम 'भारतीय अर्थव्यवस्था' एस चंद्र एंड कंपनी लिमिटेड नई दिल्ली, 2019
7. जिला सांख्यिकी पुस्तिका राजगढ़ जिला, जिला योजना विभाग, राजगढ़, 2021
8. जिला सांख्यिकी पुस्तिका विदिशा जिला, जिला योजना विभाग, विदिशा 2020
9. एस.के. चौधरी मध्यप्रदेश में कृषि विकास के आयाम 2021

10. मध्यप्रदेश कृषि उपज मंडी अधिनियम 1972, मध्य प्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड भोपाल 2005

दैनिक समाचार पत्र पत्रिकाओं की सूची:-

1. दैनिक भास्कर, इंदौर
2. दैनिक भास्कर, भोपाल
3. दैनिक पत्रिका, इंदौर
4. दैनिक नई दुनिया, इंदौर
5. दैनिक जागरण चौथा संसार, इंदौर

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVI, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

IFRS Implementation in INDIA: Opportunities and Challenges

Dr. Neha Bhanadari (Nahar)*

***Assistant Professor, Renaissance College Of Commerce And Management, Indore (M.P.) INDIA**

Abstract - This paper explores the adoption of International Financial Reporting Standards (IFRS) in India, focusing on the opportunities and challenges it presents. IFRS aim to standardize accounting practices globally , ensuring transparency , comparability , and reliability of financial statements. The research discusses the impact for IFRS implementation , its impact on various stakeholders, and the hurdles faced during the transition from Indian GAAP to IFRS – complaint standards (Ind AS).

Introduction - Introduction:-International Financial Accounting Standards (IFRS) , formerly known as International Accounting Standards (IAS) are the standards, Interpretations and Framework for the preparation and presentation of Financial statement adopted by the International Accounting Standard Board (IASB).The Globalization of business and finance necessitates uniform accounting standards.IFRS , developed by the International Accounting Standards Board (IASB) ,serves this purpose. India , with its burgeoning economy and expanding global footprint , has progressively aligned its accounting standards with IFRS through IND AS. This paper investigates the benefits and obstacles of this significant shift in India's accounting framework. On April 1 2001 the new IASB took over the responsibility of setting International Accounting Standards from IASC.IFRS is a set of international accounting and reporting standards that will help to harmonize company financial information , improve the transparency of accounting , and ensure that investors receive more accurate and consistent reports.

Objectives:

1. To study the challenges involved in adopting IFRS in India.
2. To study the benefits of convergence to IFRS.
3. To discuss the utility for India in adopting IFRS.

Literature Review

Chand & White (2007) in their paper on convergence of Domestic Accounting Standards and IFRS, demonstrated that the influence of Multinational Enterprises and large international accounting firms can lead to transfer of economic resources in their favour, wherein the public interests are usually ignored. The study carried out by Callao et al (2007) on financial data of Spanish firms revealed that local comparability is adversely affected if both IFRS and local Accounting Standards are applied in the same country at the same time. The study, therefore calls for an urgent convergence of local Accounting Standards with that of IFRS. Barth et al (2008) in their study of financial data of firms from 21 countries examined whether application of IAS/IFRS is associated with higher accounting quality. The findings of the study confirmed that firms applying IAS/IFRS evidence less earnings management, more timely loss recognition and more relevance of accounting numbers. The study also found out that the Firms applying IAS/IFRS experienced an improvement in accounting quality between the pre-adoption and post adoption period. Referring to a study carried out by Audit Integrity, Steffee (2009) in his article concluded that there are considerable differences in the approaches taken to implementing IFRS by individual Western European countries and companies. He viewed that corporations in Luxembourg, Austria and Switzerland demonstrate the most transparent accounting practices and best corporate governance, while European Banks with large - capitalizations display very aggressive Accounting and PoorGovernance Standards. Elena et al (2009) in their article dealing with the issues of convergence between US Generally Accepted Accounting Principles (GAAP) and IFRS were of the opinion that the adoption of IFRS in the USA undoubtedly would mark a significant change for many US companies. It would require a shift to a more principles based approach, place for greater reliance on management (and auditor) judgment, and spur major changes in company processes and systems. Ali &Upstanding (2009) in their paper on development process of Financial Reporting Standards around the World and its practical results in a developing country, Turkey. They observe that Turkey has encountered several complications in adaption of IFRS such as complex structure of the International standards,

potential knowledge shortfalls and other difficulties in application and enforcement issues. Epstein (2009) in his article on Economic Effects of IFRS adoption emphasized on the fact that universal financial reporting standards will increase market liquidity, decrease transaction costs for investors, lower cost of capital and facilitate international capital formation and flows. Chen et al (2010) in their study of financial data of publicly listed companies in 15 member states of European Union (EU) before and after the full adoption of IFRS in 2005 found that the majority of Accounting Quality indicators improved after IFRS adoption in the EU. They found that there is less of managing earnings towards a target, a lower magnitude of absolute discretionary accruals and higher accruals quality. The study also showed that the improved accounting quality is attributable to IFRS, rather than changes in managerial incentives, institutional features of capital markets and general business environment. Devalle et al (2010) concluded that with adoption of IFRS by 3721 firms listed on 5 European Stock Exchanges, influence of earning on share price increased. As evident from the literature review, good number of studies carried out in different countries have highlighted the benefits of having single set of financial reporting standards across the globe. Few of the studies have also brought out the procedural aspects of implementation of IFRS. Some of the studies have given a contradictory view wherein the articles talk about the difficulties and complications faced in implementing IFRS. Challenges involved in adopting IFRS in India: Adopting International Financial Reporting Standards (IFRS) in India involves several challenges. These challenges stem from differences in the existing Indian accounting framework, the complexity of IFRS itself, and the readiness of stakeholders. Here are the key challenges:

1. Regulatory and Legal Framework

Regulatory Harmonization: Aligning Indian laws, regulations, and standards with IFRS requirements can be complex. Indian standards (Ind AS) need to be updated to be fully compliant with IFRS.

Tax Implications: The impact of IFRS on tax reporting and computation needs careful consideration, as IFRS adoption may affect profit calculations and thus tax liabilities.

2. Technical and Operational Challenges

Complexity and Interpretation: IFRS standards are often more complex than existing Indian Accounting Standards (Ind AS). This complexity can lead to varied interpretations and application inconsistencies.

System and Process Changes: Significant changes may be required in financial reporting systems, processes, and controls to accommodate IFRS requirements. This includes updating IT systems and software.

3. Training and Education

Skill Gaps: There is a need for extensive training and capacity-building among accounting professionals, auditors, and regulators to understand and implement IFRS.

Awareness: General awareness and understanding of IFRS among the business community need to be enhanced.

4. Costs

Implementation Costs: The transition to IFRS can be costly, involving expenses related to training, consulting, system upgrades, and ongoing compliance.

Increased Reporting Costs: Continuous compliance with IFRS requires more detailed disclosures, which can increase the cost of financial reporting.

5. Stakeholder Readiness

Corporate Readiness: Companies, especially small and medium enterprises (SMEs), may find it challenging to adopt IFRS due to limited resources and expertise.

Investor and Analyst Familiarity: Investors and analysts need to be educated about IFRS to interpret financial statements accurately.

6. Consistency and Comparability

Comparative Reporting: During the transition period, companies may face difficulties in providing comparable financial statements, which can affect trend analysis and investor confidence.

Industry-Specific Issues: Certain industries may face unique challenges in adopting IFRS due to industry-specific accounting treatments.

7. Transitional Issues

First-Time Adoption: The initial transition to IFRS involves restating previous financial statements, which can be complex and time-consuming.

Transitional Provisions: Companies must navigate various transitional provisions and exemptions provided under IFRS 1 (First-time Adoption of International Financial Reporting Standards).

8. Cultural and Behavioral Change

Change Management: Shifting to a new accounting framework requires a cultural change within organizations. Resistance to change and inertia can be significant hurdles.

Judgment and Estimates: IFRS requires more use of judgment and estimates, which can be challenging for professionals used to a more rule-based approach.

Strategies to Address Challenges

Robust Planning: Develop a comprehensive transition plan that includes a timeline, resource allocation, and milestones.

Training Programs: Implement extensive training programs for all stakeholders involved in financial reporting.

Technical Support: Engage consultants and experts to provide technical support during the transition.

Phased Implementation: Consider a phased approach to implementation to manage the transition more effectively.

Stakeholder Communication: Maintain transparent communication with stakeholders throughout the transition process.

Addressing these challenges effectively requires a coordinated effort between regulatory bodies, professional accounting organizations, businesses, and educational

institutions.

Benefits of convergence to India

Converging to International Financial Reporting Standards (IFRS) in India offers several significant benefits. These benefits span from improved financial transparency and comparability to enhanced investor confidence and better access to global capital markets. Here are the key benefits:

1. Enhanced Financial Transparency and Comparability

Uniform Standards: Adoption of IFRS brings uniformity in financial reporting, making it easier to compare financial statements across different companies and countries.

Better Understanding: Investors, analysts, and other stakeholders can better understand financial statements prepared under a globally recognized framework.

2. Improved Investor Confidence

Credibility: Financial statements prepared under IFRS are perceived as more credible and reliable, enhancing investor confidence.

Reduced Information Asymmetry: Consistent and transparent financial reporting reduces information asymmetry between company management and investors.

3. Access to Global Capital Markets

Cross-Border Listings: Companies adopting IFRS are better positioned to list their shares on international stock exchanges, facilitating easier access to global capital.

Attracting Foreign Investment: Global investors are more likely to invest in companies with financial statements that are comparable to those of companies in their home countries.

4. Cost Efficiency for Multinational Corporations

Simplified Reporting: Multinational corporations with subsidiaries in multiple countries can streamline their financial reporting processes by using a single accounting framework.

Reduced Compliance Costs: Over time, adopting a single set of global standards can reduce the costs associated with maintaining multiple accounting systems.

5. Enhanced Economic Integration

Global Trade: IFRS adoption facilitates economic integration and cooperation by providing a common financial language, promoting smoother international trade and investment.

Regulatory Alignment: Aligning with global standards helps in harmonizing regulatory requirements with those of other countries, simplifying cross-border business operations.

6. Improved Corporate Governance

Higher Standards: IFRS emphasizes transparency, disclosure, and accountability, leading to better corporate governance practices.

Stakeholder Trust: Enhanced corporate governance fosters trust among stakeholders, including investors, employees, and regulators.

7. Economic Benefits

Attracting Global Talent: Companies with high standards of financial reporting and corporate governance are more attractive to global talent.

Boosting Economic Growth: Increased foreign investment and better access to capital can drive economic growth and development.

8. Facilitating Mergers and Acquisitions

Simplified Valuation: A common accounting framework simplifies the valuation process in mergers and acquisitions, making it easier for companies to evaluate potential deals.

Reduced Due Diligence Costs: Standardized financial statements reduce the time and cost associated with due diligence.

9. Improvement in Financial Reporting Quality

Principle-Based Standards: IFRS is more principle-based compared to the rule-based Indian GAAP, leading to higher quality and more meaningful financial reports.

Better Risk Management: Enhanced disclosures and transparency under IFRS aid in better risk assessment and management.

10. Alignment with International Practices

Global Best Practices: Adoption of IFRS aligns India's accounting practices with global best practices, fostering a modernized and robust financial reporting environment.

Regulatory Efficiency: Regulators benefit from a streamlined and consistent regulatory framework that is easier to manage and enforce.

11. Long-Term Economic Integration

1. Aadhaar: The Biometric Identification System: Aadhaar – Policy Objectives and Impact TheAadhaar number allocation based on biometric identity was conceived as the world's largest identification system with the singular policy objective of enhancing the deliverables of government services and curbing fraudulent practices (UIDAI, 2023). Nonetheless, it was marred with controversy because of privacy, data integrity and informational misuse among the public (Khanna, 2018). The people of India were never informed properly by the government about how Aadhaar would be implemented which denied them trust and empowered the courts (Supreme Court of India, 2018). Subsequent attempts at recovering user privacy rights and highlighting the system's capability of delivering social welfare programs have helped in recovering some measure of trust (Bhatia, 2020).

2. Demonetization: In November 2016, the Indian government claimed that it sought to eliminate the black money and corruption by replacing the 500 and 1000-rupee notes with the new series of 500 and 2000-rupee notes (Ministry of Finance, 2016). Despite being backed by some of the citizens in the early years, it-received criticism by the harshest measures of the regular civilian struggling to earn to make ends meet especially the informal sector (Das, 2017). Lack of adequate planning and communication in relation to the policy was a major cause for the public's disappointment and reduced trust (Ghosh, 2017).

3. COVID-19 Pandemic Response: The measures taken by the Indian government regarding COVID-19 pandemic were received with positive and negative feedbacks of the society at first. Thus, though the measures, such as the nationwide lockdown, proved effective in slowing down the virus's spread, their sudden implementation and absence of sufficient assistance to the affected groups led to severe economic losses and social turmoil (Ray et al., 2020). But subsequent actions of the governments to increase the vaccination drive and offering various relief packages among other things, have gradually assisted in the rebuilding of some trust (Government of India, 2021).

These case studies help to understand the multifaceted nature of factors that affect the level of trust of the population in India. Although the measures are proclaimed by

governments as rather helpful, their outcomes critically depend on such aspects as the information disseminating strategy and the respect for the citizens' concerns.

Strategies for Restoring Public Trust in India: Rebuilding and sustaining public trust in government institutions in India requires a multi-faceted approach that addresses the root causes of distrust and fosters a culture of transparency, accountability, and responsiveness. Rebuilding and sustaining public trust in government institutions in India requires a multi-faceted approach that addresses the root causes of distrust and fosters a culture of transparency, accountability, and responsiveness:

Table 1 (see in next page)

1. **Strengthening Anti-Corruption Efforts:** There is the need to escalate the anti-corruption crusade in India at all tiers of leadership. These measures range from improving the capabilities of the anti-corruption agencies, enhancing the protection of the whistleblowers, and ensuring that there are efficient and politically unrelated probes and trials (Transparency International, 2023).
2. **Improving Service Delivery:** This means that improving the quality as well as effectiveness of public services for instance health, education and physical infrastructure is Fleixible as a way of rebuilding confidence (Planning Commission, 2012). This includes reducing wasteful bureaucratic procedures, implementing technology and innovative solutions, and emphasizing on clients' or citizens' oriented perspectives.
3. **Enhancing Transparency and Accountability:** The Indian government should keep on with the advocacy to increase transparency in decision making, expenditure, and purchasing (Peisakhin& Pinto, 2010). These strategies of widening the coverage of the Right to Information Act and using technology in giving out information helps put power back into the hands of the citizens and creates trust.
4. **Promoting Inclusive Governance:** Overcoming difficulties and responding to wants and concerns of violated and discriminated populace subsets is central to gain its trust from each segment in the Indian society (Beteille, 2003). This entails policy measures that aim at increasing the social and economic equity, striving for affirmative action, equal chances, and opportunities, and taking measures to correct previous wrongs.
5. **Building Political Consensus and Collaboration:** Trust in India: Trust building process needs political leaders to positively engage in dialogue, achieve consensus on tremendous issues, and they have to work in tandem across party divide in a large diversed country like India (Jayal, 2013). It could also act as the means toward the de-polarization of the political process and the attainment of a cultured consensus about the nation's that is needed for the future.
6. **Leveraging Technology:** Digital governance has further been identified as a growing trend in the Indian context giving frameworks opportunities to offer better, more transparent services, effectively manage change, and integrate citizens in governance over processes (Bhatia, 2020). The other areas that involve feedback mechanisms, grievance redressal, and consultations using the available digital platforms can make citizens to feel part of the decision-making process, hence increasing trust.

Conclusion: The Indian people have precious little faith in their government institutions as it is and it must be preserved. Thus, the Indian government may regain the citizens' trust by combating the sources of distrust, increasing the effectiveness of accountability systems, improving the quality of provided services, as well as encouraging the policy of inclusive governance. It is the long and gradual process of constructing and maintaining trust through work, flexibility, and understanding of the Indian people needs and wants. This suggests that a government that receives and sustains the confidence of the people is in a better position to tackle the nation's problems, promote unity and cohesion as well as work towards the advancement of the social well-being of its people.

References:-

1. **Beteille, A. (2003).***Equality and Universality: Essays in Social and Political Theory*. Oxford University Press.
2. **Bhatia, A. (2020).** India's Aadhaar: Biometric ID, Big Data, and the Digital Welfare State. *World Development*, *127*, 104757.
3. **Chhibber, P., &Nooruddin, I. (2004).** Do Party Systems Count? The Number of Parties and Government Performance in the Indian States. *Comparative Political Studies*,*37*(2), 152-187.
4. **Das, G. (2017).**Demonetisation and its Impact on the Indian Economy. *Economic and Political Weekly*, *52*(8), 10-13.
5. **Drèze, J., & Sen, A. (2013).***An Uncertain Glory: India and its Contradictions*. Allen Lane.
6. **Ghosh, J. (2017).**Demonetisation and the Crisis of Legitimacy. *Economic and Political Weekly*, *52*(5), 15-18.
7. **Government of India. (2021).***COVID-19 Vaccination in India: Progress and Challenges*. Ministry of Health and Family Welfare.
8. **Guiso, L., Sapienza, P., &Zingales, L. (2004).** The Role of Social Capital in Financial Development. *American Economic Review*, *94*(3), 526-556.
9. **Jayal, N. G. (2013).***Citizenship and Its Discontents: An Indian History*. Harvard University Press.
10. **Jeffery, R. (2016).***India's Newspaper Revolution: Capitalism, Politics and the Indian-language Press 1977-99*. Oxford University Press.
11. **Khanna, T. (2018).**Aadhaar: A Biometric History of India's 12-Digit Revolution. *Foreign Affairs*, *97*(6), 118-130.
12. **Kohli, A. (2012).***Poverty Amid Plenty in the New India*. Cambridge University Press.

13. **Krishna, A. (2011).***Democracy in India: Challenges and Opportunities*. Oxford University Press.
14. **Levi, M. (1998).***Of Rule and Revenue*. University of California Press.
15. **Ministry of Finance. (2016).***Withdrawal of Legal Tender Character of Existing ₹ 500 and ₹ 1000 Notes: Rationale and Impacts*. Government of India.
16. **Newton, K., & Norris, P. (2000).** Confidence in Public Institutions: Faith, Culture, or Performance? In S. J. Pharr & R. D. Putnam (Eds.), *Disaffected Democracies: What's Troubling the Trilateral Countries?* (pp. 52-73). Princeton University Press.
17. **Peisakhin, L., & Pinto, P. M. (2010).** The RTI Act: Public Information as a Tool for Citizen Empowerment. *Economic and Political Weekly*, *45*(31), 54-62.
18. **Planning Commission. (2012).***Twelfth Five Year Plan (2012-17): Faster, More Inclusive and Sustainable Growth*. Government of India.
19. **Ray, D., Subramanian, S., & Subramanian, K. (2020).** India's Lockdown: An Interim Report. *Centre for Economic Policy Research*.
20. **Supreme Court of India. (2018).***Justice K. S. Puttaswamy (Retd) v. Union of India &Anr.* Writ Petition (Civil) No. 494 of 2012.
21. **Transparency International. (2023).***Corruption Perception Index 2022: India*.
22. **UIDAI. (2023).***Aadhaar: Empowering Residents of India*. Unique Identification Authority of India.

Table 1: To give a name to the theory, one could call it Simple System Model of Political Trust and Behaviour since it is a system where one element affects the other element.



****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVI, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

मेवाड़ के आवासीय दुर्ग का स्थापत्य और क्रमिक विकास

खुशबू गायरी*

* छात्रा (इतिहास) मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर (राज.) भारत

शोध सारांश – राजस्थान का गौरव ऐतिहासिक चित्तौड़गढ़ का दुर्ग जो कि मौरी जाति के शासक चित्रांग मौर्य द्वारा सर्वप्रथम इसकी नीव रखी गई।जो अपने सामरिक महत्व के कारण समय पर विभिन्न शासकों के अधीन रहने के बाद भी अडिग रहा है।उक्त लेख में इस दुर्ग के क्रमिक विकास व स्थापत्य पर प्रकाश डाला गया है।स्थापत्य की दृष्टि से ऐसा दुर्ग है जहां पर पानी की कमी अकाल पड़ने पर भी नहीं होती है तथा किले के अंदर ही खेती की जा सकने के कारण खाद्यान्न का अभाव विकट युद्ध के समय भी संभव नहीं था। अत: इस दुर्ग में लंबे समय तक युद्ध में गिरे रहने पर भी अपने खाद्यान्न व जल की आपूर्ति दुर्ग के अंदर से ही की जा सकती थी।इसी सामरिक महत्व के कारण यह दुर्ग अनेक बार शत्रुओं के युद्ध का शिकार हुआ व अपने वीर पुत्रो व वीरांगनाओं के प्राणों की आहुति दी है, जिनकी वीरता, पराक्रम,साहस व शौर्य की कहानी आज भी यहां पर बने स्मारक बता रहे है।

शब्द कुंजी – महत्व, स्थापत्य, विकास।

प्रस्तावना – एशिया के सबसे बड़े दुर्ग के रूप में प्रसिद्ध दुर्गों का सिरमौर, तीर्थस्थल की रेणुका चितौड़गढ़ का दुर्ग समुद्र तट से 1850 फूट की ऊंचाई लगभग तीन मील लंबा और आधा मील चौड़ा मैसा के पठार पर स्थित है। जो चारो ओर मैदान से घिरी हुई पहाड़ी है जिस पर यह किला स्थित है।आसपास के मैदान से इसकी ऊंचाई 500 फूट है।मछली की आकृती में बना यह दुर्ग बेड़च व गंभीरी नदी के किनारे स्थित है।इस दुर्ग में धांवन दुर्ग को छोड़कर अन्य सभी विशेषताएं पाई जाती हैं। सर्पिलाकर मार्ग पर दिल्ली से मालवा गुजरात मार्ग पर यह दुर्ग स्थित है। यह दुर्ग अपने पराक्रम,वीरतापूर्ण गाथाओं और जौहर के किस्सों के साथ अपने स्थापत्य के लिए भी जाना जाता है जहां पर महल, मंदिर, बस्ती आदि के खंडहर है।

मौरी/मौर्य शासक – दंत कथा के अनुसार यह किला महाभारत काल में भी विद्यमान था यहां बना हुआ पानी का कुंड भीमलत कुंड के नाम से विख्यात है जिसे पांडव भीम से जोड़ कर बताया गया।परन्तु कर्नल जेम्स टॉड की पुस्तक में उद्धत वि.स.770 के शिलालेख के अनुसार यह प्रमाणित होता है की मौरि जाति के शासक भीम से 'भीमलत' कुंड के निर्माण से जोड़ना अधिक सही प्रतीत होता है। स्रोत: राजस्थान का इतिहास – गोपीनाथ शर्मा पृ. सं. 449

कर्नल टॉड की पुस्तक में उद्धत शिलालेख में मौर्य शासकों की वंशावली के अनुसार भीम का उत्तराधिकारी चित्रांगद, मौर्य था। चित्तौड़ का किला मौर्य जाति के राजा चित्रांग ने बनवाया व अपने नाम पर इसका नाम चित्रकूट रखा था,चित्तौड़ उसी का अपभ्रंश रूप है। स्रोत: वीरविनोद –श्यामलदास पृ. सं. 82

गोपीनाथ शर्मा के अनुसार 'चित्रांग ने एक तालाब भी बनवाया जो की चित्रांगमोरी नाम से जाना जाता है।'

कुकडेश्वर शिलालेख विक्रम संवत 811 में यह प्रमाणित होता है कि यहां पर कुकड़ेश्वर मौर्य नामक मौर्य शासक का शासन भी रहा था। किले के पश्चिम में कुकड़ेश्वर महादेव का मंदिर का बना हुआ है।

स्रोत – विकिपीडिया

बापा रावल – विक्रम संवत आठवीं शताब्दी के अंत में मेवाड़ के गुहिल वंशी राजा बापा (कालभोज) ने राजपूताने पर राज्य करने वाले मौर्य वंश के अंतिम राजा मान से यह किला हस्तगत किया। इसी अवसर पर बापा रावल की उपाधि धारण की। नागदा में इनका देहांत हुआ। स्रोत: उदयपुर राज्य का इतिहास– गौरी शंकर हीराचंद ओझा पृ. सं. 45, राजस्थान के राजवंशों का इतिहास –रोहित कुमार तंवर पृ. सं. 87

प्रतिहरों ने मौर्य से चित्तौड़ ले लिया हो और देवपाल प्रतिहार को प्राप्त कर अल्लट उसका अधिकारी हुआ और मालवा में परमार मुंज ने गुहिलों को पराजित कर अपने राज्य में मिला लिया। विक्रम संवत 12वीं सदी के अंत में गुजरात के सोलंकी राजा सिद्धराज ने परमारो से मालवा छीना तब यह दुर्ग भी सोलंकिया के अधिकार में चला गया।डॉ. दशरथ शर्मा जैत्र सिंह को मेवाड़ का प्रथम विजेता मानते हैं। स्रोत: राजस्थान का इतिहास– गोपीनाथ शर्मा पृ. सं. 450, कुमारपाल का शिलालेख

अलाउद्दीन खिलजी – अलाउद्दीन खिलजी द्वारा 1303 में चित्तौड़ विजय के बाद यह दुर्ग अपने पुत्र खिज्र खां को सौंपा जिसने चित्तौड़ के भग्नावशेषों पर गंभीरी नदी को पार करने के लिए पुल का निर्माण करवाया। आज भी

इसमें अनेक मूर्तियां और मंदिरों के पाषाण स्तंभ खंड और प्रशस्तियों के टुकडे देखे जा सकते हैं। नदी का जल बहाने के लिए इस पुल पर 10 मेहराब बने हैं, जिसमें से 9 के ऊपर के सिरे नुकीले और नदी के पश्चिम तट से छठे के अग्रभाग अर्द्ध वृताकार है। इस पुल के दसवीं मेहराब में समर सिंह के समय के लेख है जिसका आशय है कि रावल समर सिंह ने अपनी माता जयतली देवी के श्रेय के निर्मित पौधेशाला के लिए भूमि दी। स्रोत: उदयपुर राज्य का इतिहास- गौरी शंकर हीराचंद ओझा पृ. सं. 46, राजस्थान का इतिहास- गोपीनाथ शर्मा पृ. सं. 450- 51 व समद्धीश्वर लेख 1428

महाराणा मोकल –मेवाड़ के सिसोदिया वंश के शासक महाराणा मोकल ने भी चित्तौड़ दुर्ग के निर्माण में अपना योगदान देने में पीछे नहीं रहे। मोकल के द्वारा चित्तौड़ के प्रसादो के निर्माण,सुवर्ण तुलादान, द्वारकाधीश का मंदिर आदि बनाने में योगदान है। मोकल ने समाधिश्वर महादेव का मंदिर विक्रम संवत 1485 में बनवाया। मालवा के शासक भोज द्वारा निर्मित त्रिभुवननारायण का मंदिर का जीर्णोद्धार 1428 में मुगल द्वारा कराया गया मूर्तिकला और जनजीवन की 13वीं सदी की झांकी के लिए यह मंदिर अद्वितीय है। स्रोत: समाधिश्वर शिलालेख, राजस्थान का इतिहास- गोपीनाथ शर्मा पृ. सं. 452 व वीरविनोद- श्यामलदास पृ. सं. 83

महाराणा कुम्भा –मेवाड़ के महान शासक महाराणा कुंभा का स्थापत्य में योगदान अविस्मरणीय है कुम्भा का काल स्थापत्य युग का स्वर्ण काल के नाम से जाना जाता है। महाराणा कुंभा को चित्तौड़ दुर्ग का आधुनिक निर्माता कहा जाता है।कुंभा ने चित्तौड़ के अधिकांश वर्तमान भाग का निर्माण करवाया है। कुंभा ने मेवाड़ के 84 में से 32 दुर्गों का निर्माण अकेले कुंभा ने करवाया है।

विजय स्तम्भ – विजय स्मारक के रूप में विख्यात विजय स्तंभ का निर्माण कुम्भा ने मालवा के शासक पर विजय की स्मृति में करवाया था। यह स्तंभ भारतीय मूर्ति कला का विश्वकोष, हिंदू देवी देवताओं का अजायबघर और विष्णु स्तंभ भी कहा जाता है। यह राजस्थान पुलिस और राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के प्रतीक रूप में शामिल है।

मुद्रा शास्त्री अंतर्राष्ट्रीय ख्याति के विद्वान प्रोफेसर एस.के.भट्ट ने स्तंभ की 9 मंजिलों का सचित्र उल्लेख करते हुए कहा की 'राजनीतिक विजय के प्रतीक स्तंभ के रूप में मीनारे बनाई जाती है जबकि यहां प्रत्येक तल में धर्म और संस्कृति के भिन्न-भिन्न आयामों को प्रस्तुत करने के लिए भिन्न-भिन्न स्थापत्य शैलियों अपने जाती है।'

कीर्ति स्तंभ – चित्तौड़ का कीर्ति स्तंभ तो संसार के अद्वितीय कृतियों में से एक है। इसका एक एक पत्थर पर उनके शिल्पानुराग वैदुष्य और व्यक्तित्व की छाप है ।कीर्ति स्तंभ और महलों के पूर्वी सीमा पर कुंभ स्वामी मंदिर बनवाया।

कुंभा ने रामपोल, जौड़न पोल,गणेश पोल,हनुमान पोल यह चार नए दरवाजा का निर्माण करवाया। स्रोत: राजस्थान का इतिहास- गोपीनाथ शर्मा पृ. सं. 452- 53, वीरविनोद- श्यामलदास पृ. सं. 82,'राजस्थान का गौरव है चित्तौड़ दुर्ग' दैनिक जागरण मूल से 6 फरवरी 2017 को पूरालिखित व कीर्ति स्तंभ प्रशस्ति

महाराणा रायमल – मेवाड़ के महाराणा रायमल के समय गोमुख नामक झरना व हौज की सीढ़ियो से उतरते समय दाहिनी तरफ गुफा के रूप में एक छोटी सी मठी का निर्माण जैनियों द्वारा कराया गया। अद्भुत जी का मंदिर भी महाराणा रायमल के समय बना। स्रोत: वीरविनोद – श्यामलदास पृ. सं. 83, व उदयपुर राज्य का इतिहास – गौरी शंकर हीराचंद ओझा पृ. सं. 48

महाराणा उदय सिंह द्वितीय –मेवाड़ के महाराणा उदय सिंह की महारानी झाली द्वारा एक बावड़ी का निर्माण करवाया गया जिसे 'झालीबाब' नाम से जाना जाता है। स्रोत: वीरविनोद- श्यामलदास पृ. सं. 84

महाराणा जगत सिंह प्रथम – 1615 में जहांगीर के साथ हुई संधि में निश्चित हुआ था कि चित्तौड़ की मरम्मत नहीं करवाई जाएगी। परंतु 50 वर्ष पश्चात जगत सिंह प्रथम द्वारा चित्तौड़ मरम्मत कार्य आरंभ कर दिया गया। जिसे शाहजहां ने सेना भेजकर रुकवा दिया। स्रोत: राजस्थान के राजवंशों का इतिहास –रोहित कुमार तंवर पृ. सं. 94

महाराणा सज्जन सिंह – महाराणा सज्जन सिंह ने पद्मिनी महल और तालाब का जीर्णोद्धार करवाया। भैरव पोल को महाराणा ने सड़क की मरम्मत करवाते समय गिरवा दिया क्योंकि वह पहले से ही क्षतिग्रस्त होकर गिर गया था बस दोनों तरफ की शाखाएं बची हुई थी जो रास्ता चौड़ा करने के लिए गिरा दिए गए थे। कुंभा के पुराने राजमहलों के भग्नावशेषों के जिर्णोद्धार का कार्य आरम्भ किया गया। स्रोत:उदयपुर राज्य का इतिहास –गौरी शंकर हीराचंद ओझा पृ. सं. 52, वीरविनोद –श्यामलदास पृ. सं. 82

महाराणा फतेह सिंह – मेवाड़ के महाराणा फतेह सिंह ने जो कार्य सज्जन सिंह से अधूरा रह गया उसे पूरा करवाया। चित्तौड़ के जैन कीर्ति स्तंभ की मरम्मत कार्रवाई चित्तौड़ दुर्ग में नए महल बनवाए । चित्तौड़ में फतेह प्रकाश महल का निर्माण करवाया जो कि अंग्रेज रेजिडेंट के गेस्ट हाउस के रूप में उपयोग किया जाता था। स्रोत:उदयपुर राज्य का इतिहास –गौरी शंकर हीराचंद ओझा पृ. सं. संख्या 759

स्थापत्य–'गढ़ तो चित्तौड़ बाकी सब गढ़या' अनिरूद्ध की की कहावत चित्तौड़गढ़ के दुर्ग पर सटीक तरीके से उतरती है।यह दुर्ग 700 एकड़ में फैला हुआ राजपूत शैली का नमूना माना जाता है।

पाइनपोल – रेलवे स्टेशन से किले की तरफ बढ़ने पर खिज़ खा द्वारा निर्मित पुल मिलता है जिससे आगे बढ़ने पर दुर्ग का प्रथम द्वार पाडनपोल के बाहर की ओर चबूतरा बना हुआ है।

भैरवपोल – पाडनपोल के बाद भैरव पोल आती है जहां पर दो महान वीर योद्धा जयमल और कल्ला राठौड़ की छतरियां बनी हुई है। इसके पश्चात् गणेश पोल,लक्ष्मण पोल और जोड़ना पोल आती है जो इतनी सुदृढ़ दीवारों से निर्मित है कि बिना फाटक तोड़े किले पर अधिकार करना संभव नहीं है।जोड़ना पोल के सकरे मोर्चे पर शत्रु सेना आसानी से रोकी जा सकती है। यहां की उंचाई घुमाव और सकरापन मध्ययुगीन सैनिक सुरक्षा के लिए खास साधन था। इसके बाद रामपोल पश्चिम प्रवेश द्वार से समतल स्थिति आती है जहां पर वीर पत्ता कि स्मारक बनी हुई है। स्रोत: राजस्थान का इतिहास –गोपीनाथ शर्मा पृ. सं. 451,वीरविनोद- श्यामलदास पृ. सं. 82

कुंभा महल – त्रिपोलिया द्वार से विभिन्न दर्शनीय स्मारक दिखाई पड़ते हैं, जैसे- पुराने राजमहल, निजी सेवा का बाण माता मंदिर, कुंभा का जनाना और मर्दाना महल, कोठार, शिलालेख, राजकुमारों के प्रसाद आदि प्रमुख हैं जिन्हें कुंभा महल के नाम से जाना जाता है। कुंभा महल में बनी सुरंग को पद्मिनी का जौहर स्थान बताया जाता है। कुंभा महल के नीचे के महलों का कुछ भाग कुछ कुंभा के समय से पहले के बने हुए थे ।जिसके खंडहर अब सफाई व खुदाई से निकल आए हैं। जिससे यह अंदाजा लगाया जाता है कि कुंभा ने इन्हीं पुराने महलों पर ही नए महल बनवा दिए हो जहां छोटे-छोटे

शिवालय व चबूतरे मिलते हैं जो जौहर होने के स्थान के प्रमाण देते हैं जहां हुई खुदाई इसको और स्पष्ट करती है। चित्तौड़ का राजभवन भी तत्कालीन समय के उच्च वर्गीय समाज के लोगों के जीवन पर प्रकाश डालता है।

कीर्ति स्तंभ – 9 मंजिला कीर्ति स्तंभ अपने आप में अद्धितीय है। कुंभा द्धारा निर्मित इस स्तंभ को आरंभ में 'भाक्षी' नामक स्थान पर रखा गया।इस स्तंभ की सबसे प्रमुख विशेषता यह है कि प्रत्येक मूर्ति पर नामांकन दिया गया है मूर्ति के अस्त्र–शस्त्र या मूर्ति पर अन्य चिन्ह से समझने में आसानी होती है। सबसे ऊपरी मंजिल पर चार शिलालेख की ताके पाई गई है।जिनमे दो शिलाएं प्राप्त है। इसी स्तंभ पर बनी मूर्तियों से सामाजिक जीवन पर प्रकाश डाला जा सकता है, यह निर्माण कार्य जैता सूत्रधार के द्धारा किया गया है।

कीर्ति स्तंभ से आगे सामंतों के आवास व उनकी भौतिक सुविधाओं पर झांकी डालती जयमल की हवेली स्थित है। इससे आगे पद्मिनी के महल आते हैं जो नए बन गए हैं फिर भी कुछ खंडहरों के अवशेष तत्कालीन समय के स्थापत्य के साक्षी बने हुए हैं। यहां जैन कीर्ति स्तंभ भी बना हुआ है जो कि जीजा द्धारा निर्मित करवाया गया था। स्रोत: राजस्थान का इतिहास– गोपीनाथ शर्मा पृ. सं. 451– 52,चित्तौड़ का आर्कियोलॉजिकल सर्वे 2007

दुर्ग के जलाशय – जलाशय की दृष्टि से भी यह दुर्ग अपना महत्व बनाए हुए है यहां 84 जलाशय बने हुए है जिनमे से जिनमें से 12 वर्ष भर भर रहते हैं। जैसे – पद्मिनी तालाब इसका जीर्णोद्धार महाराणा सज्जन सिंह के द्धारा करवाया गया था।रत्नेश्वर तालाब दुर्ग के उत्तर की ओर स्थित है इसके ऊपरी ओर हिंगोला आडा का महल विद्यमान है। राठौड़िया तालाब हंगोला आडा के महल के पीछे की ओर स्थित है। कुंभासागर तालाब कुकडेश्वर महादेव के मंदिर के दक्षिण में 'भीमगोड़ी' नाम से गहरा जलाशय और कुंभासागर तालाब स्थित है।'झालीबाब' पाडन पोल के बाहरी ओर बनी हुई है। इसके अतिरिक्त दो अन्य कुंड है जिनका निर्माण अज्ञात है परंतु मरम्मत का कार्य मेहता शेर सिंह के पुत्र सवाई सिंह के द्धारा करवाया गया आदि प्रमुख है। स्रोत: वीरविनोद– श्यामलदास पृ. सं. 83–84

अन्य स्थापत्य

लखोटा बारी – यह उत्तर की ओर बनी हुई है।कस्बा पश्चिम की ओर बना हुआ है जिसे तलहटी बोला जाता है। कस्बे में अस्पताल और पाठशाला यह दोनों नए बनवाए गए हैं। कस्बा शहरपनाह (परकोटा) से गिरा हुआ है। 1881 ईस्वी में कस्बे में रेलवे लाइन खोली गई। किले के उत्तरी ओर नगरी नामक गांव है जहां से प्राचीन मकान के अवशेष व सिक्कों की प्राप्ति हुई है इसके पश्चिम तरफ शहरपनाह के भग्नावशेष के चिन्ह है।उभ दिवत नामक एक मीनार बनी हुई है जो बौद्धो द्धारा निर्मित प्राचीन ज्ञात होती है। नवलख भंडार बनवीर द्धारा ऊंची ऊंची दीवार बनवाई गई जिसके पास में सुरक्षित स्थान नवलख भंडार स्थित है। स्रोत: वीर विनोद श्यामल दास पृ. सं. 84

दुर्ग का मंदिर स्थापत्य – मंदिर स्थापत्य की दृष्टि से भी यह दुर्ग अपना महत्व बनाए हुए है यहां पर हिंदू ,जैन और बौद्ध सभी धर्मो के मंदिरों के अवशेष विद्यमान है। चार दीवारों के भीतर बड़े–बड़े पत्थरों में बना हुआ एक स्थान है जिसे 'हाथियों का बाड़ा' कहा जाता है। परंतु यह बौद्ध लोगों का स्तूप मालूम होता है जेमल जी के तालाब तट पर बौद्धों के छह स्तूप खड़े हैं जो कि वर्तमान में तोपखाने के पास खड़े हैं । स्रोत: वीरविनोद– श्यामलदास पृ. सं. 84, उदयपुर राज्य का इतिहास –गौरी शंकर हीराचंद ओझा पृ. सं. 46

जैन मंदिर/ जिनालय– चित्तौड़ किले के अंदर 6 जैन मंदिर है इनमें सबसे बड़ा भगवान आदिनाथ का मंदिर है ।सत्बीस देवरी मंदिर 27 मंदिरों का समूह बड़ी पोल के दाहिनी ओर स्थित है ।मंदिर के अंदर एवं बाहर की नक्काशी अद्भुत है इस मंदिर के साथ दो छोटे मंदिर भी स्थित है।सात मंजिल वाला जैन कीर्ति स्तंभ जिसको दिगंबर संप्रदाय के महाजन सा नाय के पुत्र जीजा ने बनवाया था। यह कीर्ति स्तंभ आदिनाथ का स्मारक है जिसके चारों पार्श्व पर आदिनाथ की एक विशाल दिगंबर जैन मूर्ति खड़ी है और बाकी के भाग पर अनेक छोटी–छोटी जैन मूर्तियां खुदी हुई है।

महावीर स्वामी के मंदिर का जीर्णोद्धार कुंभा कालीन ओसवाल महाजन गुनराज ने करवाया था। वर्तमान में यह मंदिर जीर्ण – शिर्ण अवस्था में पड़ा हुआ है।महाराणा रायमल के समय जैनियों द्धारा जैन मढ़ी का निर्माण करवाया गया जहां पर दक्षिण से लाई गई मूर्ति स्थापित की गई।

श्रृंगार चंवरी – वास्तव में यह शांतिनाथ का जैन मंदिर है जिसकी प्रतिष्ठा खरतरगच्छ के आचार्य जिनसेन सूरी ने की थी। इसका जीर्णोद्धार महाराणा कुंभा के भंडारी वेलक ने 1448 ईस्वी में कराया था। इस मंदिर के बाहरी भाग में उत्कीर्ण कला देखने योग्य है। लोग इसको लोग भ्रम से श्रृंगार चोरी कहते हैं।स्रोत:वीरविनोद – श्यामल पृ. सं. 83, राजस्थान का इतिहास – गोपीनाथ पृ. सं. 451– 52, उदयपुर राज्य का इतिहास गौरी शंकर हीराचंद ओझा पृ. सं. 47

हिंदू मंदिर – कालिका का मंदिर पत्ता की हवेली के दक्षिण में आठवीं शताब्दी में निर्मित कालिका का मंदिर है जो पहले सूर्य मंदिर था निजमंदिर के द्धारा पर सूर्य की मूर्ति तथा गर्भग्रह के बाहरी पार्श्व के ताकों पर भी सूर्य की मूर्तियों से निश्चित होता है की संभवत: है कि मेवाड़ के गुहिल वंशीय राजाओं ने बनवाया हो। मुसलमानों के समय मूर्ति तोड़ दी गई हो बाद में किसी ने यहां कालिका की मूर्ति स्थापित कराई हो।महाराणा सज्जन सिंह द्धारा इसका जीर्णोद्धार करवाया गया।

त्रिभुवननारायण का मंदिर – मालवा के शासक भोज् द्धारा निर्मित इस मंदिर का जीर्णोद्धार मोकल के द्धारा 1428 ईस्वी में करवाया गया मूर्ति कला और जनजीवन की 13वीं सदी की झांकी के लिए यह मंदिर अपने ढंग में अद्धितीय है। समाधिश्वर महादेव मंदिर का निर्माण मोकल के द्धारा करवाया गया था। इसके भीतरी और बाहरी भाग में खुदाई का काम सुंदर बना हुआ है।

कुंभास्वामी मंदिर – महाराणा कुंभा द्धारा जीर्णोद्धार कराया गया। तथा यह मीरा हरि कीर्तन के लिए जाया करते थी।अद्भुत जी का मंदिर महाराणा रायमल के समय बना यह मंदिर जिसमें शिवलिंग और दीवार से सटी हुई शिवजी की विशाल त्रिमूर्ति है इस ही अद्भुत मूर्ति को देखकर इस मंदिर का नामकरण अद्भुत जी का मंदिर हुआ है। तुलिका भवानी का मंदिरबनवीर के द्धारा बनवाया गया।

अन्य मंदिर – (1) कुकड़ेश्वर महादेव का मंदिर, (2) नीलकंठ महादेव का मंदिर, (3) अन्नपूर्णा देवी का मंदिर, (4) जटाश्वर महादेव का मंदिर आदि प्रमुख है। स्रोत: वीरविनोद– श्यामलदास पृ. सं. 83,राजस्थान का इतिहास –गोपीनाथ शर्मा पृ. सं. 451–52 व उदयपुर राज्य का इतिहास– गौरी शंकर हीराचंद ओझा पृ. सं. 46, 47, 50

निष्कर्ष – चित्तौड़ का दुर्ग एक ऐसे दुर्ग के रूप में है जो कि सदियों से अपने पराक्रम, वीरता, जौहर और शौर्य की गाथाओं का साक्षी बना हुआ है। यहां पर महान शासको का शासन रहा है जो कि यहां पर निर्मित स्मारक इस बात के साक्षी बन रहे हैं। 'इस दुर्ग में भक्ति भी रही है और शक्ति भी रही है।'यह

ऐसा दुर्ग है जहां पर भक्त शिरोमणि मीराबाई भी रही है और यहां पर महान वीरांगनाएं भी रही है। दुर्ग का स्थापत्य अद्भुत है जहां पर समय-समय पर शासको ने निर्माण कार्य को करवाया जो कि इस दुर्ग के सामरिक महत्व को इंगित करता है। यह दुर्ग प्राचीन स्मारकों को महलों और जौहर के स्मारक चिन्हों से सुसज्जित है जो कि आज भी भारतीयों के लिए सामाङ्गिय व गर्व महसूस करवाते हैं हम राष्ट्रवासियों के लिए यह दुर्ग प्रेरणा स्रोत का काम करता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. राजस्थान का इतिहास- गोपीनाथ शर्मा,
2. वीरविनोद -श्यामल दास,
3. उदयपुर राज्य का इतिहास- गौरीशंकर हीराचंद ओझा,
4. चित्तौड़ आर्कियोलॉजिकल सर्वे 2007,
5. कर्नल जेम्स टॉड की पुस्तक प्रतिलिपि में उद्धत शिलालेख,
6. समाधिश्वर का शिलालेख,
7. कुमारपाल का लेख,
8. कीर्ति स्तंभ प्रशस्ति,
9. कुकड़ेश्वर शिलालेख,
10. 'राजस्थान का गौरव है चित्तौड़ दुर्ग' दैनिक जागरण मूल से 6 फरवरी 2017 में पूरालिखित

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVI, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

राजस्थान की ठीकरी कला का ऐतिहासिक अध्ययन एवं संरक्षण

खुशबु झाला*

* छात्रा (इतिहास) मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर (राज.) भारत

शोध सारांश – उक्त लेख में मुगलों के संरक्षण एवं उसके बाद राजस्थान के राजपूत राजघरानों द्वारा संरक्षित ठीकरी कला के 'ऐतिहासिक अध्ययन' एवं उसके 'संरक्षण की आवश्यकताओं' पर विचार करने का प्रयास किया गया है। राजस्थान अपने इतिहास के साथ अपनी अलग–अलग कलाओं के इतिहास हेतु भी प्रसिद्ध है। इसी में से एक है 'राजस्थान के मेवाड़ की ठीकरी कला'। जिसमें 'शीशे की पच्चीकारी' अर्थात पत्थर में कांच के टुकड़ों की जडाई का कार्य किया जाता है। मेवाड़ रियासत की राजधानी उदयपुर क्षेत्र में 'हस्तशिल्पयों' द्वारा आज भी 400 वर्षो पुरानी राजा महाराजाओं के समय से चली आ रही ठीकरी कला को संरक्षित किया गया है। उक्त कला की कलाकारी राजस्थान के राजपूत राजघरानों के महलों, दुर्गो व मंदिरों में देखी जा सकती है। ठीकरी कला राजस्थान के प्रमुख हस्तशिल्प में से एक है। इसके कलाकारों को सरकारी एवं गैर सरकारी संगठनों के समर्थन व संरक्षण की आवश्यकता है। वर्तमान में विदेशी पर्यटको द्वारा महलों व दुर्गो में ठीकरी कला के अप्रतिम कार्य को देख उसकी और आकर्षण एवं इस मनमोहक दृश्य को अपने संग विदेश ले जाने की चाह ने पुन: ठीकरी कलाकारों हेतु रोजगार की संभावनाओं को बढाया है।ठीकरी कला के छोटे नमूनों के रूप में साथ ले जाने से विदेश में परंपरागत ऐतिहासिक भारतीय हस्तशिल्प का प्रचार भी हो रहा है।

शब्द कुंजी – संरक्षण, ठीकरी, हस्तशिल्प, आकर्षण, परंपरागत।

प्रस्तावना – ठीकरी शब्द हिंदी के शब्द 'ठेकर' से लिया गया है जिसका अर्थ है दर्पण शिल्पी।राजस्थान के इतिहास में कई कलाओं ने अपना योगदान दिया है इसी में से एक है मेवाड़ की ठीकरी कला। जिसे आईनाकारी या मिरर वर्क भी कहा जाता है। इसमें शीशे के टुकड़ों को दीवारों से जोड़कर विभिन्न प्रकार का आकार दिया जाता है इसका प्रयोग बड़े स्तर पर मेवाड़ के सिटी पैलेस, राज दरबार, हवेलियों एवं जयपुर रियासत के आमेर के किले, जोधपुर एवं जैसलमेर के सिटी पैलेस व हवेलियो में सजावट हेतु किया गया है। इस कला की मुख्य विशेषता है की ठीकरी कला द्वारा किए गए कार्य से महलों की सुंदरता बढ़ती है एवं ठीकरी कला शीशे की परावर्तक क्षमता के कारण अत्यधिक आकर्षक लगती है। अपने आकर्षण के कारण राजस्थान के राज घरानों के महलों एवं हवेलियां व मंदिरों की शोभा बढ़ाती है। शीशे को अक्सर राजघरानों द्वारा शाही सामग्री के रूप में इस्तेमाल किया जाता था इसीलिए ठीकरी कला में राजस्थान के राजपूत वंशों ने अपनी विलासिता की झलक को देखा एवं इसका प्रयोग अपने ऐतिहासिक स्मारको में किया।

ठीकरी कला की विधि – मुख्यत ठीकरी कला का प्रयोग पत्थर की दीवारों में शीशे के छोटे टुकड़ों की जडाई कर किया जाता है। इसमें छोटे औजारों से कांच को आकार में काटा जाता है फिर जो भी आकर देना है उसके अनुसार शीशे को चिपकाया जाता है।

ठीकरी हस्तशिल्प, छायाचित्र स.– 01

ठीकरी कला का इतिहास–भारत में सर्वप्रथम मुगलों द्वारा दर्पण शिल्प एवं शिल्पकारों को संरक्षण दिया गया। ठीकरी कला का सर्वप्रथम प्रयोग मुगल सम्राट शाहजहां द्वारा 1631 में बनवाये गये, शीश महल, लाहौर में देखा जा सकता है।

शीश महल, लाहौर छायाचित्र स.– 02, 03

मुगल शासक द्वारा ठीकरी कला को उत्कीर्ण करने हेतु ठीकरी शिल्पकारों को पश्चिम बंगाल से बुलवाया गया एवं उन्हें संरक्षण दिया गया। किंतु ईस्ट इंडिया कंपनी के आगमन के पश्चात मुगल साम्राज्य पतनोन्मुख होता गया एवं इन कलाकारों को संरक्षण मिलना बंद हो गया तथा रोजगार की तलाश में यह शिल्पकार राजपूताना की रियासतों मेवाड़, मारवाड़, जयपुर एवं शेखावाटी आदि क्षेत्रों में बस गए उसे दौरान राजपूत शासको द्वारा इन शिल्पकारों को संरक्षण दिया गया। राजपूत शासको के महलों, हवेलियां एवं मंदिरों में ठीकरी कला को एक नया रूप मिला। इसी दौर में समस्त राजपूत वंश के शासको ने इस कला का प्रयोग आरंभ किया, जिसे स्थापत्य कला एवं महलों व मंदिरों की सजावट आदि में प्रयोग किया गया। ठीकरी कला का प्रयोग लगभग 400 वर्ष के पूर्व से स्थापत्य विकास के साथ किया गया है। जो निरंतर पीढ़ी दर पीढ़ी विकसित हुई अत: कहा जा

सकता है कि राजस्थान ठीकरी कला का उदगम केंद्र है एवं हस्तकला के इतिहास में राजस्थान का अनूठा एवं समृद्ध योगदान रहा है। ठीकरी कला जो समय के साथ राजपूत राज घरानों के संरक्षण में विकसित हुई उसका अभी भी क्रमिक विकास जारी है।

मेवाड़ रियासत के संदर्भ में ठीकरी कला–उदयपुर राजस्थान के मेवाड़ रियासत की राजधानी रही है जिसे महाराणा उदय सिंह द्वारा पिछोला के तट पर बसाया गया। इस परंपरागत विरासती शिल्प को उदयपुर के सिटी पैलेस एवं हवेलिया व मंदिरों में महाराणा द्वारा करवाए गए ठीकरी कला के कार्य को देखा जा सकता हैं। मेवाड़ में आज भी ठीकरी कला के 200 से अधिक कारीगर कार्यरत हैं जो इस वर्षों पुरानी कला को संरक्षित करते हैं।मेवाड़ रियासत की राजधानी रहे उदयपुर शहर में होटल उद्योग प्रमुख व्यवसायों में से एक माना जाता हैं एवं इन्ही होटलों में पर्यटकों को आकर्षित करने वाली परंपरागत ठीकरी कला द्वारा हेरिटेज लुक देने की बढ़ती मांग ने ठीकरी शिल्पकारो हेतु रोजगार के अवसर बनाएं हुए।जिस कारण भी मेवाड़ क्षेत्र में परंपरागत दर्पण शिल्प का कार्य जारी है।

सिटी पैलेस, उदयपुर छायाचित्र स. – 04, 05

जयपुर रियासत के संदर्भ में ठीकरी कला – राजस्थान का जयपुर शहर जिसकी स्थापना महाराजा मानसिंह द्वारा की गई। जयपुर रियासत के आमेर दुर्ग को यूनेस्को ने अपनी विश्व धरोहर स्थल में शामिल किया है।दुर्ग में ठीकरी कला का अद्भुत कार्य देखा जा सकता है। आमेर दुर्ग में भी शीश महल स्थित है जहां ठीकरी हस्तशिल्प में स्थापत्य का कार्य हुआ है।

आमेर दुर्ग, जयपुर छायाचित्र स.– 06, 07, 08, 09

शेखावाटी के संदर्भ में ठीकरी कला –शेखावाटी क्षेत्र में स्वतंत्रता के पूर्व जैन व्यापारियों एवं राजाओं द्वारा हवेलियों का निर्माण करवाया गया एवं उनकी सजावट हेतु ठीकरी कला का प्रयोग किया गया।उक्त हवेलियां आज अपने स्थापत्य एवं ठीकरी के अनूठे संयोजन के कारण पर्यटकों के आकर्षण की केंद्र है।

शेखावटी हवेलियां छायाचित्र स.– 10, 11, 12

जोधपुर रियासत के संदर्भ में ठीकरी कला – राजस्थान की जोधपुर रियासत पर राठौर राजपूत वंश का शासन रहा। जोधपुर रियासत में मेहरानगढ़ दुर्ग है जिसमें शीश महल बना हुआ है राजस्थान के सभी राजपूत दुर्गों के शीश महलों में जोधपुर के शीश महल की तुलना जयपुर के शीश महल से की जाती हैं।

शीश महल, जोधपुर छायाचित्र स. – 13

मेहरानगढ़ दुर्ग के शीश महल में ठीकरी कला एवं स्थापत्य का अद्भुत दृश्य देखने को मिलता है, यहां राजपूत स्थापत्य शैली का वास्तविक प्रयोग देखने को मिलता है।

जैसलमेर रियासत के संदर्भ में ठीकरी कला – जैसलमेर रियासत पर भाटी राजवंश का शासन रहा है एवं जैसलमेर के दुर्ग को यूनेस्को ने विश्व धरोहर स्थल की सूची में शामिल किया है यह एक आवासीय दुर्ग है जहां दुर्ग के भीतर दुकान, होटल, हवेलिया है एवं दुर्ग के भीतर शहर बसा हुआ है।इन हवेलियां में ठीकरी कला द्वारा सजावट का कार्य जो वर्षों पूर्व किया गया था

संरक्षित है। जैसलमेर दुर्ग में भी शीश महल स्थित है एवं जैसलमेर की पटवो की हवेली ठीकरी कला के लिए आकर्षण का केंद्र है।दुर्ग के भीतर बसे शहर में आज भी ठीकरी कला के शिल्पी दर्पण शिल्पकारी का कार्य करते हैं।जैसलमेर में दो प्रकार के मिरर वर्क प्रसिद्ध है। जिसमे प्रथम दीवारों पर एवं द्वितीय कपड़ो पर भी शीशे का कार्य किया जाता है उसे भी मिरर वर्क ही कहा जाता है कपड़ो पर किये जाने वाले शीशे के उत्कृष्ट कार्य हेतु जैसलमेर प्रसिद्ध है तथा उसके साथ ही दीवारों पर दर्पण शिल्प में भी जैसलमेर सदैव राजस्थान के प्रमुख राजपूत राजवंशो में शामिल रहा है।

पटवो की हवेली, जैसलमेर छायाचित्र स. – 14

परंपरागत ऐतिहासिक स्मारकों में रूपांकन– ऐतिहासिक शिल्पियों द्वारा मोर, पुष्प, जानवर व देवता एवं ज्यामितीय डिजाइनों का प्रयोग ठीकरी कला में सजावट हेतु किया जाता था। वर्तमान में इसमें कई नए प्रयोग शामिल किया जा रहे हैं।

ठीकरी की विशेषताएं:

1. ठीकरी कला में सजावट हेतु रंग–बिरंगे दर्पण के टुकड़ों का प्रयोग किया जाता है शीशे अपनी परावर्तक क्षमता के कारण चमक को बढ़ाते हैं जो अद्भुत एवं दृश्यमय होती है।जिससे विलासिता का आभास होता है एवं इसका अनुभव राजस्थान के राजपूत दूर्गो एवं महलों से किया जा सकता है।
2. राजस्थान के सभी राजपूती दुर्ग के शीश महलों में ठीकरी शिल्प उत्कीर्णित होने का एक और कारण यह भी हैं की सर्दी के मौसम में तापमान के स्तर को बनाए रखने हेतु भी इसका प्रयोग किया जाता था।
3. राजस्थान के राज घरानों द्वारा ठीकरी के कलाकारों को संरक्षण देकर एक अनूठी हस्त शिल्प कला को संरक्षित किया गया एवं रोजगार हेतु इसे एक पेशे के रूप में विकसित किया।

ठीकरी शिल्पकारों का समुदाय –परंपरागत इतिहास के अनुसार सुथार और मुस्लिम समुदायों के शिल्पकारों द्वारा शीशे की पच्चीकारी का कार्य किया जाता था। किंतु समय के साथ यह कार्य इन्हीं समुदायों तक सीमित नहीं रहा एवं अन्य हस्तशिल्प समुदायों तक विस्तारित हुआ।

परंपरागत ऐतिहासिक हस्तशिल्प व्यवसाय के रूप में –स्वतंत्रता से पूर्व ठीकरी कला राजस्थान के राजघरानों के दरबारों, महलों एवं हवेलियों व मंदिरों की शोभा बढ़ाती थी।स्वतंत्रता के बाद उन्ही हवेलियों के होटल उद्योग में बदलने के साथ यह पर्यटकों को आकर्षित करने का जरिया बना। जिसके कारण इस कला का प्रयोग आज होटल एवं घरों की सजावट हेतु किया जाने लगा है जिससे लोगों को रोजगार मिला एवं ऐतिहासिक हस्तशिल्प को प्रोत्साहन मिला।

ठीकरी कला को संरक्षण की आवश्यकता:

1. ठीकरी कला एक हस्तशिल्प है जिसमें अत्यधिक हस्तशिल्पियों की आवश्यकता होती है क्योंकि इस कार्य को अत्यधिक बारीकी से किया जाता है जिस कारण यह मशीनों से निर्मित वस्तुओं के मुकाबले बनने में अत्यधिक समय भी लेती हैं एवं इसका शिल्प मशीन निर्मित शिल्प से महंगा है, जिस कारण इस कला के शिल्पकारों को कार्य की शुरुआत एवं उसे आगे बढ़ाने हेतु प्रोत्साहन एवं सरंक्षण की आवश्यकता है।
2. ठीकरी कला का ऐतिहासिक स्थानों जैसे सिटी पैलेस व दुर्ग में किया गया कार्य विदेशी पर्यटको को काफी रोचक लगता है तथा उनके द्वारा इसके नमूने को अपने साथ खरीद विदेश ले जाने की चाह में ठीकरी का कार्य करने वालो की मांग बढ़ रही है। यदि शिल्पकारों को उचित प्रोत्साहन मिले तो वे इस परंपरागत ऐतिहासिक शिल्प को संरक्षित करने एवं पेशे के रूप में अपनाने हेतु प्रोत्साहित होंगे।जो विदेशी पर्यटकों को भारतीय हस्तशिल्प के निर्यात में भी वृद्धि करेगा एवं भारतीय हस्त शिल्प व संस्कृति का विदेश में प्रचार होगा।
3. उक्त कला के शिल्पी हमारे समर्थन की कमी के कारण इसे जारी रखने में अत्यधिक समस्याओं का सामना कर रहे हैं जो भावी पीढ़ी को इसे अपने पेशे के रूप में चुनने एवं आगे बढ़ाने में शंकाग्रस्त कर देती है। अत: गैर सरकारी एवं सरकारी संगठनों द्वारा दिया प्रोत्साहन ठीकरी कला को भावी पीढ़ी से परिचित कराने एवं उन्हें भारतीय हस्तशिल्प के इतिहास के पहलू को समझने में योगदान देगा।
4. स्वतंत्रता के पश्चात राजा महाराजाओं ने अपनी हवेलियों को होटल उद्योग में बदल हेरिटेज लुक दिया जिस कारण विदेशी पर्यटक हेरिटेज लुक की तरफ आकर्षित हुए एवं हेरिटेज लुक की मांग बढ़ने लगी एवं ठीकरी कला के शिल्पियों की मांग पिछले एक दशक में बढ़ी है।यदि ठीकरी शिल्पकारो को सरंक्षण मिलेगा तो भावी पीढ़ी इसे रोजगार का साधन बनाने हेतु तैयार होगी

निष्कर्ष – ठीकरी कला का विशेषत: प्रयोग राजपूत राज घरानों द्वारा किया गया। राज घरानों द्वारा ठीकरी के कलाकारों को खूब संरक्षण मिला एवं उन शिल्पकारों के उत्कृष्ट कार्यों को उस समय के प्रत्येक राजपूत स्थापत्य शैली के महल, दुर्ग व मंदिर जैसे मेवाड़, मारवाड़, जयपुर, शेखावाटी, जैसलमेर रियासतों के सिटी पैलेस, दुर्गो एवं शीश महलो मंदिरों में रंग–बिरंगे शीशे की पच्चीकारी व सजावट द्वारा देखा जा सकता है। इतिहासकारों द्वारा भारतीय कला और परंपरागत शिल्प की ठीकरी कला पर विशेषत: ऐतिहासिक लेखन नहीं किए जाने के कारण ठीकरी कला के संबंध में अत्यधिक इतिहास नहीं मिलता है।अत: ठीकरी कला पर ऐतिहासिक लेखन की आवश्यकता है तभी ठीकरी कला को प्रकाश में लाया जा सकता है एवं इसके सरंक्षण के विचार को प्रसारित किया जा सकेगा।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. Mishra, Minakshi, and Babel, Sudha "Enamoring Rajasthan's Heritage: Thikri craft, (2021) IJCRT, Volume 9
2. https://orvi.com/pages/thikri-art-collection
3. https://www.luxuryhandicrafts.in/collections/thikri-glass-inlay#:~:text=Thikri%20is%20traditional%.
4. https://www.kalpane.in/lilly-thikri-gold-and-silver-wall-accent.html
5. https://khojcrafts.com/blogs/blog/sheesh-mahal-thikri-art-and-a-khoj-for-indias-craft-traditions
6. https://asiainch.org/craft/thikri-mosaic-inlay-of-rajasthan/

7. https://miradorlife.com/traditional-indian-art-forms-why-are-they-disappearing/
8. https://www.abplive.com/states/rajasthan/thikari-fine-art-of-mewar-rajasthan-is-hundreds-of-years-old-decoration-items-are-made-by-pieces-of-glass-2428162
9. https://www.ifaaonline.com/thikri-art/
10. https://www.jagran.com/rajasthan/jaipur-unique-fine-art-of-mewar-gives-royal-look-19950572.html
11. https://hindi.news18.com/news/rajasthan/udaipur-mewars-unique-tikri-art-made-of-glass-piecesdemand-increases-abroad-6431795.html

छायाचित्र सन्दर्भ :-

1. https://orvi.com/pages/thikri-art-collection
2. https://architecturaltimes.news/sheesh-mahal-legendary-palace-of-mirrors/
3. https://x.com/authindia/glassinlayaroundganeshtemplecitypalaceudaipurstatus=en
4. hhttps://x.com/authindia/status/1443539250490732546?lang=en
5. https://www.pinterest.com/pin/rose-gate-photograph-jaipur-palace-jaipur-rajasthan
6. https://www.tripsavvy.com/shekhawati-rajasthan-travel-guide-1539655

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVI, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

Impact of International Law on A Nation's Politics in Modern Era

Piyush Chowhan*

***Assistant Professor (Law) Bhupal Nobles' University, Udaipur (Raj.) INDIA**

Introduction - International law is not just a result of few treaties of 19th and 20th centuries but its origin can be traced back to ancient times. Peace treaties between the Mesopotamian city of Lagash and Umma are considered as beginning of international law. The concept of governance and international relations were developed by the Greeks, which laid down the foundation of the international legal system. The concept 'Jus Gentium' (Law of Nation) was evolved during the reign of the Roman empire, which defined and governed the relation between foreigners and Roman citizens and the status of foreigners living in Rome. Later, development of concept of Natural Law emphasized that certain rights are inherent to all humans, which helped in widening the scope of international law.

Congress of Vienna is known as watershed moment in the evolution of international law. It is also referred as Vienna Congress, held in 1815. It was chaired by Klemen's Von Metternich, an Austrian statesman. It was attended by ambassador of European states with the objective to provide a long-term peace plan for Europe. Solving critical issues aroused from the French Revolutionary War and the Napoleonic War were main agenda of the Congress. It laid down the international rules such as rules with regard to International River, categorization of diplomatic agent etc.[1]

Foundation Of Modern International Law - The spark that ignited World War I was struck in Sarajevo, Bosnia, where Archduke Franz Ferdinand—heir to the Austro-Hungarian Empire—was shot to death along with his wife, Sophie, by the Serbian nationalist Gavrilo Princip on June 28, 1914. Princip and other nationalists were struggling to end Austro-Hungarian rule over Bosnia and Herzegovina.The assassination of Franz Ferdinand set off a rapidly escalating chain of events: Austria-Hungary, like many countries around the world, blamed the Serbian government for the attack and hoped to use the incident as justification for settling the question of Serbian nationalism once and for all.However, since the Serbia was supported by the mighty Russia and had the possibility of involving France and Great Britain as well, Austria and Hungary had to wait for assurance from Germany for declaring war upon Serbia. Finally an assurance from Germany led to the initiation of Ist World War on 28th July 1914 which lasted till 11th November 1918. This was fought throughout the Middle East, Africa, and portions of Asia, and engaged most of Europe, also Russia, the United States, and Turkey. About 9 million people were murdered in warfare, while over 5 million perished as a result of the siege, bombing, famine, or illness. This was one of the worst conflicts in history. Numerous millions more died as a result of the Ottoman genocides and also the 1918 Spanish flu virus, which was transmitted by the movement of fighters throughout the conflict.

When the leaders of Western nations met at the Paris Peace Conference, they decided to form an international organization which can solve international disputes and should not allow repeat of incidents like World War. This led to the establishment of League of Nations under Treaty of Versailles. Therefore League of Nations is also known as Child of First World War. The main provision of the covenant of League of Nations was to settle disputes through peaceful methods such as arbitration, negotiation etc., before resorting to disputes. If any member resorted to war, going against the principle of covenant of League of Nations, then the member will be considered as an enemy of whole League of Nations. Permanent court of International justice was established by the League of Nations.

Failure Of League Of Nations And Emergence Of United Nations Organisation - Following World War I, the victorious Allied Powers met to decide Germany's future. Germany was forced to sign the Treaty of Versailles.Under this treaty, Germany had to accept guilt for the war and to pay reparations. Germany lost territory and was prohibited from having a large military.The humiliation faced by Germany under this treaty, paved the way for the spread of Ultra-Nationalism in Germany. Hitler openly denounced the Treaty of Versailles and began secretly building up Germany's army and weapons. Although Britain and France knew of Hitler's actions, they thought a stronger Germany

would stop the spread of Communism from Russia. The German invasion of Poland on 1 September 1939 and subsequently two days later, Britain and France declared war on Germany. This marked the beginning of World War II. Further, the Japanese, tired of American trade embargoes, mounted a surprise attack on the US Navy base of Pearl Harbor, in Hawaii, on 7 December 1941.This ensured that global conflict commenced, with Germany declaring war on the US, a few days later.Also, within a week of Pearl Harbor, Japan had invaded the Philippines, Burma and Hong Kong. The Russians reached Berlin (capital of Germany) on 21 April 1945.

Germany surrendered unconditionally on 7 May, and the following day was celebrated as VE (Victory in Europe) day. On 6 August 1945 an atomic bomb was dropped on the Japanese city of Hiroshima.Three days later another was dropped on Nagasaki. With the surrender of Japan, World War II was finally over.

It is very much pertinent that the failure of League of Nations led to the Second World War. At the end of Second World War, a new organization came into existence i.e. the United Nations, with the aim to protect world from future war. It was established on 24th October, 1945, when heads of 50 governments met at San Francisco for a conference and drafted UN Charter. At present, this organization is nodal point of international law. It aims at maintaining international peace and security, ensuring friendly relation between nations and achieving international cooperation.

Relevancy (Or Irrelevancy) Of International Law In International Politics - International political science became an independent sector of intellectual endeavor immediately following the Second World War. A major unarticulated premise of this discipline is that international law is essentially irrelevant to a proper understanding of the dynamics of international politics and therefore irrelevant to the progressive development of international political theory as a science. International political science repudiates both the descriptive validity and the prescriptive worth of international legal considerations for that sector of international relations dealing with matters of "vital national interest" or of "high international politics." If we closely look at the reasoning for the Second World War, it's the solution itself which led to the event of mass destruction. The Treaty of Versailles and especially its first part, the Covenant of the League of Nations were not the perfect incarnations of truth, justice, peace, and righteousness they were alleged to be by the statesmen of the Allied and Associated powers, particularly Woodrow Wilson. Instead, they were instrumentalities of power politics designed by the victorious nations of the First World Warto secure and perpetuate, with the maximum possible degree of legal and institutional coercion, the favorable political, economic, and military status quo granted to them after the armistices ending the Great War. This treaty was imposed vi et armis in contravention of express promises given to induce surrender. If the peoples of the world believed anything else, they were sorely deluded by the ideological rhetoric deceptively manipulated by their leaders to fan the flames of patriotic fervor in order to hasten the prosecution of the war to its successful conclusion. If the victors of Versailles intended to keep their ill-gotten gains, they had to be willing to employ military force against a revanchist Germany whenever the latter attempted to effectuate resistance to the terms of the so-called peace. The Western democracies, however, lacked the requisite will; instead of fighting to preserve their hegemony, they preferred to trust in their own illusions. It is therefore, very much visible that self -interests overtook the necessity of universal peace. The international law seems to be losing its importance as the required or expected results could not be produced.

Modern Instances Of Failure Of International Law- Even if we ignore the past instances, the recent occurrences of flagrant violations of international law have brought the ghost back from the grave. The U.S. led attack on Iraq has further questioned the validity and relevancy of international law and the institutions responsible for implementing it. In the instant case, US govt. accused Iraq of accumulating Weapons of Mass Destruction and through a resolution of UN Security Council ordered for an inspection through United Nation Special Commission (UNSCOM) which was rejected by Iraq for years but was accepted in February 1998. But in October1998 formally halted all the operations.This decision was criticized by Security Council at several occasions. However, after attacks of 9/11 U.S.A. was adamant on scrutinizing the possible threat posed by the then Iraqi Supremo Saddam Hussain. In October 2002 the U.S. Congress authorized President Bush to take military action action. Thereafter Iraq allowed resumption of inspections claiming it has no biological weapons. However, U.S.A. with Britain launched a full fledged attack on Iraq on 20th March 2003.

Here it is noteworthy to consider the relevant provisions which may grant any superpower to attack any other country. According to Art.103 of UN Charter, the UN Charter is the highest treaty in the world, superseding states' conflicting obligations under any other international agreement. Under the UN Charter, there are only two circumstances in which the use of force is permissible: in collective or individual self-defense against an actual or imminent armed attack; and when the Security Council has directed or authorized use of force to maintain or restore international peace and security. Neither of those circumstances now exist. Absent one of them, U.S. use of force against Iraq is unlawful. There is only one legal basis for the use of force other than self-defense: Security Council directed or authorized use of force to restore or maintain international peace and security pursuant to its responsibilities under Chapter VII of the UN Charter. Article 42 of that chapter provides: "Should the Security Council consider that measures [not involving the use of force] provided for in Article 41 would

be inadequate or have proved to be inadequate, it may take such action by air, sea, or land forces as may be necessary to maintain or restore international peace and security. Such action may include demonstrations, blockade, and other operations by air, sea, or land forces of Members of the United Nations."

प्रत्येक संस्था में भर्ती हेतु भर्ती के विभिन्न स्त्रोतों का प्रयोग आवश्यकतानुसार किया जाता है। भर्ती के स्त्रोतों से आशय उस स्थान से है जहाँ संस्था के रिक्त पदों हेतु अधिक संख्या में आवेदनकर्ता अर्थात पद हेतु उम्मीदवार प्राप्त हो सके। भर्ती के स्त्रोतों को मुख्यत: दो भागों में विभाजित किया गया है–

भर्ती के विभिन्न स्त्रोत

आंतरिक ↓	**बाह्य** ↓
1. पदोन्नति	1. रोजगार कार्यालय के माध्यम से
2. स्थानांतरण	2. शैक्षणिक संस्थाएं
3. प्रशिक्षार्थी	3. पेशेवर प्रशिक्षण संस्थाएं
4. सेवा वृद्धि	4. व्यवसायिक सभाएं, सम्मेलन व संगोष्ठी
5. आश्रितों की भर्ती	5. कंपनी के कार्यालय परप्रार्थी
6. क्षति पूर्ति हेतु नियुक्ति	6. निजी संस्थाएं
7. पुन: भर्ती	7. विज्ञापन
8. पदावनति	8. श्रम संगठन
	9. प्रबंधकिय सलाहकार संस्थाएं
	10. प्रतिक्षा सूची
	11. वर्तमान कर्मचारियों की सिफारिशें

संस्था अपनी आवश्यकतानुसार व सुविधानुसार एक या अधिक स्त्रोतों का उपयोग करती है भर्ती जितनी अधिक प्रभावी होगी चयन हेतु उतने ही अधिक विकल्प संस्था को मिलेंगे। जिससे उपर्युक्त कार्य के लिए उपर्युक्त व्यक्ति का चुनाव (Right Man for Right Job) किया जा सके।

भर्ती को प्रभावित करने वाले घटक– संस्था के भीतर व बाहर ऐसे अनेक घटक हैं जो भर्ती को प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से सकारात्मक व नकारात्मक प्रभाव डालते हैं। भर्ती को प्रभावित करने वाले कुछ घटक तो संस्था के नियंत्रण में होते हैं जिन्हें आंतरिक घटक कहा जाता है तथा कुछ घटक ऐसे हैं जो भर्ती को प्रभावित करते हैं तथा जिन पर संस्था का कोई नियंत्रण नहीं रहता ये बाह्य कारक की श्रेणी में आते हैं। इस प्रकार भर्ती को प्रभावित करने वाले घटकों को दो श्रेणी में विभाजित किया गया है जिन्हें जानना अत्यंत आवश्यक है जो निम्न है–

भर्ती को प्रभावित करने वाले घटक	
आंतरिक घटक	**बाह्य घटक**
1 संस्था के उद्देश्य	1 मांग व पूर्ति
2 कम्पनी का संगठन	2 श्रम बाजार
3 सरकारी नितियों व आरक्षण	3 ख्याति
4 फर्म का आकार	4 सामाजिक, राजनैतिक वातावरण
5 संस्था का विकास दर	5 बेरोजगारी दर
6 भर्ती हेतु प्रयोग किये जाने वाले स्त्रोत	6 प्रतियोगी संस्थाएँ

चयन – भर्ती के तुरंत बाद चयन की प्रक्रिया आरंभ होती है। यह भी मानव संसाधन का द्वितीय सर्वाधिक महत्वपूर्ण कार्य है क्योंकि यहाँ से ही मानव संसाधन विभाग को योग्य व कुशल श्रम शक्ति प्राप्त करने का अवसर प्राप्त होता है जिसके आधार पर ही संस्था कि सफलता व असफलता का निर्धारण होता है।

जहाँ भर्ती की प्रक्रिया समाप्त होती है वहीं से चयन प्रक्रिया शुरू होती है साधारण बोलचाल की भाषा में भर्ती व चयन को एक साथ ही उपयोग किया जाता है जबकि भर्ती व चयन एक ही प्रक्रिया के दो चरण है। प्रथम चरण भर्ती व द्वितीय चरण चयन अत: प्रथम चरण समाप्त हो जाने के पश्चात द्वितीय चरण कि शुरूवात होती है।

प्रथम चरण में अर्थात भर्ती में उम्मीदवारों को अधिकाधिक आकर्षित कर आवेदन हेतु आमंत्रित किया जाता है जबकि द्वितीय चरण अर्थात चयन में उक्त आये हुए आवेदनों कि संस्था की मांग व आवश्यकतानुसार छंटनी की जाती है जो कि विविध चरणों में संपन्न किया जाता है जिसके पश्चात ही सर्वाधिक योग्य उम्मीदवार को चयन कर नियुक्ति पत्र प्रदान किया जाता है। प्रथम चरण में अर्थात भर्ती में उम्मीदवारों को अधिकाधिक आकर्षित कर आवेदन हेतु आमंत्रित किया जाता है जबकि द्वितीय चरण अर्थात चयन में उक्त आये हुए आवेदनों की संख्या की मांग व आवश्यकतानुसार छटनी की जाती है जो कि विविध चरणों में संपन्न किया जाता है जिसके पश्चात ही सर्वाधिक योग्य उम्मीदवार को चयन कर नियुक्ति पत्र प्रदान किया जाता है।

चयन का सारा कार्यक्रम वैधानिक रीति नीतियों पर आधारित होता है। चयन प्रक्रम में इस बात का प्रयत्न किया जाता है कि आवेदकों में से किसी ऐसे व्यक्ति का चुनाव किया जाय जिसकी योग्यता कौशल, अनुभव आदि कार्य विशिष्ट विवरण के अधिकतम अनुरूप हो। यह एक निर्णायक चरण होता है। इस चरण में ही भर्ती से प्राप्त योग्य उम्मीदवारों में से सबसे अधिक योग्य व अनुरूप व्यक्ति का चयन किया जाता है।

सामान्यत: इस कार्य हेतु प्रत्येक उपक्रम में एक अलग कमेटी का गठन किया जाता है जो कि अलग अलग कार्यों व पदों के अनुरूप अलग–अलग होते हैं जिनका कार्य होता है कि प्रस्तुत पद हेतु सर्वोपयुक्त उम्मीदवार का चयन करना।

अत: चयन प्रक्रिया का प्रारंभ वहाँ होता है जहाँ भर्ती प्रक्रिया समाप्त होती है। भर्ती प्रक्रिया का सीधा प्रभाव दिखता है चयन प्रक्रिया पर। भर्ती प्रक्रिया जितनी अधिक प्रभावी होगी चयन हेतु विकल्प उतना अधिक होगा, विकल्प अधिक होने पर चयन सुयोग्य अनुभवी व कौशल युक्त उम्मीदवार प्राप्त होने की संभावना बढ़ जाती है।

चयन हेतु एक प्रभावी व वैधानिक चरणों का समान्यत: पालन किया जाता है परंतु प्रत्येक उपक्रम अपनी आवश्यकतानुसार व सुविधानुसार किसी

भी चरण को, जो उसे उपयुक्त या आवश्यक न लगे किसी निर्धारित रिक्त पद हेतु छोड़कर आगे के चरणों का अनुसरण कर सकती है। चयन हेतु निर्धारित मुख्य चरण निम्न है–

1. प्रारंभिक साक्षात्कार
2. आवेदन पत्र एवं उसकी जाँच
3. चयन परीक्षण
4. साक्षात्कार
5. जीवन संबंधी अन्वेषण
6. शारीरिक परीक्षा
7. नियुक्तिपत्र जारी करना

चयनप्रक्रिया

(विविध स्तरों पर प्रत्याशित छटनी)

प्राथमिक साक्षात्कार	→ सामान्य प्रभाव विपरित होने पर	अयोग्य पात्र ठहराया जाकर चयन नहीं किया गया
आवेदन पत्र और उसकी जाँच	→ वांछित सूचना, योग्यता, आयु आदि अनुकूल न होने पर	
मनोवैज्ञानिक परिचय	→ कम अंक प्राप्त होने पर	
साक्षात्कार	→ उचित जानकारी नहीं मिलने पर	
जीवन संबंधी अन्वेषण	→ उचित जानकारी नहीं मिलने पर	
शारीरिक परीक्षा	→ अनुपयुक्त घोषित होने पर	
नियुक्ति पत्र जारी		

इस प्रकार नियुक्ति के उपर्युक्त चरण है जिसमें उपक्रम अपनी आवश्यकतानुसार किसी चरण को जो आवश्यक न हो छोड़कर शेष चरणों को लागू करती है तथा अंतिम नियुक्ति पत्र प्रदान करते ही चयन प्रक्रिया समाप्त हो जाती है। भर्ती व चयन मानव संसाधन विभाग का सबसे महत्वपूर्ण कार्य माना जाता है जिसके द्वारा ही संगठन को श्रमशक्ति की अपितु कुशल श्रमशक्ति की प्राप्ति होती है। अत: भर्ती व चयन प्रक्रिया जितनी अच्छी नियोजित और प्रभावी होगी उतनी ही अच्छी व कुशल श्रम शक्ति उपक्रम को प्राप्त होगी।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. शर्मा, शर्मा, एवं सुराना सेविवर्गीय प्रबंध, रमेश बुक डिपो,जयपुर।
2. शर्मा, शर्मा, एवं सुराना, मानव संसाधन प्रबंध, रमेश बुक डिपो, जयपुर।
3. ममोरिया, मामोरिया, एवं दशोरा, सेविवर्गीय प्रबंध एवं औद्योगिक संबंध, साहित्य भवन पब्लिकेश्न एण्ड डिस्ट्रीब्यूटर्स।
4. Bhagoliwal T-N- Personnel Management And Industrial Relation Sahitya BhawanPublication, Agra.
5. Gopal Ji Personnel Management In Indian Industrie Ashish Publication House, NewDelhi.
6. Manappa & Saiyadain Personnel Management second Edition- Tata Wcgraw & Hill Publication Company Limited, New Delhi.
7. http://www.businessdictionary.com/defination/personal management.html

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVI, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

जिनिंग उद्योगो में महिलाओं का स्वास्थ एवं महिलाओं के लिए स्वास्थ्य योजनाएँ

डॉ. जी.एस.चौहान* अनिता किराडे**

* विभागाध्यक्ष (अर्थशास्त्र) शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, खरगौन (म.प्र.) भारत
** शोधार्थी (अर्थशास्त्र) देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर (म.प्र.) भारत

प्रस्तावना – जिनिंग उद्योगो में नि:संदेह महिला अस्वस्थ होती है, तो इसका दुष्प्रभाव उसके संतान एवं परिवार पर पड़ता है। महिला अस्वस्थता अक्सर गरीबी, अज्ञानता, जागरूकता का अभाव और चिकित्सकीय सुविधा के अभाव में होता है। चूँकि महिला को ही समाज तथा परिवार का आधार कहा जाता है, यदि महिलाएँ ही अस्वस्थ है, तो एक उज्जवल और निरोगी समाज की कल्पना ही नहीं की जा सकती है। अत: महिला विकास हेतु यह एक अनिवार्य घटक है। अध्ययन का महत्व स्वास्थ्य मानव विकास सूचकांक का एक महत्वपूर्ण सूचक है। आजादी के बाद से ही सरकार के समक्ष महिलाओं के स्वास्थ्य में सुधार एक महत्वपूर्ण चुनौती रहा है। विशेषकर ग्रामीण महिलाओं की जहाँ आज की उचित चिकित्सा का अभाव पाया जाता है। वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार कुल जनसंख्या का 48.4 प्रतिशत जनसंख्या महिलाएँ हैं, जिसमें अधिकतर महिलाओं की मृत्यु चिकित्सा के अभाव के कारण होती है। चाहे वह प्रसव के दौरान हो, एच.आई.वी. से संबंधित हो या एनिमिया से ग्रसित हो। यह सच है कि विभिन्न पंचवर्षीय योजनाओं में स्वास्थ्य के क्षेत्र में काफी प्रगति हुई है। यही कारण है कि जहाँ वर्ष 1947 में जीवन प्रत्याशा 32 वर्ष थी, वह बढ़कर 66 वर्ष चुकी हैय लेकिन यह भी सच है आज इस समय स्वास्थ्य पर 1.4 प्रतिशत व्यय किया जा रहा है, जबकि बारहवीं पंचवर्षीय योजना में इस व्यय को 2.5 प्रतिशत करने का प्रावधान है, फिर भी विश्व स्वास्थ्य संगठन के मापदण्डों से काफी पिछड़े है। यह दुर्भाग्य है कि ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना के केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा स्वास्थ्य पर कुल सरकारी व्यय के 1 प्रतिशत से भी कम है और इसे 2 या 3 प्रतिशत तक बढ़ाने की आवश्यकता है। मानव सभ्यता और स्वास्थ्य प्रबंधन का एक अभिन्न अंग है क्योंकि महिलाएँ मानव समाज का लगभग आधा भाग हैं। कई स्वास्थ्य मामलों में महिलाएँ पुरुषों के अनुकूल मानक रखती हैं, जैसेकि स्वास्थ-बर्धक खान-पान या हानिकारक खान-पान के मानक महिलाओं और पुरुषों पर लगभग समान हैं। फिर भी प्रकृति ने जन्म से स्त्री-पुरुष के शरीर और स्वास्थ्य में कई बारीकियाँ और अंतर रखी हैं। तुलनात्मक दृष्टि से एक नवजात लड़की लड़के से अधिक अच्छा स्वास्थ्य रखती है और कम ही बीमार होती है। लड़कियाँ तेजी से और महिलाओं का स्वास्थ्य मानव सभ्यता और स्वास्थ्य प्रबंधन का एक अभिन्न अंग है क्योंकि महिलाएँ मानव समाज का लगभग आधा भाग हैं। कई स्वास्थ्य मामलों में महिलाएँ पुरुषों के अनुकूल मानक रखती हैं, जैसेकि स्वास्थ-वर्धक खान-पान या हानिकारक खान-पान के मानक महिलाओं और पुरुषों पर लगभग समान हैं। फिर भी प्रकृति ने जन्म से स्त्री-पुरुष के शरीर और स्वास्थ्य में कई बारीकियाँ और अंतर रखी हैं। तुलनात्मक दृष्टि से एक नवजात लड़की लड़के से अधिक अच्छा स्वास्थ्य रखती है और कम ही बीमार होती है। लड़कियाँ तेजी से बड़ती हैं और लड़कों की तुलना में जल्दी ही वयस्क अवस्था में पहुँचती हैं।कों की तुलना में जल्दी ही वयस्क अवस्था में हैं।

ग्रामीण महिलाओं के लिए स्वास्थ्य योजनाएँ – राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) एक केंद्र प्रायोजित योजना है, जिसका उद्देश्य समतापूर्ण, किफायती और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं तक सार्वभौमिक पहुँच सुनिश्चित करना है, जो देश भर में महिलाओं सहित लोगों की जरूरतों के प्रति जवाबदेह और उत्तरदायी हैं। मुख्य कार्यक्रम घटकों में ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में स्वास्थ्य प्रणाली को मजबूत बनाना, प्रजनन-मातृ-नवजात-शिशु और किशोर स्वास्थ्य (आरएमएनसीएच़ए) और संक्रामक और गैर-संक्रामक रोग शामिल हैं।

स्वास्थ्य सेवाएँ सुनिश्चित करने की प्राथमिक जिम्मेदारी संबंधित राज्यध्संघ राज्य क्षेत्र सरकारों की है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय अंडमान और निकोबार द्वीप समूह सहित राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को उनके समग्र संसाधन के भीतर उनके कार्यक्रम कार्यान्वयन योजनाओं (पीआईपी) में उनके द्वारा प्रस्तुत आवश्यकताओं के आधार पर उनकी स्वास्थ्य सेवा प्रणालियों को मजबूत करने के लिए वित्तीय और तकनीकी सहायता प्रदान करता है। देश में एनएचएम के तहत किए गए विभिन्न कार्यध्पहल इस प्रकार हैं:

आयुष्मान भारत – स्वास्थ्य और कल्याण केंद्र (एबी-एचडब्ल्यूसी): 1,50,000 उप-स्वास्थ्य केंद्र (एसएचसी), प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) और शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (यूपीएचसी) को दिसंबर, 2022 तक आयुष्मान भारत-स्वास्थ्य और कल्याण केंद्र (एबी-एचडब्ल्यूसी) में तब्दील किया जा रहा है ताकि व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल (सीपीएचसी) के बारह पैकेज वितरित किए जा सकें जिनमें निवारक, प्रोत्साहक, उपचारात्मक, उपशामक और पुनर्वास सेवाएं शामिल हैं जो सार्वभौमिक, मुफ्त और समुदाय के करीब हैं। ये एबी-एचडब्ल्यूसी मौजूदा प्रजनन और बाल स्वास्थ्य (आरसीएच) सेवाओं और संचारी रोग सेवाओं का विस्तार और मजबूती प्रदान करके और गैर-संचारी रोगों (एनसीडी) से संबंधित सेवाओं को शामिल करके व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल (सीपीएचसी) प्रदान करेंगे, शुरुआत उच्च रक्तचाप, मधुमेह और

मौखिक, स्तन और गर्भाशय ग्रीवा के 3 सामान्य कैंसर जैसे सामान्य एनसीडी से की जाएगी। मानसिक स्वास्थ्य, ईएनटी, नेत्र विज्ञान, मौखिक स्वास्थ्य, वृद्धावस्था और उपशामक स्वास्थ्य देखभाल और आघात देखभाल के साथ-साथ योग जैसी स्वास्थ्य संवर्धन और कल्याण गतिविधियों के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं को क्रमिक रूप से जोड़ने की भी परिकल्पना की गई है। 1,50,000 के लक्ष्य के मुकाबले, 31 दिसंबर, 2022 तक देश में कुल 1,54,070 AB-HWC चालू हो चुके हैं।

राष्ट्रीय नि:शुल्क औषधि पहल : राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं के स्तर के आधार पर आवश्यक औषधियां नि:शुल्क उपलब्ध कराने के लिए सहायता प्रदान की जाती है, जो इन सुविधाओं का उपयोग करने वाले सभी लोगों को नि:शुल्क उपलब्ध करायी जाती है।

नि:शुल्क निदान पहल (एफडीआई): इस पहल के अंतर्गत, 33 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में विभिन्न स्तरों पर नि:शुल्क आवश्यक निदान सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को सहायता प्रदान की गई।

राष्ट्रीय एम्बुलेंस सेवाएं (एनएएस): एनएचएम के तहत, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं के लिए एक कार्यात्मक राष्ट्रीय एम्बुलेंस सेवा (एनएएस) नेटवर्क के माध्यम से तकनीकी और वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है, जो एक केंद्रीकृत टोल-फ्री नंबर 108/102 से जुड़ा होता है।

मोबाइल मेडिकल यूनिट (एमएमयू) को विशेष रूप से दूरदराज, कठिन, कम सेवा वाले और पहुंच से वंचित क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को उनके दरवाजे पर सार्वजनिक स्वास्थ्य देखभाल तक पहुंच की सुविधा प्रदान करने के लिए समर्थन दिया जाता है ताकि प्राथमिक देखभाल सेवाएं प्रदान की जा सकें।

एनएचएम के अंतर्गत देश भर में अनुसूचित जनजाति वर्ग की महिलाओं और बच्चों सहित महिलाओं और बच्चों पर केंद्रित कुछ प्रमुख पहलें इस प्रकार हैं:

1. आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई), सामाजिक आर्थिक जाति जनगणना (एसईसीसी) के अनुसार देश में लगभग 10.74 करोड़ गरीब और कमजोर परिवारों को प्रति वर्ष 5 लाख रुपये तक का इसके अलावा, मिशन परिवार विकास, किशोर अनुकूल स्वास्थ्य क्लीनिक (AHFCs), साप्ताहिक आयरन फोलिक एसिड अनुपूरण (WIFS), मासिक धर्म स्वच्छता योजना, सुविधा आधारित नवजात शिशु देखभाल (FBNC), घर आधारित नवजात शिशु देखभाल कार्यक्रम, सामाजिक जागरूकता और निमोनिया को सफलतापूर्वक बेअसर करने के लिए कार्रवाई (SANNS), छोटे बच्चों के लिए घर आधारित देखभाल (HBYC), राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (RBSK), प्रारंभिक बचपन विकास (ECD), व्यापक गर्भपात देखभाल (CAC), एनीमिया मुक्त भारत (AMB) रणनीति, पोषण पुनर्वास केंद्र (NRC) कार्यक्रम जैसी पहलों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुँच बढ़ाने के लिए समर्थन दिया जाता है। सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम को मजबूत करने, नए टीकों की शुरूआत के लिए भी समर्थन प्रदान किया जाता हैस्वास्थ्य कवरेज प्रदान करती है। स्वास्थ्य संघकिशोरों और युवा लोगों के स्वस्थ विकास और कल्याण के लिए व्यापक शिक्षा पर संयुक्त वक्तव्य: किशोर स्वास्थ्य अकादमी, भारतीय बाल चिकित्सा अकादमी, भारतीय प्रसूति और स्त्री रोग।
2. दक्षिण भारत में ट्रांसजेंडर महिलाओं के बीच सामाजिक और यौन नेटवर्किंग के लिए स्मार्टफोन का उपयोग: स्मार्टफोन-आधारित ऑनलाइन एचआईवी रोकथाम हस्तक्षेप विकसित करने दक्षिण भारत में ट्रांसजेंडर महिलाओं के बीच सामाजिक और यौन नेटवर्किंग के लिए स्मार्टफोन का उपयोग: स्मार्टफोन-आधारित ऑनलाइन एचआईवी रोकथाम हस्तक्षेप विकसित करने के निहितार्थ।
3. भारत में प्रजनन आयु (14-15) वर्ष समूह की महिलाओं में उच्च रक्तचाप के लिए बोझ और उपचार चाहने के व्यवहार में सामाजिक-आर्थिक और भौगोलिक असमानताएँ: राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधि सर्वेक्षण के निष्कर्ष।
4. पुत्र वरीयता, सुरक्षा चिंताएं और महिलाओं के विरुद्ध अपराध।
5. पॉलीसिस्टिक ओवेरियन सिंड्रोम से निपटने के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली की तैयारी: भारत में स्वास्थ्य सेवा।

सबसे लोकप्रिय :

1. सतत विकास लक्ष्यों।
2. धूम्रपान बंद करने में स्वास्थ्य व्यवहार मॉडल का अनुप्रयोग -एक व्यवस्थित समीक्षा।
3. भारत में कैंसर का बोझ: घटना दर पर एक सांख्यिकीय विश्लेषण।
4. भारत में शिशुओं के लिए गोजातीय दूध का उपयोग और आहार पद्धतियाँ।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. विश्व स्वास्थ्य संगठन। मातृ मृत्यु दर में रुझान: 1990 से 2015 तक। 2015 अंतिम बार 2020 अप्रैल 20 को एक्सेस किया गया जिनेवा विश्व स्वास्थ्य संगठन से।
2. भारत के महापंजीयक। भारत में मातृ मृत्यु दर पर विशेष बुलेटिन 2004-06। 2009अंतिम बार 2020 अप्रैल।
3. विश्व स्वास्थ्य संगठन। मातृ मृत्यु दर 2000-2017। 2019अंतिम बार 2020 अप्रैल 20 को एक्सेस किया गया जिनेवा विश्व स्वास्थ्य संगठन से।
4. भारत के महापंजीयक का कार्यालय। भारत में मातृ मृत्यु दर पर विशेष बुलेटिन 2015-17। 2019अंतिम बार 2020 अप्रैल 21 को एक्सेस किया गया नई दिल्ली गृह मंत्रालय से।
5. अंतर्राष्ट्रीय जनसंख्या विज्ञान संस्थान। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस-4)। 2016अंतिम बार 2020 अप्रैल 21 को एक्सेस किया गया नई दिल्ली स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय यहाँ से।
6. यूनिसेफ। महिला पोषण। 2020अंतिम बार 2020 अप्रैल 20 को एक्सेस किया गया, नई दिल्ली यूनिसेफ।
7. मूर्ति एस.आर. भारतीय राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य सर्वेक्षण 2015-2016 भारतीय मनोरोग विज्ञान जर्नल।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVI, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

कर्मचारी प्रतिधारण : एक सामाजिक-आर्थिक विवेचन

साक्षी शर्मा * डॉ. अक्षिता तिवारी**

*** शोधार्थी (वाणिज्य) विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत**
**** सहायक प्राध्यापक (वाणिज्य) लोकमान्य तिलक विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत**

शोध सारांश – कर्मचारी व्यवसाय के लिए रीढ़ की हड्डी के समान है। कुशल कर्मचारी व्यवसाय को सफलता के उच्चतम शिखर तक ले जाते है। व्यवसाय का दायित्व है, कि वह अपने योग्य व कुशल कर्मचारियों को प्रतिधारित करके रखे। मानव एक सामाजिक प्राणी है। वह समाज में रहते हुए सामाजिक गतिविधियों से प्रभावित होता है। वह अपने आर्थिक हित के साथ-साथ सामाजिक हित की भी परिकल्पना करता है।वह उसी संस्था में बने रहना चाहता है, जहाँ उसे अपनी ये दोनों प्रत्याशा पूर्ण होती दिखाई देती है। इस शोध-पत्र का उद्देश्य कर्मचारी प्रतिधारण को प्रभावित करने वाले सामाजिक - आर्थिक कारकों का अध्ययन करना है। शोध अध्ययन हेतु प्रश्नावली का प्रयोग किया गया। अध्ययन के दौरान पाया गया, कि कर्मचारी गतिशीलता का मुख्य कारण उचित वेतन में कमी है। कर्मचारी प्रतिधारण हेतु बेहतर कार्य वातावरण, मान-सम्मान, कार्य संबंधी अधिकार व प्रशंसा आदि का होना अत्यंत आवश्यक है।

शब्द कुंजी – कर्मचारी प्रतिधारण, कर्मचारी गतिशीलता, सामाजिक-आर्थिक कारक।

प्रस्तावना – वर्तमान युग औद्योगिकरण का युग है। औद्योगिक इकाईयाँ पूरे विश्व में अपना सर्वोच्च स्थापित करना चाहती है। अपने उद्देश्य की पूर्ति के लिए वह संस्था स्थल पर अथक प्रयास करती है। उनके इस प्रयास में संस्था के कर्मचारी, पर्यवेक्षक व प्रबंधक अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। कर्मचारियों की कार्यकुशलता व प्रबंधकों की नेतृत्व क्षमता ही संस्था के प्रत्येक उद्देश्य की पूर्ति का मार्ग प्रशस्त करती है। अत: संस्था का दायित्व है, कि वह अपने कुशल कर्मचारियों की आवश्यकताओं की पूर्ति करें एवं उन्हें कार्य संतुष्टि प्रदान करें।

संस्था कर्मचारियों की भर्ती से लेकर उनके प्रशिक्षण तक की प्रक्रिया पर अपना धन व्यय करती है। श्रम लागत के द्वारा संस्था भविष्य में अधिक लाभ कमाने की प्रत्याशा रखती है। यदि प्रशिक्षित कर्मचारी संस्था से पृथक हो जाते है,तो संस्था न केवल अल्प उत्पादन क्षमता का सामना करती है; बल्कि वह एक प्रशिक्षित व कार्यकुशल मानव सम्पत्ति भी खो देती है। अत: कर्मचारी गतिशीलता को रोकना अत्यंत आवश्यक है।

साथ ही कर्मचारी किसी संस्था में प्रवेश के समय अपने मानसिक पटल पर कई सपनों को लेकर आता है। यदि उसे संस्था में अपने सपने पूरे होते नहीं दिखते अर्थात् वह अपने कार्य से संतुष्ट नहीं होता; तो इस स्थिति में उसके भीतर कार्य के प्रति नकारात्मकता आ जाती है। वे अपना कार्य पूर्ण निष्ठा व ईमानदारी से नहीं कर पाते। और नये कार्य की तलाश में अन्य संस्था की ओर गतिशील हो जाते है। कर्मचारी उसी संस्था में बने रहना चाहते है जहाँ उनकी सारी आवश्यकतायें पूर्ति हो सके।

प्रस्तुत शोध-पत्र द्वारा कर्मचारियों की विभिन्न प्रकार की आवश्यकताओं व महत्वकांक्षाओं को जानने का प्रयास किया गया है। कर्मचारी मुख्य रूप से दो कारकों से प्रभावित होते है- सामाजिक कारक व आर्थिक कारक। अधिकांश कर्मचारी प्राथमिक रूप से आर्थिक कारक को पहले प्राप्त करना चाहते है। इसके पश्चात वह सामाजिक कारक की अभिलाषा रखते है। अत: कर्मचारियों को कार्य के प्रति अभिप्रेरित करना, उनके मनोबल में वृद्धि करना, उनके आत्मसम्मान की रक्षा करना एवं उनके सर्वांगीण विकास के लिए अवसर प्रदान करना संस्था का मुख्य दायित्व है।

अध्ययन के दौरान पाया गया, कि अधिकतर कर्मचारी वित्तीय प्रोत्साहन को महत्व देते है। वे उसी संस्था में बने रहना चाहते है; जो उन्हें उचित वेतन, बोनस व अतिरिक्त आय कमाने का अवसर प्रदान करती है। इसके अतिरिक्त वे गैर - वित्तीय प्रोत्साहन को भी आवश्यक मानते है। गैर-वित्तीय प्रोत्साहन का संबंध प्रत्यक्ष रूप से कर्मचारी की मानसिक अभिप्रेरणा से है क्योंकि यह उन्हें तनावमुक्त कार्य वातावरण प्रदान करने में सक्षम है।

शोध – समीक्षा

C K Gomathy et al. (2022)."The Study on Employee Retentions and its Strategies"अध्ययन के दौरान पाया गया कि,संस्था की स्थापनाके साथ ही कर्मचारी प्रतिधारण हेतु रणनीतियाँ बना ली जानी चाहिए। संस्था के विजन, मिशन व नीतियों में ही कर्मचारी प्रतिधारण का समावेश होना चाहिए। उच्च कर्मचारी गतिशीलता के कारण संस्था में योग्य कर्मचारी की कमी, अल्प उत्पादकता एवं मनोबल में कमी आ जाती है। अत: कर्मचारी प्रतिधारण हेतु बेहतर कार्य-वातावरण, कुशल नेतृत्व, उचित व निष्पक्ष वेतन एवं करियर हेतु अवसरों की उपलब्धता आवश्यक है।

M. Ramapriya& S. Sudhamathi (2020)."Theory of Employee Retention Strategies"लेखक द्वारा रणनीतिक मानव संसाधन प्रबंध के महत्व को बताते हुए कहा गया कि कर्मचारी प्रतिधारण हेतु मुख्य रूप से पाँच कारक अपना विशेष योगदान देते है। इसके अंतर्गत -प्रत्येक स्तर पर प्रत्येक कर्मचारी से सम्मानजनक व्यवहार, उचित वेतन व प्रोत्साहन, कर्मचारी व प्रबंधक के मध्य विश्वास, कार्य-सुरक्षा, कर्मचारी की योग्यता व कुशलता का उचित प्रयोग एवं प्रशिक्षण व विकास कार्यक्रम

आदि को शामिल किया गया। निष्कर्ष के रूप में कहा गया है कि कर्मचारी प्रतिधारण का सर्वश्रेष्ठ उपाय कर्मचारी की आवश्यकता व उसकी आकांक्षाओं को जानना एवं उन आवश्यकताओं की पूर्ति करना है।

S. Ulhas Gorde (2019)."A Study of Employee Retention" समीक्षा के दौरान पाया गया, कि कर्मचारी गतिशीलता का मुख्य कारण पर्यवेक्षक व अन्य सहकर्मी से मतभेद एवं निराशा का होना है। उचित कार्य की कमी, कार्य योग्यतानुसार न होना, करियर संबंधी अवसरों में कमी व प्रोत्साहन एवं प्रशंसा में कमी की दशा में कर्मचारी उस संस्था से अलग हो जाते है। अत: संस्था द्वारा कर्मचारियों को प्रतिधारित करने के लिए निम्न प्रक्रिया को अपनाया जाना चाहिए- कर्मचारी आवर्त लागत की गणना करना, कर्मचारी गतिशीलता के कारणों का पता लगाना एवं कर्मचारी प्रतिधारण हेतु योजनायें बनाना। कर्मचारी प्रतिधारण हेतु उचित वेतन, कार्य स्थल पर करियर संबंधी अवसरों की पूर्ति, प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं आकर्षक प्रोत्साहन योजना आदि प्रदान करना है।

शोध कार्य का उद्देश्य –कर्मचारी प्रतिधारण को निर्धारित करने में सामाजिक व आर्थिक दोनों ही कारक अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। अत: कर्मचारी प्रतिधारण के उद्देश्य निम्नानुसार है-

1. कर्मचारी प्रतिधारण को प्रभावित करने वाले सामाजिक कारकों का अध्ययन करना।
2. कर्मचारी प्रतिधारण को प्रभावित करने वाले आर्थिक कारकों का अध्ययन करना।

शोध प्रविधि – शोध प्रविधि शोध कार्य का मार्गदर्शन करती है। इस शोध कार्य हेतु मध्यप्रदेश में स्थित रायसेन जिले के सबसे बड़े औद्योगिक क्षेत्र मण्डीदीप का चयन किया गया। मण्डीदीप में उपस्थित विभिन्न उद्योगों में से विनिर्माण क्षेत्र में कार्यरत उद्योगों का चुनाव यादृच्छिक रूप से किया गया। शोध कार्य हेतु प्राथमिक व द्वितीयक दोनों समंकों का प्रयोग किया गया। यह शोध मुख्यत: प्राथमिक समंक पर आधारित है।आंकड़ों का संग्रह प्रश्नावली के द्वारा किया गया। शोध क्षेत्र से 88% प्रतिदर्श का चुनाव किया गया। प्रतिदर्श में प्रबंध के दोनों स्तरों को शामिल किया गया। इसके अंतर्गत प्रबंधक,पर्यवेक्षक एंव कर्मचारियों का चयन किया गया।

कर्मचारी प्रतिधारण हेतु सामाजिक – आर्थिक कारक – कर्मचारी प्रतिधारण हेतु संस्था द्वारा भिन्न-भिन्न रणनीतियाँ बनाई जाती है। कर्मचारी उन संस्थाओं को अधिक महत्व देते है जो उनकी सामाजिक व आर्थिक दोनों ही आवश्यकताओं की पूर्ति करती है। अत: सामाजिक – आर्थिक कारकों में वह निम्न कारकों को विशेष महत्व देते है-

1. **आर्थिक- सुरक्षा-** कर्मचारी प्रमुख रूप से आर्थिक सुरक्षा की आशा करते है। वह उसी उद्योग का चुनाव करते है जहाँ उन्हें उचित वेतन, बोनस व अन्य आर्थिक सहायता प्राप्त होती है। यह शोध अध्ययन स्पष्ट करता है, कि लगभग 84% कर्मचारी ऐसी कम्पनी का हिस्सा बनना चाहते है; जहाँ उन्हें उचित वेतन प्राप्त हो।
2. **कार्य- सुरक्षा-** औद्योगिक जगत में निरंतर बढ़ रही प्रतियोगिता ने कर्मचारियों को तनावग्रस्त कर दिया है। कर्मचारी उचित वेतन के साथ-साथ कार्य-सुरक्षा की भी आशा रखते है। वह उसी संस्था का हिस्सा बनना चाहते है, जहाँ उनका कार्य सुरक्षित हो। जिससे वह सरलता से अपनी आजीविका का निर्वहन कर सके।
3. **कार्य-वातावरण-** कार्य-वातावरण में दो प्रकार के वातावरण को शामिल किया जाता है। जिसमें पहला; भौतिक वातावरण(स्वच्छ कार्य स्थल, अनुकूल कार्य, समस्त भौतिक सुविधायें) एवं दूसरा; अभौतिक अथवा मानसिक वातावरण (कर्मचारी व प्रबंधक का संबंध, तनावमुक्त कार्य, मतभेद का निराकरण, प्रबंधक द्वारा सहयोग) है। भौतिक वातावरण के साथ साथ मानसिक वातावरण का होना भी आवश्यक है।
4. **सामाजिक-उत्तरदायित्व-**कर्मचारी अपनी संस्था से यह आशा रखते है कि वह उनके साथ -साथ उनके परिवार, समाज, व राष्ट्र के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे। सामाजिक-उत्तरदायित्व के निर्वहन द्वारा कम्पनी अपने कर्मचारी व समाज के समक्ष अपनी छवि का निर्माण करती है। जिसका लाभ उसे दीर्घकाल तक प्राप्त होता रहता है।

शोध आंकड़ों का विश्लेषण एवं विवेचन – यह शोध अध्ययन कर्मचारी के दृष्टिकोण से सामाजिक-आर्थिक कारकों की व्याख्या करता है। कर्मचारी अपनी संस्था से इन दोनों ही कारकों की प्रतिपूर्ति की अपेक्षा रखता है। सामाजिक व आर्थिक कारक कर्मचारी प्रतिधारण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। अत: शोध क्षेत्र के आंकड़ों का विवरण व परिणाम निम्नानुसार है -

तालिका क्र. 1: कर्मचारियों की व्यक्तिगत एवं पेशेवर जानकारी

क्र.	कर्मचारी की जानकारी	कुल कर्मचारी (44)	
		कर्मचारी की संख्या	%
	व्यक्तिगत जानकारी		
1.	लिंग		
	पुरूष	37	84
	महिला	7	16
2.	आयु		
	20 वर्ष से कम	4	10
	20-25 वर्ष	9	20
	25-30 वर्ष	9	20
	30 वर्ष से अधिक	22	50
3.	शैक्षणिक योग्यता		
	हाई स्कूल	17	39
	हायर सेकेंडरी	12	27
	स्नातक	8	18
	स्नातकोत्तर	7	16
4.	वैवाहिकस्थिति		
	विवाहित	29	66
	अविवाहित	15	34
	पेशेवर जानकारी		
5.	पद		
	प्रबंधक	5	11
	पर्यवेक्षक	9	20
	कर्मचारी	30	69
6.	आय		
	8000 से कम	2	4
	8000-10000	6	14
	10000-12000	7	16
	12000 से अधिक	29	66

7.	कार्यरत		
	वर्ष 0-2 वर्ष	8	18
	2-4 वर्ष	7	16
	4-6 वर्ष	8	18
	6 वर्ष से अधिक	21	48
8.	संस्थागत गतिशीलता		
	1	23	52
	2	15	34
	3	3	7
	4 से अधिक	3	7

चार्ट क्र. 1: कर्मचारियों की व्यक्तिगत जानकारी



चार्ट क्र. 2: कर्मचारियों की पेशेवर जानकारी



तालिका क्र. 2 (अगले पृष्ठ पर देखे)
चार्ट क्र. 3 (अगले पृष्ठ पर देखे)

कर्मचारी प्रतिधारण हेतु सुझाव:

1. वित्तीय प्रोत्साहन में वृद्धि के साथ-साथ गैर-वित्तीय प्रोत्साहन को भी बढ़ाया जाना चाहिए।
2. कार्यस्थल पर तनावमुक्त वातावरण स्थापित करना चाहिए। जिससे कर्मचारी पूर्ण कार्यकुशलता से कार्य कर सके।
3. सभी कर्मचारियों, पर्यवेक्षकों व प्रबंधकों को कार्य संबंधी प्रशिक्षण के अतिरिक्त उनके व्यक्तित्व विकास हेतु विकास कार्यक्रम का आयोजन करना चाहिए।
4. एक निश्चित समयांतराल में कर्मचारियों के कार्य व उनकी योग्यतानुसार पदोन्नति की जानी चाहिए।
5. कर्मचारियों के कार्यों का निरीक्षण कर उनकी प्रशंसा की जानी चाहिए।
6. कर्मचारियों को उचित मान-सम्मान मिलना चाहिए।
7. कर्मचारियों के मनोबल में वृद्धि करने के लिए अभिप्रेरणा के नवीन उपकरणों (अतिरिक्त आय, कार्य-संबंधी अधिकार, कार्य संबंधी निर्णय, उपहार आदि) का प्रयोग करना चाहिए।
8. कर्मचारियों के परिवार हेतु विशेष योजना (बच्चों के लिए छात्रवृत्ति, कम्पनी टूर पैकेज) बनायी जानी चाहिए।

निष्कर्ष – संतुष्ट कर्मचारी ही सफल व्यवसाय का द्योतक है। वर्तमान समय में संस्था कर्मचारियों को केवल वित्तीय प्रोत्साहन देकर संतुष्ट नहीं कर सकती, बल्कि उसे अपने कर्मचारियों की गैर-वित्तीय आवश्यकताओं की भी पूर्ति करनी होगी। कर्मचारी की गतिशीलता को कम करने में इन दोनों ही अभिप्रेरकों का होना अति-आवश्यक है। आर्थिक व सामाजिक कारकों का कर्मचारी प्रतिधारण से सीधा संबंध है। कर्मचारी संस्था में बने रहने के लिए आर्थिक कारकों को अधिक महत्व देते है, क्योंकि यह उनके जीवन स्तर को बढ़ाने में सहायता करता है।साथ ही वह कार्य-सुरक्षा, कार्य वातावरण एवं अतिरिक्त सुविधाओं की भी अपेक्षा रखते है। अत: कर्मचारी प्रतिधारण हेतु सामाजिक कारक भी अपना विशेष योगदान देते है। अत: निष्कर्ष के रूप में कहा जा सकता है, कि कर्मचारी प्रतिधारण हेतु सामाजिक व आर्थिक दोनों ही कारकों का होना अनिवार्य है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. Gomathy, C K., Raghavendra., Charan, Tenepalli., & Bhaskar, D.(2022). `The Study on Employee Retentions and Its Strategies'. *International Journal of Scientific Research in Engineering and Management (IJSREM)*. 6(4), 1-5, 2582-3930. www.research gate.com
2. Ramapriya, M., & Sudhamathi, S. (2020). `Theory of Employee Retention Strategies.' Journal *of Interdisciplinary Cycle Research*. 12(2), 1112-1118,0022-1945. www.researchgate.com
3. Ulhas Gorde, Sangita. (2019). `A Study of Employee Retention'.*Journal of Emerging Technologies and Innovative Research*. 6(6), 331-337, 2349-5162. www.jetir.org
4. www.qualtrics.com

तालिका क्र. 2: कर्मचारी को प्रभावित करने वाले सामाजिक–आर्थिक कारकों का वर्गीकरण

कारक	पूर्णत: असहमत (%)	असहमत (%)	न सहमत न असहमत (%)	सहमत (%)	पूर्णत: सहमत (%)	योग(%)
वेतन	0	7	2	23	68	100
कार्य वातावरण	2	0	7	14	77	100
कार्य समय	0	0	2	34	64	100
समान व्यवहार	0	0	0	29	71	100
सहकर्मी का व्यवहार	0	0	0	18	82	100

चार्ट क्र. 3: कर्मचारी को प्रभावित करने वाले सामाजिक–आर्थिक कारकों का वर्गीकरण



****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVI, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

केदारनाथ अग्रवाल के काव्य में प्रकृति-चित्रण

डॉ. ज्योति सिंह* शिवऔतार**

* प्राध्यापक (हिंदी) शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रीवा (म.प्र.) भारत
** शोधार्थी (हिंदी) अवधेश प्रताप सिंहविश्वविद्यालय, रीवा (म.प्र.) भारत

प्रस्तावना – केदारनाथ अग्रवाल के काव्य में प्रकृति चित्रण इस शोध पत्र का वर्ण्य विषय है। इसकी शोध परक विवेचना करने के पूर्व इसके सार रूप पर संक्षिप्त प्रकाश डालना उचित प्रतीत होता है। केदारनाथ अग्रवाल के काव्य में प्रकृति चित्रण की यथार्थ परक झांकी देखी जा सकती है। इस शोध लेख में केदारनाथ अग्रवाल के काव्य में प्रकृति चित्रणकी शोधात्मक विवेचना की गई है। केदारनाथ अग्रवाल प्रगतिशील काव्य-भवन के सुस्पष्ट स्तम्भ हैं। केदार की प्रगतिशीलता अन्यों की प्रगतिशीलता से भिन्न है। उनका अद्भुत प्रकृति-चित्रण उन्हे अन्यों से अलग खडा कर देता है। प्रकृति के चित्रांकन में कवि हैं जो मिलकर रंगारंग हो गये हैं। वास्तव में नियंता की इस सुन्दर सृष्टि में प्रकृति मानव की अमर सहचरी रही है। प्रकृति की गोद में ही पलकर मानव संसार के सौंदर्य का संदर्शन करता है। आदि ग्रन्थ वैदिक साहित्य में प्राप्त प्राकृतिक तत्वों के अत्यधिक वर्णन से यह बात स्पष्ट हो जाती है कि प्रारम्भ से ही प्रकृति से कितना अटूट अनुराग रहा है। आदिकाल से ही प्रकृति ने मानव जीवन को अनेक रूपों में प्रभावित किया है। मानव का अन्तर और वाह्य प्राकृतिक रूप सौंदर्य से अभिभूत रहा है। प्रकृति के संवेदनशील नाना रूपात्मक व गतिशील रूप को देखकर कभी मानव मन विस्मय से तो कभी जिज्ञासा की भावना से भर उठा है। कहने का आशय यह है कि प्रकृति ने आदिकाल से आज तक मानवीय चेतना और साहित्य को अत्यधिक प्रभावित किया है। दूसरों से कुछ अलग हटकर उनके द्वारा उपस्थित किया गया प्रकृति का मनहर सदृश्य, किस रसज्ञ के मन को मुग्ध करनें में समर्थ नही होगा प्रकृति चित्रण के इसी वैशिष्ट्य से अभिभूत होकर मेरे मन में 'केदार काव्य में प्रकृति-चित्रण' शोध-पत्र लिखने की प्रेरणा जगी।

आलम्बन रूप में पंकृति चित्रण-जहाँ कवि प्रकृति को आलम्बन बनाकर विविध प्रकार से प्रकृति वर्णन करता है वहाँ आलम्बन रूप में प्रकृति चित्रण माना जाता है कवि ने 'चन्द्र गहना से लौटती बेर' शीर्षक कविता मे चने के पेड़ का स्वतन्त्र चित्रण कर प्रकृति का आलम्बन रूप दर्शाया है उदाहरण दृष्टव्य है-

'देख आया चन्द्र गहना।
देखता हूँ दृश्य अब मैं
मेड़ पर इस खेत की बैठा अकेला।
एक बीते के बराबर
यह हरा ठिगना चना,
बाँधे मुरैठा शीश पर
छोटे गुलाबी फूल का,
सज कर खड़ा है।'[1]

'प्रात-चित्र कविता' मे कवि ने रवि का आलम्बन रूप में चित्रण किया है-

'रवि-मोर सुनहरा निकाला,
पर खोल सबेरा नाचा,
भू-भारकनक गिरि पिघला,
भूगोल मही का बदला।
नवजात उजेला दौड़ा,
कन-कन बन गया रूपहला।
मधुगीत पवन ने गाया,
संगीत हुई यह धरती,
हर फूल जगा मुसकाराया।'[2]

कवि केदार ने 'खेत का दृश्य' कविता में खेत के दृश्य का वर्णन आलम्बन रूप में किया है। उसको स्वतन्त्र प्रकृति चित्रण के रूप में देखा जा सकता है-

'आसमान की ओढ़नी ओढ़े,
धानी पहने
फसल घँघरिया,
राधा बन कर धरती नाची,
नाचा हँसमुख
कृषक सँवरिया।
माती थाप हवा की पड़ती,
पेडों की बज
रहीढुलकिया
जी भर फाग पखेरू गाते,
ढरकी रस की
राग-गगरिया।'[3]

'वंसत' नामक कविता में कवि ने वंसन्त का आलम्बन रूप में चित्रण कर आलम्बन रूप को प्रदर्शित किया है उदाहरण दृष्टव्य है

हिम से हत संकुचित प्रकृति अब फूली
रूप-राग-रस गंध-भार भर झूली
रंगो से अभिभूत हुई चट्टानें
जड़ता में जागीं जीवन की ताने

नभ में भी आलोक–नील गहराया
सागर ने संगीत तरंगित गाया
आठ रूप शिव के, समाधि को त्यागे
मृण्मय अवनी के अंगो में जागे
वासंतिक वैभव यौवन पर आया
हरा–भरा संसार खिला मुसकाया।'[4]

कवि केदार को प्रकृति से अतिशय अनुराग है। कोयल की मधुर ध्वनि से कवि का हृदय–प्रसून प्रस्फुटित हो उठता है। उसकी जिजिविषा जाग उठती है।

कोयल कुहुकी
फिर फिर कुहुकी
रह–रह कर फिर फिर कुहुकेगी
बिन कुहुके वह नही रहेगी
चाहे जितना उत्तपित हो
आतप से वह संतापित हो।'[5]

'फूल नहीं रंग बोलते हैं' काव्य संग्रह में कवि ने चिडिया का आलम्बन रूप में चित्रण किया है।

'वह चिड़िया जो
चोंच मार कर
दूध–भरे जुण्डी के दाने
रूचि से रस से खा लेती है
वह छोटी संतोषी चिड़िया
नीले पंखो वाली मै हूँ
मुझे अन्न से बहुत प्यार है।'[6]

जहाँ प्रकृति मानवीय भावनाओं को उद्दीप्त हुई अंकित की जाती है वहाँ प्रकृति चित्रण उद्दीपन के रूप में कहा जाता है। कवि संयोग और वियोग दोनो ही अवसरों पर भावों को उद्दीप्त करने के लिए प्रकृति का प्रयोग करता है कवि केदार ने भी प्रकृति के उद्दीपन रूप की अत्यन्त चित्तकर्षक झाकियाँ प्रस्तुत की है सुग्गे और सारस का स्वर कवि की प्रेम भावना को उद्दीप्त करते है।

'सुन पड़ता है
मीठा–मीठा रस टपकता
सुग्गे का स्वर
टें टें टें टें,
सुन पड़ता है
वनस्थली का हृदय चीरता,
उठता गिरता,
सारस का स्वर
टिरटो टिरटों
मन होता है
उड़ जाऊँ मैं
पर फैलाये सारस के संग
जहाँ जुगुल जोड़ी रहती है
हरे खेत में,
सच्ची प्रेम कहानी सुन लूँ
चुप्पे–चुप्पे।'[7]

जैसे ही धूप आती है कवि को लगता है उसकी प्रेयसी आई है। कवि ने धूप का उद्दीपन रूप में चित्रण किया है–

'हे मेरी तुम
आज धूप जैसे आई
और दुपट्टा
उसने मेरी छत पर रक्खा
मैंने समझा तुम आयी हो।
दौडा मैंने तुमसे मिलने को
लेकिन मैंने तुम्हे न देखा
बार–बार आंखो से खोजा
वही दुपट्टा मैंने देखा
अपनी छत के ऊपर रक्खा।'[8]

कवि केदार नाथ अग्रवाल को प्रकृति नारी के रूप में ही सर्वाधिक दिखती है। कवि कभी तो प्रकृति पर कल्पना के अनेक रंग छिड़कता है और कभी निस्पन्द दृष्टि से निहारता है। नारी को प्रकृति का उपादान मानकर उसका जमकर चित्रण किया है प्रकृति को वे प्रिया मानते हैं और वे इसी प्रिया से प्रेरणा लेकर काव्य–सृजन हेतु समर्पित हुए–

'कविता यों ही बन जाती है
बिना बनाये
क्योंकि हृदय में तड़प रही है
याद तुम्हारी।'[9]

कवि खेत की मेड़ पर अकेले बैठा है और अलसी का नारी रूप उद्घाटित करते हुए कहता है कि चने के पेड़ के पास ही हठीली अलसी भी उगी है जो देह की पतली और कमर की लचीली है, वह सिर पर नीले फूले चढाकर मानो यह कह रही है कि जो मुझे छुयेगा उसे मै हृदय का दान दूँगी इसी प्रकार उन्होने सरसों का भी बड़ा मोहक नारी रूप प्रस्तुत किया है। प्रकृति के ये नारी रूप इन पंक्तियों में द्रष्टव्य हैं–

'पास ही मिल कर उगी है
बीच में असली हठीली
देह की पतली, कमर की है लचीली,
नीले फूल को सिर पर चढ़ा कर
कह रही है, जो हुये यह
दूँ हृदय का दान उसको।
और सरसों की न पूछों–
हो गयी सबसे सयानी,
हाथ पीले कर लिये है
व्याह–मंडप में पधारी।'[10]

केदार नाथ अग्रवाल जी का प्रकृति–चित्रण प्रगतिवादी तेवर को लिए छायावादी कवियों से भिन्न है उनके प्रकृति निरूपण में यथार्थता एवं ग्रामीण परिवेश का सम्पूर्ण चित्रण मिलता है। 'खेत का दृश्य' नामक कविता में फसल और धरती को नारी रूप में चित्रित करती हुयी ये पक्तियाँ देखी जा सकती है–

'आसमान की ओढ़नी ओढ़े
धानी पहने
फसल धँधरिया,
राधा बन कर धरती नाची,
नाचा हँसमुख

कृषक सँवरिया।'[11]

कवि को तो पैरों से लिपिटी हुयी धूल गाँव की गोरी जैसी लगती है जो उपेक्षित होकर नीचे पड़ी हुयी है और जिसे इस अनुपयुक्त ठौर से किसी ने भी नही उठाया। यहाँ धूल का नारी रूप प्रदर्शित है

'लिपट गयी तो धूल पाँव से
वह गोरी है इसी गांव की
जिसे उठाया नही किसी ने
इस कुठाव से।'[12]

कवि ने धूप नामक कविता में धूप को नारी रूप में चित्रित किया है चाँदी की साड़ी पहने धूप चमकती है। वह मायके में आई बेटी की तरह प्रसन्न है। इस कविता में कवि ने सरसों को भी नारी रूप में रूपायित किया है।

'धूप चमकती है चाँदी की साड़ी पहने
मैके में आयी बेटी की तरह मगन है
फूली सरसों की छाती से लिपट गयी है
जैसे दो हमजोली सखियाँ गले मिली हैं।'[13]

निष्कर्ष – इस प्रकार निष्कर्ष रूप में कह सकते हैं कि केदारनाथ अग्रवाल के काव्य में प्रकृति चित्रण, अत्यंत विकसित है। केदार नाथ अग्रवाल का प्रकृति से अटूट सम्बन्ध और अपरिमित प्रेम है इसलिए कवि ने हर तेवर से प्रकृति को ग्रहण किया है और प्रकृति के अवलम्बन से केदार ने उत्कृष्ट काव्य सृजन करके समाज को समर्पित किया।कवि के अद्भुत प्रकृति चित्रण पर उनके विद्वान सर्जक विमुग्ध हुए। कतिपय कविमनीषियों द्वारा केदार के प्रकृति प्रेम पर की गयी महत्वपूर्ण टिप्पणियों का यहाँ उल्लेख करना भी समीचीन है। प्रकृति के सुकुमार कवि सुमित्रानन्दन पन्त अपने अभिमत में कहते हैं। केदार हृदय के सहज कवि हैं। अपनी कविताओं में वे निरन्तर सहजता की रक्षा कर सके हैं किन्तु वे मात्र सरल कवि नही है, गूढ़ भी है। अपने काव्य में उन्होने नदी संवेदनाओं को वाणी दी है। उनकी प्रकृति सम्बन्धी कविताओं में भी जीवन के प्रति एक गहरा ममत्व प्राप्त होता है। इस प्रकार उक्त शोधपत्र की शोधात्मक विवेचना से यह स्पष्ट हो जाता है कि केदारनाथ अग्रवाल के काव्य में प्रकृति चित्रण की चेतनाएँ विद्यमान हैं।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. फूल नही रंग बोलते है – केदार नाथ अग्रवाल, प्र0सं0–02, परिमल प्रकाशन, इलाहाबाद, सन्–1965
2. फूल नही रंग बोलते है – केदार नाथ अग्रवाल, प्र0सं0–30, परिमल प्रकाशन, इलाहाबाद, सन्–1965
3. फूल नही रंग बोलते है – केदार नाथ अग्रवाल, प्र0सं0–31, परिमल प्रकाशन, इलाहाबाद, सन्–1965
4. फूल नही रंग बोलते है – केदार नाथ अग्रवाल, प्र0सं0–37, परिमल प्रकाशन, इलाहाबाद, सन्–1965
5. बोले बोल अबोल–केदार नाथ अग्रवाल, प्र0सं0–127, परिमल प्रकाशन, इलाहाबाद, सन्–1985
6. फूल नही रंग बोलते है – केदार नाथ अग्रवाल, प्र0सं0–101, परिमल प्रकाशन, इलाहाबाद, सन्–1965
7. फूल नही रंग बोलते है – केदार नाथ अग्रवाल, प्र0सं0–19, परिमल प्रकाशन, इलाहाबाद, सन्–1965
8. फूल नही रंग बोलते है – केदार नाथ अग्रवाल, प्र0सं0–52, परिमल प्रकाशन, इलाहाबाद, सन्–1965
9. समीक्षाएँ एवं मूल्यांकन–रामचद्र मालवीय, प्र0सं0–47,48 शब्दपीठ मालवीय, सन्–1980
10. फूल नही रंग बोलते है– केदार नाथ अग्रवाल, प्र0सं0–17, परिमल प्रकाशन, इलाहाबाद, सन्–1965
11. फूल नही रंग बोलते है – केदार नाथ अग्रवाल, प्र0सं0–31, परिमल प्रकाशन, इलाहाबाद, सन्–1965
12. फूल नही रंग बोलते है– केदार नाथ अग्रवाल, प्र0सं0–49, परिमल प्रकाशन, इलाहाबाद, सन्–1965
13. फूल नही रंग बोलते है– केदार नाथ अग्रवाल, प्र0सं0–63, परिमल प्रकाशन, इलाहाबाद, सन्–1965

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVI, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

A Brief Study of Environment Friendly Chemicals Green Chemistry

Mrs. Parul Singh*

***Assistant Professor (Chemistry) Dr. A.P.J. Abdul Kalam University, Indore (M.P.) INDIA**

Abstract - Green chemistry reduces the amount of pollutants present in the environment. Green chemistry refers to the application of scientific knowledge to reduce harmful substances through developmental activities. Green chemistry (also called sustainable chemistry) is known as a field of chemistry that focuses on designing products and processes that eliminate or reduce the use and production of hazardous substances. It is a unique approach to developing alternative green and sustainable technologies. As there has been an increase in the use of fertilizers and pesticides to become self-sufficient in terms of food production. Over-exploitation of soil and use of excessive pesticides and fertilizers have deteriorated the quality of soil, air and water. We can discover methods that will help in reducing pollution.

Introduction - Green chemistry, also known as eco-friendly chemistry or sustainable chemistry, is a type of chemistry that is environmentally friendly. The definition of green chemistry proposed by scientists Paul Anastas and John Warner, in which they described green chemistry as the creation of chemical products and processes that reduce or eliminate the use and production of hazardous compounds, most likely is the accepted definition.

Green chemistry is the process of thinking about and using existing skills and knowledge to reduce the harmful effects of pollution on the environment. During any production process, by-products are generated, which are mainly harmful, and if not used appropriately, they cause environmental pollution. Green chemistry is playing an important role in making the environment clean and pure. The use of knowledge to reduce chemical hazards with development activities is the basis of green chemistry or sustainable chemistry.

Green chemistry is an alternative means of reducing pollution - Twelve Principles of Green Chemistry - It is true that green chemistry is an alternative means of reducing pollution. The following principles justify it.

1. Prevention – It is better to prevent garbage than to clean it. This helps in inefficient use of resources and prevents wastage.
2. Nuclear economy – Innovation of synthetic methods to incorporate all the materials used in the process into the final product. This will reduce waste production.
3. Less hazardous chemical synthesis – Synthetic technologies should avoid the use or production of substances toxic to human health or the environment.
4. Design of safe chemicals – Chemical products should be designed to achieve their desired function while being as non-toxic as possible. Minimizing toxicity, as well as maintaining function and efficacy, can be one of the most challenging things in designing safe products and processes. Achieving this goal requires an understanding of not only chemistry but also the principles of toxicology and environmental science. Chemists often use these highly reactive chemicals to manufacture products. Therefore, designing safe chemicals requires complete knowledge along with excellent skills.
5. Safe solvents and excipients – excipients should be avoided wherever possible, and used in a non-hazardous manner as far as possible.
6. Design for energy efficiency – Energy requirements should be identified according to their environmental and economic impacts, and efforts should be made to reduce them. Energy processes should be conducted at ambient pressure and temperature whenever possible.
7. Use of renewable feedstocks – Whenever technically and economically practical, renewable feedstocks or raw materials should always be preferred over non-renewable ones. Having all of our future fuels, chemicals and materials made from renewable feedstocks or never-ending feedstocks is an important concept to focus on.
8. Minimize derivatives – One of the important principles of green chemistry is to minimize the use of derivatives and protecting groups in the synthesis of the target product. Unnecessary use of derivatives such as protecting groups should be avoided if possible; such steps require additional reagents and may generate additional waste.

9. Catalysis – Compared to stoichiometric reagents, catalytic reagents (as selective as possible) are better than them. It can be used to repeat the reaction in smaller quantities which is superior to stoichiometric reagents.
10. Design for degradation – Chemical products should be designed in such a way that they do not have any harmful effect on the environment. Chemical products must be broken down into non-toxic products. Green chemistry practitioners attempt to optimize the commercial function of a chemical, while minimizing its risks.
11. Real-time analysis for pollution prevention – Analytical methods should be further developed to monitor and control the process in real-time before hazardous substances are created.
12. Inherently safe chemistry for accident prevention – the substances used in chemical processes and the form of the substance are safe.

Impact of Green Chemistry – Green chemistry is a proactive approach to pollution prevention. Green chemistry is based on the following principles.



Green chemistry topic in chemical engineering – chemistry studied regarding alternatives to toxic solvents that are renewable in nature. Thus, green chemistry has great potential to reduce the toxicity of industrial sectors by developing safer alternatives.

Typical synthetic techniques in green chemistry :

1. Processes can be adapted by improving specific synthetic methods to make them more environmentally friendly.
2. Emphasis has been laid on preventing waste generation and cleaning after construction.
3. Use synthetic methods to produce substances that are not harmful to human health and the environment.
4. How to design chemical products to maintain effectiveness without using too many additional substances.

Some of the major topics in green chemistry today include reducing our dependence on non-renewable energy sources, reducing industrial carbon footprints, decomposing landfill waste, and taking advantage of abundant resources (waste) that no one wants. Is - for example carbon dioxide.



Conclusion – Green chemistry aims to reduce chemical-related impacts on human health and virtually eliminate environmental pollution through dedicated, sustainable prevention programs. Green chemistry searches for alternative, environmentally friendly reaction media as well as attempts to increase reaction rates and reduce reaction temperatures. The term green chemistry is used to describe the use of more environmentally friendly ingredients in place of hazardous chemicals in the manufacturing, use, and disposal of consumer products. Sustainable green chemistry aims to reduce pollution and negative environmental impacts associated with industrial waste and product disposal by incorporating more environmentally friendly chemicals into design and manufacturing processes.

Suggestion:

1. Green chemicals are the pillars that hold our sustainable future. In the development of green chemistry, it has been realized that the next generation of scientists should be trained in methods, techniques and principles with green chemistry as their core subject.
2. Students should be educated about the structure, results, mechanisms, controlling forces and economic values of chemical processes as well as the attendant hazards of these chemicals and processes to human health and the environment.
3. Teachers need appropriate tools, training and materials to effectively integrate green chemistry into their

teaching and research. The following important steps need to be taken to integrate green chemistry into the curriculum.

i. Development and use of experimental laboratory tests to demonstrate green chemistry principles.
ii. To give information about the basic concepts of chemical toxicology and the evidentiary basis of danger.
iii. To encourage students/researchers to work on green chemistry projects.
iv. Preparing reference material to include green chemistry in existing courses.

4. The most successful chemical companies of the future will be those that can capitalize on their competitive advantage opportunities and the most successful chemicals of the future will be those that can utilize green chemistry concepts in R&D, innovation and education.

References:-

1. ACS Green Chemistry
2. A Guide to Green Chemistry Experiments for Undergraduate Organic Chemistry Labs from Beyond Benign
3. Anastas, Paul T.; Warner, John C. (1998). Green Chemistry: Theory and Practice. Oxford [England]; New York: Oxford University Press.
4. Approaches to Incorporating Green Chemistry and Safety into Laboratory Culture: *J. Chem. Educ.*, 2021, 98, 84.
5. *Clark, J. H.; Luque, R.; Matharu, A. S. (2012). "Green Chemistry, Biofuels, and Biorefinery".* Annual Review of Chemical and Biomolecular Engineering*. 3: 183–207.* doi:10.1146/annurev-chembioeng-062011-081014*.* PMID 22468603*.*
6. *Cernansky, R. (2015).* "Chemistry: Green refill"*. Nature. 519 (7543): 379–380.* doi:10.1038/nj 7543-379a. PMID 25793239*.*
7. *Clark, J. H. (1999). "Green chemistry: Challenges and opportunities". Green Chemistry. 1: 1–8.* doi:10.1039/A807961G*.*
8. *Marteel, Anne E.; Davies, Julian A.; Olson, Walter W.; Abraham, Martin A. (2003).* "GREEN CHEMISTRY AND ENGINEERING: Drivers, Metrics, and Reduction to Practice"*.* Annual Review of Environment and Resources*. 28: 401–428.* doi:10.1146/annurev.energy.28.011503.163459*.*
9. Poliakoff, M.*; Licence, P. (2007). "Sustainable technology: Green chemistry". Nature. 450 (7171): 810–812.* Bibcode:2007Natur.450..810P. doi:10.1038/450810a*.* PMID 18064000*.* S2CID 12340643*.*
10. *Sanderson, K. (2011).* "Chemistry: It's not easy being green"*. Nature. 469 (7328): 18–20.* Bibcode:2011Natur.469...18S*.* doi:10.1038/469018a*.* PMID 21209638*.*
11. Toxics Use Reduction Institute (TURI) at the University of Massachusetts Lowell
12. United States Environmental Protection Agency (EPA) Basics of Green Chemistry
13. *Vert, Michel; Doi, Yoshiharu; Hellwich, Karl-Heinz; Hess, Michael; Hodge, Philip; Kubisa, Przemyslaw; Rinaudo, Marguerite; Schué, François (2012).*" Terminology for biorelated polymers and applications (IUPAC Recommendations 2012)" (PDF). Pure and Applied Chemistry*. 84 (2): 377–410.* doi:10.1351/PAC-REC-10-12-04. S2CID 98107080*.*
14. *Woodhouse, E. J.; Breyman, S. (2005). "Green chemistry as social movement?". Science, Technology, & Human Values. 30 (2): 199–222.* doi:10.1177/0162243904271726*.* S2CID 146774456
15. www.google.com

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVI, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

शिवार्य कृत 'भगवती आराधना' में समाज व संस्कृति की झलक

रुचि जैन* डॉ. सत्यप्रकाश पाण्डे डॉ. संगीता मेहता*****

* शोधार्थी (दर्शनशास्त्र) श्री अटल बिहारी वाजपेई शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, इन्दौर (म.प्र.) भारत
** शोध-निर्देशक(दर्शनशास्त्र) श्री अटल बिहारी वाजपेई शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, इन्दौर (म.प्र.) भारत
*** सह शोध-निर्देशक (संस्कृत) श्री अटल बिहारी वाजपेई शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, इन्दौर (म.प्र.) भारत

प्रस्तावना – आचार्य शिवार्य कृत **भगवती आराधना** में प्रमुख रूप से जैन-धर्म की आचार मीमांसा के प्रमुख अंग समाधिमरण और चार प्रकार की आराधनाओं का वर्णन किया है। शिवार्य के समक्ष जैन संघ के चारों अंग साधु, साध्वी, श्रावक तथा श्राविका का समाज रहा है। उनके आत्म विकास के सम्बन्ध में भगवती आराधनाकार ने उक्त ग्रन्थ में विस्तार से विभिन्न विषयों को प्रस्तुत किया है। प्रसंगवश शिवार्य के समकालीन समाज और संस्कृति का चित्रण भी इस ग्रन्थ में उपलब्ध है।

आचार्य शिवार्य ने समाज में आदर्श जीवन का निर्वाह करने के लिए साधुओं की आचार संहिता के अन्तर्गत महाव्रतों के प्रसंग में कहा है कि तरुण एवं वृद्ध की संगति भिन्न-भिन्न प्रकार से जीवन पर प्रभाव डालती है, अवस्था मात्र से कोई वृद्ध अथवा तरुण नहीं होता अपितु जिसके शील, क्षमा, सन्तोष आदि गुण बढ़े हुए हो वहीं वृद्ध अर्थात् अनुभवी कहे जाने योग्य हैं, ऐसे शील और चरित्र से युक्त व्यक्तियों की सेवा करना वृद्ध सेवा है, गुणों से वृद्ध पुरुषों की सेवा करने से मनुष्य के गुणों में वृद्धि होती है।[1]

नेतृत्व आज शिक्षा के सबसे अधिाक चर्चित मुद्दों में से एक है। नेतृत्व व्यवहार को अलग-अलग दृष्टिकोणों से परिभाषित किया गया है। व्यवहारवादी प्रबन्धशास्त्रियों ने इसे दूसरे व्यक्तियों को प्रभावित करने की प्रक्रिया के रुप में परिभाषित किया है वहीं अन्य प्रबन्धशास्त्रियों ने इसे उद्देश्य प्राप्ति के लिए दिशा निर्देशन देने के रुप में परिभाषित किया है। सामान्य शब्दों में नेतृत्व का आशय किसी व्यक्ति के उस गुण से है, जिसके माध्यम से वह अन्य व्यक्तियों का मार्गदर्शन करता है।

इस प्रकार स्पष्ट है कि नेतृत्व या नेतृत्व व्यवहार वह व्यक्तिगत गुण है, जिससे एक व्यक्ति किसी दूसरे व्यक्ति की इच्छा को इस प्रकार प्रभावित करता है कि वह संस्था के उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिये स्वैच्छिक रूप से उत्साहपूर्वक तैयार हो जाये। यह दूसरों को प्रभावित करने तथा उनके साथ पूर्ण सहयोग व्यवहार करने का कार्य है तथा इसमें अन्य व्यक्तियों की क्रियाओं का मार्गदर्शन किया जाता है। एक शिक्षक का नेतृत्व व्यवहार उसके व्यवहार के विभिन्न पक्षों को प्रभावित करता है। जैसे- समायोजन आत्म विश्वास, आत्म अभिव्यक्ति इत्यादि। शिक्षक की पेशेवर सामंजस्य भी संभवत: नेतृत्व व्यवहार से प्रभावित हो सकता है। पूर्व में किए गय कुछ शोध भी इसकी पुष्टि करते है। पेशेवर सामंजस्य से तात्पर्य किसी व्यवसाय पेशे के अनुकूलित व्यवहार प्रदर्शित करना तथा अपने काम का सुचारु रुप से संचालन करना। नेतृत्व व्यवहार, पेशेवर सामंजस्य के महत्व को देखते हुए शोधार्थी की इनके परस्पर सम्बन्ध एवं परस्पर पड़ने वाले प्रभाव को जानने में रुचि उत्पन्न हुई अत: शोधार्थी द्वारा शोध के विषय के रुप में शिक्षको के नेतृत्व व्यवहार का उनके पेशेवर सामंजस्य के सहसम्बन्ध का अध्ययन का चयन किया गया।

सम्बन्धित शोध साहित्य का अध्ययन – शोधकर्ता द्वारा नेतृत्व व्यवहार, पेशेवर सामंजस्य तथा आत्म प्रभावकारिता से सम्बन्धित पूर्व में किए गए विभिन्न शोध की समीक्षा की गई है। शोधकर्ता द्वारा नेतृत्व व्यवहार से सम्बन्धित समीक्षा में देखा गया कि नदीम एन. (2012) द्वारा संस्था के सन्दर्भ में शिक्षकों के नेतृत्व व्यवहार तथा शैली का अध्ययन किया गया है। मल्होत्रा एवं भाटिया (2019) के द्वारा प्रधानाचार्य के नेतृत्व व्यवहार तथा शिक्षकों की शिक्षण प्रभावशीलता के बीच सम्बन्ध का अध्ययन किया गया है तथा परिणामस्वरुप इनके मध्य सार्थक सहसम्बन्ध पाया गया । इसी प्रकार इस्बियन्ती (2016) के द्वारा क्रीडा खण्ड में शिक्षक के नेतृत्व व्यवहार का अध्ययन किया गया है तथा अध्ययन के माध्यम से शिक्षक के कक्षा एवं कक्षा के बाहर के नेतृत्व व्यवहार के महत्व को उजागर किया गया

है।

शोधकर्ता द्वारा पेशेवर सामंजस्य से सम्बन्धित अध्ययन की समीक्षा करने पर देखा गया कि पार्थीपन एवं वंकेटराधानम (2017) ने शिक्षकों के पेशेवर सामंजस्य का उनके शिक्षण के प्रति अभिवृत्ति का अध्ययन किया तथा यह पाया कि पेशेवर सामंजस्य तथा शिक्षण के प्रति अभिवृत्ति में कोई सम्बन्ध नही है। दुचेवा (2005) ने शिक्षकों के कैरियर विकास में पेशेवर सामंजस्य की भूमिका का अध्ययन किया। हैदर (2012) ने शिक्षकों की शैक्षणिक योग्यता वार व्यवसायिक समायोजन का तुलनात्मक अध्ययन किया।

शोधकर्ता द्वारा शिक्षकों की आत्म प्रभावकारिता से सम्बन्धित शोध की समीक्षा करने पर पाया गया कि मेहलर (2015) ने शिक्षकों की आत्म प्रभावकारिता और उत्साह के लिए सीखने के अवसर का अध्ययन किया। क्लार्क एवं बेट्स (2003) ने व्यावसायिक विकास के सन्दर्भ में स्वाप्रभावकारिता, विश्वास तथा शिक्षक प्रभावकारिता का अध्ययन किया। शोधकर्ता द्वारा शोध की समीक्षा द्वारा यह पाया गया कि नेतृत्व व्यवहार, तथा पेशेवर सामंजस्य के मध्य सहसम्बन्ध का चरों के साथ अध्ययन किया गया है तथा शोधकर्ता द्वारा इन्ही चरों पर अध्ययन करने का निश्चय किया गया है।

समस्या कथन – माध्यमिक विद्यालय के शिक्षकों के नेतृत्व व्यवहार का उनके पेशेवर सामंजस्य के सहसम्बन्ध का अध्ययन।

अध्ययन का औचित्य – अपने घर के अतिरिक्त विद्यालय ही एक मात्र ऐसा स्थान है जहाँ शिक्षक सबसे अधिक समय व्यतीत करता है। वही शिक्षक अपने ज्ञान तथा कौशल का विकास करता है। एक शिक्षक की नेतृत्व व्यवहार का पेशेवर सामंजस्य पर प्रभाव पड़ना स्वाभाविक है। वास्तव में शिक्षक का नेतृत्व व्यवहार अत्यन्त प्रमुख गुण है। शिक्षकों का नेतृत्व व्यवहार जितना अच्छा होगा उनके पेशेवर सामंजस्य उतना ही अधिक होगा।

शिक्षक में वे सभी आवश्यक गुण निहित होने चाहिए जिससे शिक्षकों के अनुकूल वातावरण पठन–पाठन सम्भव हो सके। शिक्षक अपने आप को उस विद्यालय के दिशा–निर्देशों के अनुकूल ढाल सके तथा अपने पेशे के कार्य को उच्च कोटि तक ले जाने में समर्थ हो सके। नेतृत्व व्यवहार से सम्बन्धित शोध के अध्ययनों से भी यह संकेत मिलता है कि शिक्षक का नेतृत्व व्यवहार उनके पेशेवर सामंजस्य को प्रभावित करता है।

सम्बन्धित साहित्य के अध्ययन में यह भी पाया गया कि शिक्षकों के नेतृत्व व्यवहार, पेशेवर सामंजस्य का अन्य चरों के साथ पूर्व में अध्ययन किए गए है परन्तु इन दोनों चरों का एक साथ अध्ययन नही किया गया है। इसीलिए शोध पत्र के विषय के रूप में **'माध्यमिक विद्यालय के शिक्षकों के नेतृत्व व्यवहार का उनके पेशेवर सामंजस्य के सहसम्बन्ध का अध्ययन'** को लिया है।

अध्ययन का उद्देश्य :

1. माध्यमिक विद्यालय के शिक्षकों के नेतृत्व व्यवहार एवं उनके पेशेवर सामंजस्य के मध्य सार्थक सहसम्बन्ध का अध्ययन करना।
2. माध्यमिक विद्यालय के शिक्षकों के उच्च औसत और निम्न नेतृत्व व्यवहार का उनके पेशेवर सामंजस्य पर मुख्य एवं अन्त:क्रियात्मक प्रभाव का अध्ययन करना।

अध्ययन की परिकल्पनाएँ :

Ho 1. माध्यमिक विद्यालय के शिक्षकों के नेतृत्व व्यवहार एवं उनके पेशेवर सामंजस्य के मध्य सार्थक सहसम्बन्ध नही पाया जायेगा।

Ho 2: माध्यमिक विद्यालय के शिक्षकों के उच्च औसत और निम्न नेतृत्व व्यवहार का उनके पेशेवर सामंजस्य पर मुख्य एवं अन्त: क्रियात्मक प्रभाव नही पाया जायेगा।

शोध प्रविधि– किसी भी अनुसंधान में सत्य की प्राप्ति के लिए एक शोध विधि को निश्चित करना होता है। वर्तमान में प्रस्तुत शोध अध्ययन में **सर्वेक्षण विधि** का प्रयोग किया जाएगा। इसे वर्णानात्मक अनुसंधान के नाम से भी जाना जाता है। वर्णनात्मक अनुसंधान वह प्रक्रिया है जिसके अंर्तगत परिस्थितियों का वर्णन और विश्लेषण किया जाता है।

सांख्ययिकी विधि– संकलित किए गये ऑकड़ों की प्रकृति के अनुसार उपयुक्त सांख्ययिकी विधियों का प्रयोग किया गया है।

जनसंख्या एवं न्यादर्श – 'जनसंख्या का अर्थ इकाईयों के समूह से होता हैं अर्थात इकाईयों के पूर्ण समूह को जिसके लिए चर का मान निकालना अभीष्ट हैं, जनसंख्या कहलाता हैं।' प्रस्तुत अध्ययन बिलासपुर जिले के माध्यमिक स्तर के विद्यालय में कार्यरत शिक्षकों को जनसंख्या के रुप में लिया गया है। प्रस्तुत शोध में शोधार्थी ने अपने अध्ययन के लिए बिलासपुर जिले के माध्यमिक विद्यालय के शिक्षकों का चयन किया। न्यादर्श हेतु शोधार्थी ने 'यादृच्छित न्यादर्श विधि' (Randam Sampling Method) का प्रयोग किया है।

प्रस्तुत शोध में सरकारी एवं गैर सरकारी माध्यमिक विद्यालयों के 400 शिक्षकों को लिया जाएगा। जिसमें 200 शिक्षक सरकारी और 200 गैर सरकारी माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों न्यादर्श के रुप में लिया गया। न्यादर्श की संख्या को शोध गुणवत्ता की आवश्यकता के अनुसार बढ़ाया या घटाया जा सकता है।

प्रयुक्त उपकरण –

1. S. Arul Lawrence – Teachers Leadership Behavior Scale (TLBS-LA)
2. Vishal Sood and Sapna Sen- Teacher Self Efficacy Scale (TSES-SVSS)
3. H. Rizvi – Teachers Professional Adjustment Inventory (TPAI-RHA)

आंकड़ो का विश्लेषण और व्याख्या –

Ho 1. माध्यमिक विद्यालय के शिक्षकों के नेतृत्व व्यवहार एवं उनके पेशेवर सामंजस्य के मध्य सार्थक सहसम्बन्ध नही पाया जायेगा।

सारणी 1 (अगले पृष्ठ पर देखे)

व्याख्या– सारणी क्रमांक 1 से स्पष्ट होता है कि शिक्षकों के नेतृत्व व्यवहार एवं उनके पेशेवर सामंजस्य के बीच सहसंबंध गुणांक r = 0.95है। df =798 पर r का सारणी मूल्य 0.05 व 0.01 सार्थकता स्तर पर क्रमश: 0.07व 0.09पाया गया जो कि दोनो सारणी मूल्यों से अधिक है अत: यह दोनो चरों के मध्य धनात्मक सहसंबंध दर्शाता है। अत: यह परिकल्पना 0.01 एवं 0.05 दोनो ही स्तर पर अस्वीकृत की जाती है।

निष्कर्ष–अत: हमारी परिकल्पना क्रमांक –2 माध्यमिक विद्यालय के शिक्षकों के नेतृत्व व्यवहार एवं पेशेवर सामंजस्य के मध्य सार्थक सहसम्बन्ध नही पाया जायेगा**अ** अस्वीकृत होती है।

Ho 2. माध्यमिक विद्यालय के शिक्षकों के उच्च औसत और निम्न नेतृत्व

व्यवहार का उनके पेशेवर सामंजस्य पर मुख्य एवं अन्त: क्रियात्मक प्रभाव नही पाया जायेगा।

सारणी2 (निचे देखे)

$\Sigma X = \Sigma X1+\Sigma X2+\Sigma X3$
N= n1+ n2+ n3
Step 1: Correction(C)
Step 2 : Total Sum of Squares (SST)
Step 3 : Sum of squares between gropus (SSB)
Step 4 : Sum of Squares Between Groups (SSW)

निष्कर्ष – नेतृत्व व्यवहार वाले शिक्षकों के पेशेवर सामंजस्य में सहसम्बन्ध पाया गया। शिक्षकों का नेतृत्व व्यवहार जितना अधिक प्रभावशाली व विद्यार्थियों के अनुकूल होगा, उनका पेशेवर सामंजस्य उतना अधिक प्रभावपूर्ण तरीके से होगा। अत: शोध कार्य द्वारा शिक्षकों का नेतृत्व व्यवहार को अधिक से अधिक अनुकूल बनाया जाना चाहिए, जिससे उनका पेशेवर सामंजस्य और अधिक से अधिक हो सके और शिक्षक समाज व देश के निर्माण में सहायक सिद्ध हों यही शोधार्थी का लक्ष्य है।

संदर्भ ग्रन्थ सूची:-

1. भाई योगेन्द्रजीत (1977) शैक्षिक और विद्यालय प्रशासन, विनोद पुस्तक मंदिर आगरा।
2. माथुर, एस. एस. (1965) विद्यालय संगठन एवं स्वास्थ्य शिक्षा, रस्तौगी एण्ड कम्पनी मेरठ।
3. मलैया, विद्यावती के. सी. 1977 शिक्षा प्रशासन, एवं पर्यवेक्षण, मध्य प्रदेश हिन्दी ग्रन्थ अकादमी, भोपाल।
4. शर्मा, आर0 ए0, (2011) अध्यापक – शिक्षा, एवं प्रशिक्षण तकनीकी आर0 लाल0 बुक डिपो, मेरठ।
5. शर्मा, आर.ए. (2002) शिक्षा प्रबन्धन-सूर्या पब्लिकेशन मेरठ।
6. Sharma, T.C. (2005), Teaching Learning Theory and Teacher's Education, Sarup and Sons, ISBN-B: 9788176255707.
7. Singh, R.P. (2011), Teacher Education Today, Shipra Publication, New Delhi, ISBN No: 978817541531.
8. सिंह, अरूण कुमार (2008), शिक्षा मनोविज्ञान, शारदा पुस्तक भवन, इलाहाबाद।
9. सुखिया, एस.पी (2006) विद्यालय प्रशासन संगठन एवं विनोद पुस्तक आगरा।
10. http://www.irphouse.com
11. hhttp/IJARP/v3-i1/2102
12. hhttps://www.researchgate.net/publication/316548126

सारणी1: शिक्षकों के नेतृत्व व्यवहार एवं उनके पेशेवर सामंजस्यके मध्य सहसम्बन्ध

Category	N	Mean	Σx^2 and Σy^2	Σxy	r- Value	df	Significance Level	interpretation
नेतृत्व व्यवहार	400	151.7	400573.6	117293.5	0.95	798	0.05=0.07	HO-1 rejected उच्च सकारात्मक सहसम्बन्ध
पेशेवर सामंजस्य	400	143.7	37358.4				0.01=0.09	

सारणी2 : शिक्षकों के उच्च औसत और निम्न नेतृत्व व्यवहार का उनके पेशेवर सामंजस्य पर मुख्य एवं अन्त: क्रियात्मक प्रभाव

Category Vairable	Good		Average		Poor	
Peshewar saman jasya	X_1	X^2	X_2	X^2	X_3	X^2
	1 – – 95	1 – – 95	1 – – 190	1 – – 190	1 – – 115	1 – – 115
	ΣX^1=14600	ΣX^2=2258858	ΣX_2=27710	ΣX^2=4058078	ΣX_3=16145	ΣX^2=2293763

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVI, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

मेवाड़ के गुहिल राजवंश का उत्पत्ति स्थल : इल्व दुर्ग ईडर

डॉ. अजात शत्रुसिंह शिवरती* सुरेन्द्र सिंह चौहान**

* आचार्य (इतिहास) पेसिफिक सामाजिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय, पेसिफिक विश्वविद्यालय, उदयपुर (राज.) भारत
** शोधार्थी (इतिहास) पेसिफिक विश्वविद्यालय, उदयपुर (राज.) भारत

प्रस्तावना – भारत में प्रतिष्ठित क्षत्रिय जातियों की संख्या 36 मानी जाती है। इन 36 क्षत्रिय राजवंशो में 16 सूर्यवंशी, 16 चन्द्रवंशी और 4 अग्निवंशी राजवंश सम्मिलित थे। इनमें से कई राजवंश पौराणिक युग से लेकर वर्तमान तक अस्तित्व में बने रहे। तथापि कुछ राजवंशों का अस्तित्व समय के साथ समाप्त हो गया जबकि कुछ राजवंशो के लोग अलग-अलग स्थानों और समय परिवर्तन के साथ भाषा समूहों में परिवर्तित होते गये। कुमारपाल नामक काव्य से राजपूत के कुल 36 वंशो की सूची प्राप्त होती है। जिनमें उत्तर भारत में मेवाड़ के सिसोदिया वंश की 24 उपशांखाऐं, चौहानों की 24, परमारों की 35, झालावंश की 9 राठौड़ों की 13, सोलंकियों की 24 बड़गुजरों की 2 शाखा थी वही भाटियों की 7 और गौड़ों की कुल 8 शाखा अस्तित्व में रही है। उत्तरभारत में प्रचलित गुहिल टाँक, डाबी, कच्छावा, जोइया, दायमा, मोरी, वल्ला, खरवड़ ऐसी जातियाँ हैं, जिनकी कोई भी उपशाखा प्राप्त नहीं होती है।[1]

मेवाड़ का गुहिल राजवंश – रघुवंश सिरमौर मेवाड का गुहिल वंश न केवल मेवाड़ में ही वरन सारे भारत वर्ष में सदैव प्रतिष्ठित रहा है। मान्यताओं के अनुसार नेपाल राष्ट्र का वंश भी मेवाड़ राजवंश से सम्बन्धित रहा है। प्राप्त साक्ष्यों के अनुसार महाराणा रतनसिंह का छोटा भाई कुम्भकर्ण ने मेवाड़ से कुमाउ होता हुआ पाल्या गया यहीं उसने अपना राज्य स्थापित किया। वहां का राजा बना और शाह कहलाया। इसी समय पृथ्वी नारायण शाह द्वारा नेपाल विजित किया गया। मान्यताओं के अनुसार मराठा शासक शिवाजी का विश्व प्रसिद्ध वंश भी मेवाड़ सम्बन्धित था और सीसोद वंश ही है। प्राप्त साक्ष्यों के कारण अनुसार राणा लक्ष्मण सिंह के पुत्र अजय सिंह ने अपने दोनों पुत्रों सज्जन सिंह और क्षेम सिंह को मुंजा नाम के बालेचा का सिर काट नहीं ला पाने के मेवाड़ राज्य से निष्कासित कर दिया था। फलत: वे मेवाड़ छोड़कर दक्षिण भारत की ओर चले गये। इन्हीं के वंशज राणा भैरव सिंह (भौंसला) हुए जिन्होंने मुधोल पर अधिकार किया, इन्हीं भौंसले के वंश में उग्रसेन हुए जिनके दो पुत्र कर्णसिंह एवं शुभकर्ण हुए, कर्ण वंशज घोरपडे कहलाये एवं शुभकर्ण के वंशज में शिवाजी हुए। इस प्रकार महाराष्ट्र में मुधोल (भौंसले) रायबाग बैन के (घोरपडे) शुभकर्ण के वंश में कोल्हापुर में शिवजी तथा सावन्त वाड़ी में सोम सामन्त कहलाए। ऐसे ही नागपुर, बराट तथा मद्रास प्रांत में तंजौर एवं विजीयानगर में शिवाजी के भाई बैका जी एवं सया जी ने अपने-अपने राज्य स्थापित किए।[2]

मेवाड़ का गहलोत वंश न केवल राजस्थान में अपितु सम्पूर्ण हिन्दुस्तान व उसके बाहर विस्तृत है। इस वंश की शाखाऐं उदयपुर, प्रतापगढ़, डूंगरपुर, बांसवाड़ा, शाहपुरा, भावनगर, लाठी, राजपीपला, बड़वानी, धर्मपुर, नेपाल, अली राजपुर, विजयनगर आदि स्थानों पर विस्तृत है। जो अनेक नामों से इतिहास में प्रसिद्ध है।

मेवाड़ के गुहिल वंश की उत्पत्ति – प्राचीन समय से वल्लभीपुर में अयोध्या के महाराजा श्री रामचन्द्र जी के वंश का शिलादित्य छठा शासन करता था। सन् 524 (वि.स. 580) में उसके राज्य पर यवनों ने आक्रमण किया। संभवत: ये यवन, हुण, शक या युनानी शासकों से संबंधित थे। यह यवन आक्रमण जैसा कि चीनी यात्री हेवनसांग एवं कर्नल जेम्स टॉड के वृतान्तों से ज्ञात होता है अति प्राचीन शक्तिशाली वल्लभी के राजवंश के साथ एक विकसित एवं समृद्ध नगर के अंत का समय था। यद्यपि राजा शिलादित्य ने बड़ी विरता से विदेशी आक्रान्ताओं का मुकाबला किया, किन्तु अन्तत: वह उस युद्ध में वीरगति को प्राप्त हुआ। जब शिलादित्य की पत्नी पुष्पावती को अपने पति की मृत्यु का समाचार मिला तो वह व्यथित और दु:खी मन से सती होने लगी किन्तु रानी के गर्भ में शिलादित्य का वंशज मौजुद था। अत: लोगों ने उसे सती होने से रोक लिया। पुष्पावती लोगों की सलाह मानकर अपने गर्भ की रक्षार्थ एक निर्जन पहाड़ी पर बनी गुफा में जाकर रहने लगी। इसी निर्जन गुफा में उसे पुत्र रत्न की प्राप्ति हुई। पुत्र उत्पन्न होने के बाद पुष्पावती ने उसके पालन-पोषण का दायित्व कमलावती नामक एक स्थानीय महिला को सौंप दिया और और स्वंय ने सतीत्व की रक्षार्थ प्राणोत्सर्ग कर दिया। कमलावती ने बालक का लालन-पालन पुत्र की तरह किया। क्योंकि कुंवर का जन्म निर्जन एवं गहरी गुफा में हुआ था। अत: उसका नाम गोहो (गुहा) रखा गया। सात वर्ष तक इस कमलावती ने गुहा-गुह का लालन-पालन कर के ईडर की पर्वतीय क्षेत्र में वड़नगर के योग्य गुरु आश्रम में उसे शिक्षा दिशा हेतु सौंप दिया। जहां वह बालक क्षात्रधर्मानुरूप शिक्षा-दीक्षा प्राप्त करने लगा। बालक गुहादित्य ने अपने क्षत्रियोचित स्वभाव से वयस्क होने के पश्चात् ईडर प्रदेश की भील मण्डली के साथ मैत्री सौहार्द्र तथा सहयोग के सम्बन्ध स्थापित किये। इसके पश्चात् आत्मनिर्भर होने पर बड़नगर का क्षेत्र छोड़कर वह ईडर के भील क्षेत्र में चला गया। ईडर के भील समुदाय ने भी अपने क्षेत्र की सुरक्षार्थ उसकी वीरता, साहस से प्रभावित होकर गुहादित्य को अपना राजा स्वीकार कर लिया। ईडर के माण्डलिक भीलों द्वारा गुहादित्य का राज्याभिषेक कर दिया गया।[3]

ईडर राज्य की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि – स्वतंत्रता से पूर्व ईडर हिन्दुस्तान के पश्चिमी भाग में स्थित बॉम्बे प्रान्त (बॉम्बे स्टेट) की माहीकांठा एजेन्सी में तत्कालीन मारवाड़ स्टेट की एक प्रमुख रियासत थी।[4] जिसकी भौगोलिक

सीमा का कुछ भाग मेवाड़ से मिलता था, किन्तु अधिकांश भाग गुजरात तथा माहीकांठा में सम्मिलित था। ईडर के पश्चिम में अहमदाबाद जिले के प्रान्तीज परगने के गायकवाड़ राज्य, ढांता व सिरोही राज्यों के गांव स्थित थे। ईडर राज्य की उतरी सीमा मेवाड़ रियासत के भू-भाग से संलग्न थी। प्राचीन समय में ईड़रगढ़ अति समृद्ध पुरातन स्थलो के कारण जैन, शैव व सनातन धर्म से सम्बन्धित स्थल था। जो कई द्रुलर्भ वृक्षों, फल, फूलों व प्राकृतिक औषधिय वनों से आच्छादित भू-क्षेत्र था।

कर्नल टॉड द्वारा अपनी पुस्तक 'पश्चिमी भारत की यात्रा'[5] में भारत के पश्चिमी क्षेत्रों के भौगोलिक, सांस्कृतिक, राजनैतिक, आर्थिक ऐतिहासिक घटनाओं, ऐतिहासिक पुरुषो स्थलों तथा मार्गो का स्वयं भ्रमण वृतान्त प्रस्तुत किये गये। कर्नल टॉड ने ईडर का इतिहास इसके सीमावर्ती क्षेत्रों मेवाड़ तथा मारवाड़, गुजरात के अन्हिलवाड़ा पाटन के प्राचीन गौरवपूर्ण स्थलों के विशेष संदर्भ सहित लिखा है। उन्होंने आबू, रणकपुर, पालनपुर, अम्बाजी, जिंजीवाड़ा के दुर्ग भावनगर, वल्लभी इत्यादि के वृतान्तों का लेखन उपलब्ध जैन, ब्राह्मण, चारण, भाट, साहित्य के संकलन के माध्यम से प्रस्तुत किया हैं। उन्होंने अपने लेखन में पुरासम्पदा, शिलालेखों, ताम्रपत्रों, स्मारकों के आधार पर उपलब्ध 'आबू माहात्म्य' जैसे ग्रंथ का प्रयोग किया है। अपने लेखन के समय कर्नल टॉड को फॉर्ब्स रचित 'रासमाल' की जानकारी नहीं थी। वर्तमान समय में गुजरात इतिहास हेतु टॉड की पुस्तक के समान राजस्थान की रासमाला उपयोगी सिद्ध हुई है। जो ईडर के इतिहास हेतु भी लाभदायी है। ईडर के प्रमाणिक ऐतिहासिक[6] ग्रंथों से स्पष्ट है कि यहां मुख्य रूप से भील, राजपूतों का प्रभाव था। यहां के ठाकुर मूलरूप से राजपूत वंशज है। किन्तु ईडर के राजा भील वर्ग के साथ वैवाहिक सम्बन्धों की वजह से इन्हें अन्य राजपूत वर्गों से पृथक माना जाता था। यहां के राजपूत ठाकुरों में चौहान, राठौड़, जाडेजा, चावड़ा इत्यादि मुख्य है। ईडर मार्ग गुजरात के हिम्मतनगर, पालनपुर, अम्बाजी, आबू, देलवाड़ा क्षेत्रों से जुड़ा हुआ है। अहमदाबार, आबू, सिरोही, अजमेर रेल मार्ग में प्रान्तीज रेल्वे से जुड़ा होने से ईडर, खेड़ब्रह्मा को संयुक्त करता है।[7]

ईडर का पौराणिक इतिवृत- पौराणिक ग्रंथो में सतयुग काल में ईडर प्रवेश को 'ईल्व दुर्ग'[8] के नाम से जाना जाता था। तो द्वापर युग में इस क्षेत्र को 'शैलवन' के रूप में सम्बोधित किया गया। पुराणों में उल्लेखित है कि जब अयोध्या के राजा रामचन्द्र जी लंका विजय के बाद विभीषण का राज्याभिषेक कर पुन: अयोध्या लौट रहे थे तब विभीषण के पक्ष के कुछ लंकावासी आर्यावर्त्ता में आने के इच्छुक हुए। तब लंकावासियों को राजा रामचन्द्र जी ने उत्तर भारत में स्थित ईडर प्रदेश के भीषण जंगलों के शैलवन क्षेत्र में रहने के लिए उपर्युक्त स्थल प्रदान किया।[9]

मेवाड़ का गुहिल राजवंश : अयोध्या के राजा रामचन्द्र का वंशधर - पौराणिक आधार : ईडर के वेणीवच्छ द्वारा राज्य स्थापना - अति प्राचीन समय में हरिद्वार (गंगा तट के उत्तरी भू-भाग) के उत्तरी भाग में स्थित में श्रीनगर में सूर्यवंशी राजा पदमसेन नामक एवं वृद्ध राजा हुआ करता था। जो संतान विहीन था। उसे संतानविहीन चिन्तामग्न स्थित देखकर एक ब्रह्मज्ञानी ने पुत्र प्राप्ति की एक औषधि प्रदान की। जिसके सेवन से राजा पदमसेन की रानी गर्भस्थ हो गयी। प्रचलित किंवद्तीयों के अनुसार उसी समय आकाश मार्ग से एक गरूड़ हाथी को लेकर उड़ रहा था, सहसा उसकी दृष्टि राणी के सुन्दर शरीर पर पड़ी। वह मांस भक्षण की खोज में उड़ते-उड़ते नीचे आ गया और गर्भस्थ रानी को उड़ा कर लुप्त हो गया। राजा ने अपनी रानी के विलुप्त होने का समाचार सुना और उसकी खोज प्रारम्भ की परन्तु काफी प्रयत्न करने पर भी उसे रानी का कोई पता नहीं चला। क्षेत्र में प्रचलित कथा के अनुसार वह गरूड़ उड़ क़र अपने शिकार रानी के भक्षण करने हेतु ईडर पहाड़ी के इस इल्व दुर्ग पर उतरा। इसी समय रानी ने गर्भ पिड़ा के कारण जोरदार रूदन प्रारम्भ कर दिया। इस पर वह पक्षी (गरूड़) उस गर्भस्थ रानी को वहीं छोड़ कर चला गया। ईडर के इस निर्जन वन में एक तपस्वी की दृष्टि रानी पर पड़ी तो उसने रानी तथा नवजात पुत्र की रक्षा के उपाय किये। लम्बे समय के बाद ईडर के स्थानीय भील समुदाय के माण्डलिकों द्वारा उसका राज्याभिषेक कर दिया गया।

आइन-ए-अकबरी नामक पुस्तक में अबुल फजल ने तथा कश्मीर के इतिहास से सम्बधित कल्हण की रचना 'राजतंरगिणी' में जिन शासकों का वंश क्रम दिया है, उसमें कश्मीर में अयोध्या के राजा रामचन्द्र के पुत्र लव और उसके उत्तराधिकारी किशन, सुरेन्द्र, जनक, अशोक, जलोक, कनिष्क आदि का नाम मिलता है। इसी हिन्दु राजवंश में प्रतापादित्य, राजा जयेन्द्र, मेघवन श्री सतसेन, प्रवरसेन (मेघवन के उत्तराधिकारी) के नामोल्लेख भी प्राप्त हुए है। आईन-ए-अकबरी[12], भाग-3 के वृतान्त में आये प्रवरसेन सम्भवत: भविष्यपुराण में वर्णित ईडर के पहाड़ पर ऋषि द्वारा रक्षित कश्मीर के राजा पदमसेन की गर्भस्थ रानी और उनके पुत्र से सम्बन्धित है। सम्भवत: उस रानी से उत्पन्न वच्छराज नामक जिस शिशु का पालन-पोषण और नामकरण उसी ऋषि द्वारा वत्सराज (वच्छराज) रखा गया। जो बाद में स्थानीय भील समुदाय के सहयोग से राजा बना। जिसे कालान्तर में गुहिल, गुह अथवा गुहादित्य शब्दों से सम्बोधित किया गया।

इसी गुहिल या गुहादित्य के वंश में बाप्पा (काल भोज) हुआ। जिसकी कथा मेवाड़ की राजधानी नागदा में रहने वाले ब्राह्मण परिवारों द्वारा पालित पोषित और पल्लवित की गई। मेवाड़ में स्थित एकलिंगजी मन्दिर की पूर्वी दिशा में एक पर्वत जहाँ ऋषि हारित निवास करते थे, वह बाप्पा रावल के गुरु थे। एकलिंग पुराण व भविष्य पुराण की कथाएँ मुख्य रूप से मेवाड़ राज्य में गुहिल[13]/सिसोदिया वंश की स्थापना के आधार है। तद्नन्तर मेवाड़ की ख्यातें, कथाएँ, वाताऐं, दंतकथाऐं एवं एकलिंगपुराण सहित (एकलिंग महात्म्य) ईडर में गुहिल के जन्म, राज्याभिषेक, गुहिल पुत्र नागादित्य व राजा अपराजित बप्पा रावल[14] के जीवन की घटनाओं को समझने में सहायक है। इसी सूर्यवंशीय परम्परा के क्रम में ईडर में गुहिलवंश की स्थापना और गुहिल पुत्र-पुत्रादियों के द्वारा मेवाड़ के नागदा में बप्पारावल के राजऋषि हारित द्वारा मेवाड़ राज्य[15] की प्रतिष्ठा स्थापित की गई। उक्त विवरण से यह प्रमाणित हो जाता है कि ईडर दुर्ग का शासक वत्सराज (बच्छराज) महाभारत कालीन युधिष्ठिर का समकालीन रहा हो, जो कश्मीर के राजा पदमसेन का पुत्र था। इसी पदमसेन का वंशज कश्मीर के राजा के वंशक्रम में प्रवरसेन था। जो ऋषि हारित (शैव धर्म का अनुयायी था, एकलिंग मन्दिर के नाथ सम्प्रदाय का आचार्य) द्वारा पालित दीक्षित बाप्पा के पिता प्रपितामह गुहिल व नागादित्य के जीवनवृत्ता से सम्बन्धित था। इसी कारण मेवाड़ याने मेदपाट में भगवान एकलिंग को राजा मानकर स्थानीय राजऋषि हारित ने अपनी शक्ति समर्थ, धन, तपबल से न केवल मेवाड़ की रक्षा की अपितु उसके पूर्वजों के विलुप्त इतिहास संस्कृति को अक्षुण्ण रखने हेतु बाप्पा को मेवाड़ का राज्य प्रदान कर उसे मेवाड़ अधिपति भगवान एकलिंगजी का दीवान नियुक्त किया। भविष्यपुराण एवं एकलिंग माहात्म्य का तुलनात्मक अध्ययन करने से निष्कर्ष निकलता है कि ईडर दुर्ग (ईडर में) वच्छराज के जन्म,

पालन-पोषण तथा नागदा में बाप्पा रावल के पालन-पोषण के जिन ब्रह्मऋषियों का योगदान रहा। वे निश्चित रूप से नीतिज्ञ व धर्मदूत थे।

ईडर में माण्डलिक भील ने अपने हाथ के अंगूठे को काटकर कहा कि मेरे कोई पुत्र नहीं है इसीलिए तुम (गोह/गुहादित्य) ईडर की गद्दी के स्वामी रहोंगे। तत्पश्चात् सभी भील सरदारों ने उसको अपना राजा स्वीकार किया। इस प्रकार शीलादित्य का पुत्र गोह/गुहादित्य ईडर में एक स्वतंत्र राज्य का स्वामी हो गया। गोहादित्य की पालक माता कमलावती ने माण्डलिक के उपकार के बदले वचन दिया कि ईडर क्षेत्र के भीलों की सुरक्षा व सुशासन में गुहादित्य के वंशज 'गोहलोत' सिसोदिया राजपूत कहलायेगें। गोह ने ईडर परिक्षेत्र में उझडे भू-भाग को समृद्ध किया और वहां की बस्तियों को पुन: आबाद कर उत्तम तरीके से शासन कर जनकल्याण और न्यायकारी कार्य सम्पन्न किए। तपश्चात् गुहादित्य के वंशजों ने अगली आठ पीढ़ियों तक ईडर प्रदेश के सूर्यवंशी राजा रामचन्द्र के इक्ष्वाकु वंश के आदर्शों पर चलकर शासन किया। नागादित्य के शासन में भील समुदाय ने ईडर की गद्दी हेतु अपना अधिकार करने का प्रयत्न किया। परस्पर सिंहासन के स्वामित्व के मामले में राजा गुहादित्य की धोखे से हत्या कर पुन: भील नेताओं ने ईडर पर अधिकार कर लिया। सन् 715 वि.सं. 772 में नागादित्य की हत्या के समय ईडर की सत्ता उसकी माता राजमाता कमलावती के हाथों में थी। उसके पुत्र बाप्पा को जो कि तीन वर्ष का बालक था, ईडर ने बाणभट्ट नामक ब्राह्मण सुरक्षित गुप्त स्थल पर ले गया। रानी के निवेदन पर इस संकट मोचक बाणभट्ट नामक ब्राह्मण ने (जालोर के पास 20 मील दूर मारवाड़ की सीमा पर स्थित) बाप्पा रावल को मंडेर के किले में कुछ समय तक सुरक्षित रखा।

उस समय मंडेर के दुर्ग के एक यदुवंशी भील रहता था। उसने बाप्पा रावल को ब्राह्मण बाणभट्ट के साथ अरावली पर्वत श्रृंखला में पाराशर अरण्य (पाराशर वन) में स्थित नागेन्द्र शहर (नागदा नगरी) में पहुंचाया। नागदा नगरी में ब्राह्मणो ने इस राजपुत्र का वयस्क होने तक पालन-पोषण किया। ख्यातों व पौराणिक ग्रंथो के अनुसार नागदा नगर के पास बापा रावल शैव मतावलम्बी ऋषि हारित के सम्पर्क में आये, जो स्वयं भगवान एकलिंग मन्दिर और स्थानीय देव विंध्यवासिनी का पुजारी था।

सारांश - प्राचीन से अर्वाचीन युग तक मेवाड़ के राजाओं का राजवंश प्रथम 'सूर्यवंशी', फिर 'गुहिलपुत्र' व गुहिलोत और बाद में 'सिसोदिया' नाम से प्रसिद्ध है। उदयपुर के महाराणा न केवल भारत में वरन् सम्पूर्ण एशिया, अरब, चीन तक 'हिन्दुआ सूरत' के रूप में स्मरणीय है। अयोध्या के राजा रामचन्द्र और उसके पुत्र लव से सुमित्र तक सूर्यवंशी होने का उल्लेख भागवत पुराण व स्कन्ध पुराण में मिलता है। इसीलिए इस वंश की वंशावली में सन्देह की गुंजाईश नहीं है। महाराणा मेवाड़ की सुमित्र के बाद से गुहादित्य तक की वंशावली की प्रमाणिकता सिद्ध करने बाबत् कोई स्पष्ट प्रमाण नहीं मिलते है। कर्नल टॉड ने विजयभूप और कनकसेन नामक शासकों को वल्लभी राज्य से पूर्वजों में माना और इसी आधार पर टॉड ने 'शत्रुंजय माहात्म्य' आदि जैन ग्रंथों के आधार पर मेवाड़ के राजाओं को वल्लभी के पतन के बाद मेवाड़ में गुहिल राजवंश की स्थापना करने वाला गुहिल के पुत्र-पुत्रादि बाप्पा रावल के पूर्वजों को ईडर से मेवाड़ आकर नागदा (नागद्रह नगर) में आना प्रमाणित किया। पं. गौरी शंकर हीराचन्द ओझा, अबुल फजल की आईन-ए-अकबरी एवं मुहणोत नैणसी की ख्यात में मेवाड़ के शासकों का दक्षिण भारत की तरफ से उत्तर भारत के वल्लभी क्षेत्र में आने, तत्पश्चात् ईडर, किष्किन्धा (कल्याणपुर) से वर्तमान उदयपुर के निकट स्थित पारसर वन स्थित नागद्रह नगर (नागदा) में राजधानी बनाकर शासन करने के वृतान्त वर्णित है। जो इतिहास प्रसिद्ध इक्ष्वाकु वंशज अयोध्या नरेश रामचन्द्र के वंशजों से सम्बन्धित माने जाते है।[16]

इस प्रकार सिद्ध होता है कि वल्लभी शाखा के मुख्याधिकारी उदयपुर मेवाड़ के महाराणा है। कुण्ड ग्राम (नागदा नगर के निकट) राजा अपराजित की वि.सं. 718 (ई. सन् 661) की एवं आहड़ ग्राम की शाक्तकुमार की प्रशस्ति, उदयपुर में शारणेश्वर की प्रशस्ति वि.सं. 1010 इत्यादि में मेवाड़ के गुहिल शासकों की वंशावली मिलती है, इसकी पुष्टि पं. गौरीशंकर ओझा को कदमाल ग्राम से मिले एक ताम्रपत्र से भी हो जाती है। साथ ही ओझा द्वारा उल्लेखित चीरवा गाम की महारावल समरसिंह के समय की प्रशस्ति से भी इसकी क्रमबद्धता मिलती है। उक्त सभी प्रशस्तियों, ताम्रपत्रों व प्राचीन पौराणिक ग्रंथों तथा ख्यातों के आधार पर मेवाड़-महाराणा कुम्भा कालीन प्रसिद्ध ग्रंथ 'एकलिंग माहात्म्य'[18] की रचना की गई। जिसमें मेवाड़ के महाराणाओं की वंशावली, अयोध्या के सूर्यवंशी राजा राम, लव से सुमित्र, गुहिल, बाप्पा, हम्मीर से कुम्भा तक प्रमाणित होती है। ऐसी ही प्रमाणिकता कुम्भलगढ़ प्रशस्ति, चितौड़ की कीर्ति स्तम्भ प्रशस्ति व आबू प्रशस्ति इत्यादि के आधार पर महाराणा राजसिंह के समय विश्व की सबसे बड़ी प्रशस्ति, राजप्रशस्ति से भी प्राप्त होती है।

संदर्भ ग्रंथ सूची:-

1. श्यामलदास, वीर विनोद, भाग प्रथम, (संपादक-डॉ. रघुवीर सिंह), मंयक प्रकाशन, जयपुर, वर्ष, 1986
2. राठौड़ औंकार सिंह, संतगोपालदास निर्वाण- मेवाड़ की अनुठी संस्कृति संस्करण, 2011, चिराग प्रकाशन, हिरण मगरी, प्रभातनगर, उदयपुर, पृ. 39-53
3. जोशी जोगीदास, अम्बादास : ईडर का इतिहास भाग-1 के प्रकरण 3 में उल्लेख हुआ है कि सिसोदिया वंशज गोहादित्य (गुहा) के किसी गुफा में जन्म होने के कारण इस वंश को मेवाड़ में गुहिल वंश का प्रथम शासक माना जाता है, पृ. 18-21
4. ईडर का इतिहास, पूर्वोक्त, पृ. 20
5. (अ) टॉड जेम्स : राजस्थान, जिल्द 1, पृ. 247, 251-260, 269 उद्धत

(ब) शर्मा जी.एन., राजस्थान का इतिहास, पृ. 36-47

(स) ओझा, प. गौरीशंकर हीराचन्द : मेवाड़ राज्य का इतिहास, भाग-1, पृ. 78-80 एवं 73-77 एवं 86-87, 98, 105-110

6. ईडर का इतिहास, पूर्वोक्त, वही, पृ. 22-25
7. ईडर का इतिहास, पूर्वोक्त, पृ. 28-30
8. पूर्वोक्त, पृ. 15-19
9. श्यामलदास कविराजा, वीर-विनोद, प्रथम खंड, मंयक प्रकाशन, जयपुर, 1986, (डॉ. रघुवीर सिंह द्वारा सम्पादित संस्करण) मार्च 1986, शर्मा, कुसुम : मेवाड़ का गौरव और प्राचीन इतिहास, शर्मा प्रिंटर्स, अजमेर, 1985, पृ. 151-167
10. जोशी जोगीदास अम्बादास : ईडर राज्य का इतिहास, भाग-1, पृ. 38-39
11. पूर्वोक्त, पृ. 42-44
12. आईन-ए-अकबरी, भाग-3 (संदर्भ - भाषान्तरकार, शिव मृदुल, प्रकाशक श्री आर्यावर्त्ता संस्कृति संस्थान, दिल्ली, पृ. 477-483) में

कश्मीर के हिन्दु शासकों की विस्तृत सूची दी गई है।
13. मेनारिया मिनाक्षी : नागदा का ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक सर्वेक्षण, लघु शोध प्रबन्ध (अप्रकाशित) साहित्य संस्थान, राजस्थान विद्यापीठ, उदयपुर, वर्ष-2006 (मेवाड़ के गुहिल शासक), पृ 46-48
14. (अ) शर्मा दशरथ : राजस्थान थ्रू द एजेज, प्रथम भाग, शिवलाल अग्रवाल एंड कम्पनी, आगरा, 1995, पृ. 14, 48-50, 58-59
(ब) शर्मा, जी.एन : राजस्थान का इतिहास 1995, गुहिलों का अभ्युदय, पृ. 36-59, 42-49
15. मेनारिया नीलम : एकलिंग जी (कैलाशपुरी) का ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक अध्ययन (अप्रकाशित शोध प्रबन्ध) मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर, वर्ष 2002 (मेवाड़ के प्रारम्भिक शासक, पृ. 17-21), मेवाड़ के महाराणा, पृ. 143-169, 170-190
16. कुं. देवीसिंह मंडावा : क्षत्रिय शाखाओं का इतिहास, प्रथम भाग, पृ. 122-124, उद्धत-डॉ. मीनाक्षी मेनारिया, वही, नागदा का सर्वेक्षण, पृ. 22-24
17. यह ताम्रपत्र अजमेर राजकीय संग्रहालय में सुरक्षित है।
18. (अ) मेनारिया मिनाक्षी : पूर्वोक्त, पृ. 46-47, 28-35,
(ब) रासमाला, अनुवाद रणछोड़ भाई, उदयराम गुजराती, 1869
(स) भण्डारी सम्पत्ति राय : भारत के देशी राज्य, सुख, राज्य मण्डल बुक पब्लिशिंग, इन्दौर, 1927
(द) Narrative of Journey through the upper provinces of India, Vol-I to IIIrd, A Hamilton, London, John Murray, Alhemorle, 1826

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVI, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्रित्व काल में भारत इजरायल संबंधों का अवलोकन

डॉ. मुकेश कुमार वर्मा* संदीप कुमार**

* सहायक आचार्य (राजनीति विज्ञान) राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर (राज.) भारत
** शोधार्थी (राजनीति विज्ञान) राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर (राज.) भारत

शोध सारांश – यह शोध पत्र वर्ष 2014 के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में भारत–इजरायल संबंधों के बहुआयामी विकास का विश्लेषण करता है। इसमें राजनीतिक, आर्थिक और वाणिज्यिक संबंधों के साथ–साथ कृषि, जल संसाधन प्रबंधन, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, रक्षा, स्वास्थ्य और लोगों के बीच संबंधों का अध्ययन किया गया है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत और इजरायल के बीच रणनीतिक साझेदारी मजबूत हुई, जिसमें उच्च स्तरीय राजनयिक यात्राएँ, द्विपक्षीय व्यापार में वृद्धि, कृषि सहयोग के तहत उत्कृष्टता केंद्रों की स्थापना, जल प्रबंधन समझौते, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी नवाचार कार्यक्रम और रक्षा सहयोग को गति मिली। कोविड–19 महामारी के दौरान स्वास्थ्य क्षेत्र में सहयोग और 2023 में 'ऑपरेशन अजय' के माध्यम से इजरायल में भारतीय नागरिकों की सुरक्षित वापसी इस संबंध की गहराई को दर्शाते हैं। यह अध्ययन भारत–इजरायल संबंधों की समग्र समीक्षा प्रदान करता है और भविष्य में सहयोग के संभावित क्षेत्रों पर प्रकाश डालता है।

शब्द कुंजी– भारत इजरायल संबंध, भारत इजरायल राजनयिक संबंध, भारत इजरायल रक्षा सहयोग, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, एनडीए सरकार।

प्रस्तावना – भारत और इजराइल रणनीतिक साझेदार हैं। द्विपक्षीय राजनीतिक संबंध मधुर और दूरदर्शी हैं। भारत ने 17 सितंबर, 1950 को इजराइल को मान्यता देने की घोषणा की। इसके तुरंत बाद, यहूदी एजेंसी ने बॉम्बे (मुंबई) में एक आव्रजन कार्यालय स्थापित किया, जिसे बाद में एक व्यापार कार्यालय और बाद में एक वाणिज्य दूतावास में बदल दिया गया। 1992 में नियमित दूतावास खोले गए जब दोनों देशों के बीच पूर्ण राजनयिक संबंध स्थापित हुए। वर्ष 2014 के आम चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को ऐतिहासिक जीत दिलाने के बाद नरेंद्र मोदी 26 मई, 2014 को भारत के प्रधानमंत्री बने। भाजपा ने लोकसभा में 282 सीटें (543 में से) जीतीं, 1984 के बाद पहली बार किसी एक पार्टी को पूर्ण बहुमत मिला। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने कार्यकाल में इजरायल के साथ भारत के संबंधों को अत्यधिक मजबूत किया है, जो ऐतिहासिक सावधानी से एक साहसिक, रणनीतिक साझेदारी की ओर बदलाव को दर्शाता है। उनकी नीति रक्षा, प्रौद्योगिकी, कृषि और आतंकवाद विरोधी पर केंद्रित है, जबकि फिलिस्तीन के लिए भारत के पारंपरिक समर्थन को संतुलित करती है।

हाल के वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्रित्व काल में भारत–इजराइल संबंधों पर विद्वानों ने गहन शोध किया है, यथा– कुमारास्वामी (2023) ने मोदी युग में इस संबंध में आए 'सैद्धांतिक बदलाव' को रेखांकित किया, जबकि आर्य (2022) ने इसे एक 'रणनीतिक पुनर्संरेखण' बताया। कार्टसेव (2023) ने 2014 के बाद के द्विपक्षीय संबंधों की तुलना ऐतिहासिक संदर्भ में प्रस्तुत की। कुमार (2019) ने मोदी की विदेश नीति में इजराइल को मिली प्राथमिकता का विश्लेषण किया, जबकि दाश (2020) ने रक्षा और कृषि जैसे नए आयामों पर प्रकाश डाला। भादुड़ी (2023) ने 75 वर्षों के संबंधों के विकासक्रम में मोदी युग को महत्वपूर्ण मोड़ बताया। बिरवाडकर (2016) ने फिलिस्तीन मुद्दे पर भारत की नीति में बदलाव का अध्ययन किया, जबकि श्रीरामुलु (2016) ने मोदी की विदेश नीति के समग्र स्वरूप में इजराइल के स्थान को रेखांकित किया। कौरा (2019) ने इस संबंध को 'परिवर्तनकारी बदलाव' की संज्ञा दी, और ब्लारेल (2021) ने पश्चिम एशिया नीति में निरंतरता एवं परिवर्तन के तत्वों की पहचान की। इसी दिशा में शोधकर्ता द्वारा प्रस्तुत शोधपत्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्रित्व काल में भारत–इजराइल संबंधों का एक बहुपक्षीय अवलोकन किया गया है।

अनुसंधान योजना –इस शोध कार्य का उद्देश्य वर्ष 2014 के पश्चात् प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्रित्व काल में भारत इजरायल संबंधों का अवलोकन करना है, जिसके अन्तर्गत दोनों देशों के मध्य राजनीतिक सम्बन्ध, आर्थिक और वाणिज्यिक संबंध, कृषि सहयोग, जल संसाधन प्रबंधन और विकास सहयोग, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी (एस एंड टी) की दिशा में सहयोग, रक्षा क्षेत्र में सहयोग, स्वास्थ्य के क्षेत्र में सहयोग, लोगों से लोगों के बीच संबंध आदि का अध्ययन सम्मिलित है। प्रस्तुत शोधपत्र गुणात्मक सूचनाओं पर आधारित है, जिन्हें शोधकर्ता द्वारा इन सूचनाओं को क्रमबद्ध कर शोध समस्या का विश्लेषण किया गया है।

शोध समस्या का विश्लेषण–शोधकर्ता द्वारा यहाँ शोध समस्या का क्रमबद्ध विश्लेषण प्रस्तुत किया गया है, यथा–

राजनीतिक संबंधों का अवलोकन – प्रधानमंत्री बनने के बाद नरेंद्र मोदी ने 4–6 जुलाई, 2017 को इजरायल की पहली ऐतिहासिक यात्रा की, जिसके दौरान संबंधों को रणनीतिक साझेदारी में उन्नत किया गया। जनवरी 2018 में, पीएम नेतन्याहू ने 14–19 जनवरी को भारत की वापसी यात्रा की। दोनों यात्राओं के दौरान संयुक्त बयान जारी किए गए। इससे पूर्व भारत के

राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने अक्टूबर 2015 में इजरायल की राजकीय यात्रा की, जबकि इजरायल के तत्कालीन राष्ट्रपति रियुवेन रिवलिन ने नवंबर 2016 में भारत की राजकीय यात्रा की। भारतीय विदेश मंत्री जसवंत सिंह, एस.एम. कृष्णा और सुषमा स्वराज ने भी क्रमश: वर्ष 2000, 2012 और 2016 में इजरायल का दौरा किया।

वर्ष 2022-23 में, दोनों देशों ने संयुक्त रूप से द्विपक्षीय संबंधों के पूर्ण राजनयिक स्तर तक पहुंचने के 30 साल पूरे होने का जश्न मनाया। 11 जनवरी, 2023 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इजरायल के प्रधानमंत्री (पीएम) बेंजामिन नेतन्याहू से बात की और उन्हें छठी बार इजरायल के पीएम चुने जाने पर बधाई दी। प्रधानमंत्री मोदी और पीएम नेतन्याहू ने द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा करने के लिए 8 फरवरी, 2023 को भी बात की।

24 अगस्त, 2023 को पीएम नेतन्याहू ने प्रधानमंत्री को फोन करके चंद्रयान 3 के चंद्रमा पर सफलतापूर्वक उतरने पर बधाई दी। 10 अक्टूबर, 2023 को पीएम नेतन्याहू ने 7 अक्टूबर के हमलों के बाद इजरायल की स्थिति पर अपडेट देने के लिए प्रधानमंत्री को फोन किया। प्रधानमंत्री नेतन्याहू और प्रधानमंत्री मोदी ने 19 दिसंबर, 2023 को क्षेत्र की स्थिति और समुद्री सुरक्षा के बारे में भी बात की। 6 जून, 2024 को प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लगातार तीसरी बार भारत के पीएम चुने जाने पर बधाई दी।

आर्थिक और वाणिज्यिक संबंध – 1992 में राजनयिक संबंध स्थापित करने के बाद से, भारत-इजराइल द्विपक्षीय व्यापार और आर्थिक संबंधों में तेजी से प्रगति हुई है। 1992 में लगभग 200 मिलियन अमरीकी डॉलर (जिसमें मुख्य रूप से हीरे शामिल हैं) से, व्यापारिक व्यापार में विविधता आई और वित्त वर्ष 2022-23 में यह लगभग 10.77 बिलियन अमरीकी डॉलर (रक्षा को छोड़कर) तक पहुँच गया, जिसमें भारतीय निर्यात लगभग 8.45 बिलियन अमरीकी डॉलर रहा। वित्त वर्ष 2023-24 (अप्रैल-मार्च) में, द्विपक्षीय व्यापार 6.53 बिलियन अमरीकी डॉलर (रक्षा को छोड़कर) था, जिसमें भारत का निर्यात 4.52 बिलियन अमरीकी डॉलर और इजराइल का निर्यात 2.0 बिलियन अमरीकी डॉलर था।

भारत एशिया में इजराइल का दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है। हालांकि, द्विपक्षीय व्यापारिक व्यापार में मुख्य रूप से हीरे, पेट्रोलियम उत्पाद और रसायनों का प्रभुत्व है, हाल के वर्षों में इलेक्ट्रॉनिक मशीनरी और उच्च तकनीक वाले उत्पादों, संचार प्रणालियों, चिकित्सा उपकरण आदि जैसे क्षेत्रों में व्यापार में वृद्धि देखी गई है।

अप्रैल, 2000 से अप्रैल, 2024 तक भारत से इजरायल में संचयी विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (ओडीआई) लगभग 396 मिलियन अमरीकी डालर था अप्रैल 2000 से मार्च 2024 की अवधि में, इजरायल से भारत में प्रत्यक्ष एफडीआई लगभग 314.87 मिलियन अमेरिकी डॉलर था। वर्ष 2022 में, भारत के अडानी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड (APSEZ) ने 1.18 अमेरिकी डॉलर के निवेश के साथ इजरायल सरकार से हाइफा पोर्ट कंपनी लिमिटेड का अधिग्रहण किया।

कृषि – प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में भारत और इजरायल के मध्य कृषि क्षेत्र में भी अभूतपूर्व सहयोग बढ़ा है। दोनों पक्षों के मध्य 10 मई, 2006 को हस्ताक्षरित कृषि में सहयोग के लिए 'एक व्यापक कार्य योजना' के तहत, MASHAV (इजरायल के विदेश मंत्रालय के अंतर्राष्ट्रीय सहयोग केंद्र) और CINADCO (इजरायल के कृषि और ग्रामीण विकास मंत्रालय के अंतर्राष्ट्रीय कृषि विकास सहयोग केंद्र) के माध्यम से द्विपक्षीय परियोजनाओं को कार्यान्वित किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि दोनों पक्षों के बीच कृषि सहयोग को एक 3-वर्षीय कार्य योजनाओं के माध्यम से औपचारिक रूप दिया जाता है, जिसमें 3-वर्षीय कार्य योजनाएँ विकसित की जाती हैं। 5वीं 3-वर्षीय कार्य योजना (2021- 2023) पर 24 मई को हस्ताक्षर किए गए, जिसके अंतर्गत 13 भारतीय राज्यों में 31 कृषि उत्कृष्टता केंद्र स्थापित किए गए हैं। इजरायल भारत को शुष्क कृषि के विकास के लिए तकनीकी हस्तांतरण कर रहा है।

जल संसाधन प्रबंधन और विकास सहयोग – जल संसाधन प्रबंधन के क्षेत्र में दोनों देशों के बीच चल रहे सहयोग को नवंबर, 2016 में हस्ताक्षरित एक समझौते के रूम में औपचारिक रूप दिया गया था। जुलाई 2017 में प्रधानमंत्री की इजराइल यात्रा के दौरान, दोनों पक्षों ने (i) भारत में जल संरक्षण के लिए राष्ट्रीय अभियान और (ii) यूपी जल निगम के सुधारों पर समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए। अक्टूबर 2018 में पंजाब के तत्कालीन मुख्यमंत्री की इजराइल यात्रा के दौरान, पंजाब सरकार और मेकोरोट (इजराइल नेशनल वाटर कंपनी) ने एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए, जिसके तहत मेकोरोट पंजाब के लिए जल संरक्षण और प्रबंधन योजना तैयार करेगा। मई 2023 में, दोनों देशों ने क्रमश: भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रुड़की में उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करने के लिए एक आशय पत्र पर हस्ताक्षर किए।

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी (एस एंड टी) – दोनों देशों के मध्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के लिए सहयोग बढ़ाने की दिशा में वर्ष 1993 के अंतर्गत हस्ताक्षरित एस एंड टी सहयोग समझौतेय के तहत स्थापित एस एंड टी पर संयुक्त समिति, एस एंड टी में भारत-इजराइल सहयोग की देखरेख करती है। विज्ञान और प्रौद्योगिकी पर दसवीं संयुक्त आयोग बैठक 25 जुलाई, 2022 को आयोजित की गई, जिसके तहत भारत-इजराइल संयुक्त अनुसंधान कार्यक्रम (IIJRC) 2023 का शुभारंभ किया गया, जिसमें खाद्य सुरक्षा के लिए जलवायु परिवर्तन और कृषि में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) अनुप्रयोग के क्षेत्र में प्रस्ताव मांगे गए।

जुलाई, 2017 में प्रधानमंत्री मोदी की इजराइल यात्रा के दौरान, भारत-इजराइल औद्योगिक अनुसंधान एवं विकास और नवाचार निधि (I4F) की स्थापना के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, भारत और राष्ट्रीय तकनीकी नवाचार प्राधिकरण, इजराइल के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए थे। यह समझौता ज्ञापन, पांच वर्षों (2018-2022) में प्रत्येक पक्ष से 20 मिलियन अमरीकी डॉलर के योगदान के साथ, भारतीय और इजराइली उद्यमों को कृषि, जल, ऊर्जा, स्वास्थ्य सेवा और आईसीटी जैसे प्राथमिकता वाले प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में संयुक्त औद्योगिक अनुसंधान एवं विकास परियोजनाएं शुरू करने में सक्षम बनाता है। वर्ष 2023 में दोनों पक्षों ने इस I4F कार्यक्रम को अगले 5 साल (2023-27) की अवधि के लिए बढ़ा दिया है। अब तक, I4F ने तीस अनुसंधान एवं विकास परियोजनाओं को वित्त पोषित किया है, जिसमें कम लागत वाले, उच्च दक्षता वाले सौर जल पंपिंग समाधान, ड्रोन का पता लगाने और बेअसर करने की प्रणाली, और प्रारंभिक पहचान के लिए एक AI-आधारित परियोजना शामिल है।

सितंबर 2020 में, इजराइल के स्टार्टअप नेशन सेंट्रल और भारत के इंटरनेशनल सेंटर फॉर एंटरप्रेन्योरशिप एंड टेक्नोलॉजी (iCREATE) ने

नवाचार और तकनीकी सहयोग में तेजी लाने के लिए एक द्विपक्षीय कार्यक्रम पर हस्ताक्षर किए। मई 2023 में, भारत और इजराइल ने इजराइल के 'रक्षा अनुसंधान और विकास निदेशालय' और भारत की 'वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद' के मध्य औद्योगिक अनुसंधान और विकास सहयोग करने की दिशा में एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

रक्षा क्षेत्र में सहयोग – भारतीय नौसेना के जहाजों द्वारा नियमित सद्भावना यात्राओं के हिस्से के रूप में, पश्चिमी बेड़े के तीन भारतीय नौसैनिक जहाजों ने मई में हाइफा में एक बंदरगाह कॉल किया। नौसेना प्रशिक्षण जहाज आईएनएस तरंगिनी ने सितंबर 2018 में हाइफा में एक बंदरगाह कॉल किया। नौसैनिक अभ्यासों के अलावा, भारतीय वायु सेना ने इजराइल में अक्टूबर 2021 में आयोजित एक बहुपक्षीय वायु सेना अभ्यास, ब्लू फ्लैग–2021 में भाग लिया।

3 मार्च, 2023 को भारत के रक्षा मंत्री ने इजराइली रक्षा मंत्री योव गैलेंट से बात की। यह दोनों रक्षा मंत्रियों के बीच पहली बातचीत थी। इसके अलावा, तत्कालीन इजराइली रक्षा मंत्री बेंजामिन गैंट्ज ने भी जून 2022 में भारत का दौरा किया। भारत के तत्कालीन सेनाध्यक्ष जनरल एम.एम. भारत के वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल आर.के.एस. भदौरिया ने अगस्त 2021 में इजराइल का दौरा किया था। रक्षा पर संयुक्त कार्य समूह की बैठक पिछली बार अक्टूबर, 2021 में इजराइल में हुई थी।

ऑपरेशन अजय –7 अक्तूबर, 2023 के आतंकवादी हमलों के बाद इजराइल में भारतीय नागरिकों की सुरक्षा, संरक्षा और भलाई सुनिश्चित करने और स्थिति की निगरानी करने तथा भारतीय नागरिकों को जानकारी और सहायता प्रदान करने के लिए दूतावास में 24 घंटे का नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया। इसके अलावा, इजराइल में सभी भारतीयों की सहायता के लिए दूतावास में 24 घंटे की आपातकालीन हेल्पलाइन भी स्थापित की गई। 12 अक्टूबर, 2023 को भारत सरकार ने उन भारतीयों की वापसी की सुविधा के लिए ऑपरेशन अजय शुरू किया जो इजराइल से भारत वापस जाना चाहते थे। 12 अक्टूबर से 22 अक्टूबर, 2023 के बीच ऑपरेशन अजय के तहत संचालित छह विशेष उड़ानों में 1,300 से अधिक भारतीय नागरिक भारत लौटे।

स्वास्थ्य के क्षेत्र में सहयोग – 21 दिसंबर, 2020 को भारत और इजराइल ने स्वास्थ्य और चिकित्सा में सहयोग पर एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। इस समझौते में दोनों देशों के बीच स्वास्थ्य क्षेत्र में अनुसंधान और विकास सहित द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी को गहरा करने की परिकल्पना की गई है। भारत और इजराइल ने कोविड–19 महामारी से निपटने में सहयोग किया और कोविड–19 टीकाकरण प्रमाणपत्रों को पारस्परिक रूप से मान्यता देने पर सहमति व्यक्त की।

लोगों से लोगों के बीच संबंध – इजराइल में लगभग 26,000 भारतीय नागरिक हैं, जिनमें से अधिकांश देखभाल करने वाले हैं, जिन्हें इजराइली बुजुर्गों ने उनकी देखभाल के लिए नियुक्त किया हैय हीरा व्यापारी, निर्माण और कृषि क्षेत्रों में कार्यरत श्रमिक, आईटी पेशेवर और छात्र। जुलाई 2017 में इजराइल की अपनी यात्रा के दौरान, प्रधानमंत्री ने तेल अवीव प्रदर्शनी मैदान में इजराइल में काम कर रहे लगभग 8,000 पीआईओ और भारतीय नागरिकों की एक सभा को संबोधित किया। मार्च 2018 में नई दिल्ली और तेल अवीव के बीच प्रति सप्ताह 5 उड़ानों के साथ एयर इंडिया की उड़ानों की शुरुआत से पर्यटन और लोगों से लोगों के बीच संपर्क में काफी वृद्धि हुई है। इजराइल में लगभग 900 भारतीय छात्र अध्ययन कर रहे हैं।

निष्कर्ष – प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में भारत–इजराइल संबंधों में ऐतिहासिक प्रगति हुई है। राजनीतिक स्तर पर, मोदी की 2017 में पहली इजराइल यात्रा और नेतन्याहू की भारत यात्रा ने रणनीतिक साझेदारी को मजबूत किया। आर्थिक संबंधों में वृद्धि हुई, जिसमें द्विपक्षीय व्यापार 2022–23 में 10.77 बिलियन डॉलर तक पहुँच गया। कृषि क्षेत्र में, इजराइल ने 13 भारतीय राज्यों में 31 उत्कृष्टता केंद्र स्थापित किए। जल प्रबंधन, विज्ञान–प्रौद्योगिकी और रक्षा सहयोग भी बढ़ा, जिसमें संयुक्त अनुसंधान और हथियार व्यापार शामिल हैं। स्वास्थ्य क्षेत्र में कोविड–19 सहयोग और 2023 में ऑपरेशन अजय के तहत इजराइल से 1,300 भारतीयों की सुरक्षित वापसी उल्लेखनीय है। लोगों के बीच संपर्क बढ़ा, जिसमें प्रवासी श्रमिक, छात्र और यहूदी भारतीय समुदाय शामिल हैं। यह साझेदारी अब रक्षा, प्रौद्योगिकी और आर्थिक विकास पर केंद्रित है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. Arya, N. K. (2022). India-Israel Relations in the Modi Era: Emerging Contours of Cooperation. Available at SSRN 4032468.
2. Bhaduri, A. (2023). The Evolution of India-Israel Relations: 1948-2023. Ukrainian Policymaker, 13(13), 4-12.
3. Birvadker, O. (2016). Changes in Indian foreign policy: The case of Israel and the Palestinians. Strategic Assessment, 18(4), 85-95.
4. Blarel, N. (2021). Modi looks West? Assessing change and continuity in India's Middle East policy since 2014. International Politics (The Hague), 59(1), 90.
5. Dash, D. K. (2020). Indo-Israel Relations: New Dimensions Under Modi Era.
6. Kartsev, K. (2023). India-Israel Relations since independence with special emphasis on the post 2014 period.
7. Kaura, V. (2019). Indo-Israeli relations in the Modi era: a transformative shift. Israel Affairs, 25(2), 217-233.
8. Kumar, D. (2019). India-Israel Relations under Narendra Modi. International Journal of Research in Social Sciences, 9(4), 791-802.
9. Kumaraswamy, P. R. (2023). India's Balancing Act on the Israel-Hamas Conflict. Indian Foreign Affairs Journal, 18(1/2), 15-32.
10. Kumaraswamy, P. R. (2023). Indo-Israeli relations: changes under Narendra Modi. Global Discourse, 13(1), 70-83.
11. Sreeramulu, N. (2016). Foreign Policy of Narendra Modi Prime Minister of India. Editorial Board, 5(1), 97.

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVI, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

भारतीय मतदाताओं के मतदान-व्यवहार को प्रभावित करने वाले कारकों का एक अध्ययन

हेमलता जांगिड़*

* असिस्टेन्ट प्रोफेसर (राजनीति विज्ञान) एमएमडी बेदी गर्ल्स कॉलेज, अनूपगढ़ (राज.) भारत

शोध सारांश – वर्तमान में विश्व के अधिकांश देशों में लोकतान्त्रिक व्यवस्था विद्यमान है, और वहाँ पर निवार्चन को निर्विवाद रूप से अपनाया गया है। इसीलिए निवार्चन प्रणाली को लोकतान्त्रिक व्यवस्था में उसका हृदय एवं प्राण भी माना जाता है। अर्थात् निर्वाचन प्रणाली में कोई राजनीतिक दल अथवा प्रत्याशी हार जाता है तो कोई जीत भी जाता है। इसी प्रक्रिया को जानने की जिज्ञासा अथवा उत्सुकता, राजनीतिक विज्ञान के प्रबुद्ध जनों में पाया जाना एक आम सी बात है। भारत में अब तक सत्रहवीं लोकसभा (2019) एवं विभिन्न स्तरों पर होने वाले चुनाव परिणामों के फलस्वरूप शासन सत्ता विद्यमान हैं। अत: इन चुनावों को प्रभावित करने वाले वे कौन-कौन से प्रमुख कारक अथवा घटक हैं जिन्होंने भारतीय मतदाताओं को प्रमुख राजनीतिक दलों अथवा व्यक्तियों या प्रत्याशियों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया है। इसी प्रक्रिया को समझने का धीरे-धीरे विकास हो रहा है तथा मतदान व्यवहार को परखनें के अध्ययन अत्यधिक लोकप्रिय एवं पसंदीदा बनते जा रहे है। इसीलिए प्रस्तुत शोध पत्र में भारतीय मतदाताओं के मतदान व्यवहार को प्रभावित करने वाले प्रमुख निर्धारक कारकों का समीक्षात्मक अध्ययन करने का प्रयास किया गया है।

शब्द कुंजी – भारतीय मतदाता, मतदान-व्यवहार, मतदान प्रभावित कारक।

प्रस्तावना – सामान्यत: मानव एक सामाजिक एवं जिज्ञासु प्राणी रहा है। इसीलिए उसे अपने समाज/राज्य एवं निकटत: घटित घटनाओं के विषय में जानने एवं समझने की उत्सुकता एवं तत्परता होती रही है। अत: किसी भी लोकतान्त्रिक राज्य विशेष में जहाँ पर शासन सत्ता का परिवर्तन निर्वाचन प्रणाली के माध्यम से होता है। वहाँ के सामान्य नागरिकों एवं राजनीतिक शास्त्र के प्रबुद्ध जनों और शोधकर्ताओं में यह समझने या जानने की बड़ी तीव्र इच्छा होती है कि सभी राजनीतिक दलों में से केवल किसी एक ही राजनीतिक दल या प्रत्याशी को ही उस राज्य या क्षेत्र विशेष के मतदाता वहाँ होने वाले चुनावें में उन्ही को क्यों बार-बार मतदान करते है अथवा हर पाँच वर्षो के बाद किसी राज्य या क्षेत्र विशेष की जनता वहाँ की शासन सत्ता में परिवर्तन क्यों चाहती है?

अत: विशेषज्ञों एवं विद्धानों के मन में इस प्रकार के प्रश्नों का उठना, मतदान व्यवहार के अध्ययनों को आवश्यक बना देता है। भारत में अब तक सत्रहवीं लोकसभा (2019) एवं विभिन्न स्तरों पर चुनावों के माध्यम से शासन-सत्ता विद्यमान है।

भारतीय मतदाताओं के मतदान व्यवहार के तरीकों में समय-समय पर परिवर्तन देखने को मिलता रहा है। क्योंकि भारत में मतदाताओं का मतदान व्यवहार कई प्रमुख कारकों अथवा घटकों से प्रभावित होता रहा है। इसीलिए इसे जानने एवं समझनें के प्रयास को ही शोध-पत्र में प्रस्तुत किया गया है।

अध्ययन विधि – प्रस्तुत शोध पत्र में आनुभविक शोध की समीक्षात्मक/विवेचनात्मक पद्धत्ति को अपनाया गया है तथा इसमें मुख्यत: द्वितीय समंकों का प्रयोग किया गया है।

साहित्यावलोकन

अभय कुमार दुबे (2005) ने अपनी पुस्तक, 'लोकतन्त्र के सात अध्याय' में लोकतन्त्र में चुनाव एवं मतदान को प्रभावित करने वाले कारकों का विश्लेषण किया है और सुझाव भी प्रस्तुत किये हैं।

एम0एस0राणा (2000) ने अपनी पुस्तक 'इण्डिया वोट्स लोकसभा एण्ड विधानसभा इलक्शन्स' (1999-2000) में चुनाव एवं मतदान को प्रभावित करने वाले तत्वों का विश्लेषण किया है।

पी0एन0 कृष्णमणि (1971) ने 'इलेक्शन एण्ड वोटर्स' में मतदाताओं के मतदान-व्यवहार के दृष्टि कोणों एवं अवधारणाओं को स्पष्ट किया है।

डॉ0 सी0बी0 गेना (1997) ने 'तुलनात्मक राजनीति एवं राजनीतिक संस्थाएँ' में मतदान व्यवहार के अर्थ को स्पष्ट किया है।

राजीव रंजन (2000) ने लोकसभा चुनाव और राजनीति में मतदाता के मतदान व्यवहार को उसके सामूहिक निर्णय के रूप में स्पष्ट किया है।

डॉ0 बी0एल0 फडिया एवं पुखराज जैन (2007) ने 'भारतीय शासन एवं राजनीति' में भारतीय मतदान व्यवहार के प्रमुख कारकों अथवा घटकों को प्रस्तुत किया है।

संजय कुमार एवं प्रवीण राय (2013) ने 'भारत में मतदान व्यवहार का मापन' को प्रस्तुत किया है। तथा भारत में मतदान व्यवहार के विभिन्न आयामों पर प्रकाश डाला है।

मतदान व्यवहार का अर्थ – मतदान व्यवहार का अर्थ है कि मतदाता किन प्रमुख विषयों से प्रभावित होकर अपने मतदान व्यवहार का प्रयोग करता है। अथवा किन कारणों या तरीकों को प्रकट करता है जोकि मतदान करने में मतदाता या आम जनता को प्रभावित करते है। मतदान व्यवहार को निर्वाचन प्रणाली के अध्ययन का एक प्रमुख अंग भी माना जा सकता है। क्योंकि इसके द्वारा मतदान व्यवहार का मनोवैज्ञानिक एवं व्यवस्थित प्रकार से अध्ययन किया जाता है। अत: सभी मतदान व्यवहारों का उद्देश्य इस

विषय को जानने एवं समझने का रहा है कि मतदाता, मतदान करते समय किन-किन प्रमुख कारकों एवं तथ्यों से सर्वाधिक प्रभावित होता आया है। और वह कौन सी प्रमुख बाते एवं मुद्दे होते हैं जोकि सामान्यत: मतदाताओं को भी अपना मत परिवर्तित करने के लिए प्रेरित करते हैं। अत: मतदाताओं का मतदान व्यवहार निर्वाचन सम्बन्धी तथ्यों एवं समंको के रिकार्ड तक ही सीमित नहीं होता है अपितु यह तो मतदाताओं के मन की भावनाओं अनुभवों एवं परिस्थितियों आदि मनोवैज्ञानिक अवधारणाओं के परिप्रेक्ष्य में अपना पक्ष उजागर करता है। अर्थात 'शान्तिपूर्ण सत्ता परिवर्तन का मुख्य साधन ही मतदान व्यवहार है।' 'शान्तिपूर्ण सत्ता परिवर्तन का सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण एवं उपयुक्त साधन मतव्यवहार ही है'। यह लोकतान्त्रिक शासन का मुख्य आधार है। मतव्यवहार के द्वारा न केवल प्रतिनिधियों का चुनाव होता है अपितु जनता द्वारा जनता के शासन का निर्माण भी होता है।' 'भारत ही नहीं बल्कि सारे एशिया और अफ्रीका महाद्वीप में लोकतंत्र का भविष्य मतदाताओं के व्यापक दृष्टिकोण पर निर्भर करता है। मतदान एक पवित्र अधिकार और कर्तव्य है। जोकि इस धारणा पर आधारित है कि प्रभुसत्ता जनता में निहित है। प्रभुसत्ता का अंश होने के कारण प्रत्येक व्यक्ति को मतदान करना चाहिए तथा मतदान में भाग लेकर ही मतदाता अपने कर्त्ताव्य को पूरा करता है।'

'मतदान व्यवहार मतदाता द्वारा किये गये मतदान का वह भाग है जिससे उसे राजनैतिक परिस्थितियों के सन्दर्भ में किसी उम्मीदवार को हराना या जिताना होता है। अत: मतदान व्यवहार सामूहिक निणर्यो को प्रदर्शित करने की एक प्रक्रिया कही जा सकती है।'

मतदान व्यवहार की परिभाषा – समाजशास्त्रियों एवं राजनीतिज्ञों द्वारा मतदान व्यवहार को निम्नलिखित रूप में परिभाषित किया गया है-

गार्डन मार्शल (समाज शास्त्री) के अनुसार 'मतदान व्यवहार का अध्ययन निरपवाद रूप से निर्धारकों पर ध्यान केन्द्रित करता है कि वे सार्वजनिक चुनावों में मतदान क्यों करते हैं। जैसा कि वे करते हैं। वे अपने द्वारा किये गये निर्णयों पर कैसे पहुँचते हैं।'

स्टीफन वासबी (न्यूयार्क यूनिवर्सिटी, राजनीति विज्ञान, विभाग के प्रोफेसर) के अनुसार 'मतदान व्यवहार के अध्ययन में व्यक्तिगत मनोवैज्ञानिक बनावट (मेकअप) और राजनीतिक कार्यवाही के साथ-साथ उनके संस्थागत पैटर्न जैसे-संचार प्रक्रिया और चुनावों पर उनके प्रभाव का विश्लेषण शामिल है।'

डोनाल्ड ई0 स्टोक्स (1996) के अनुसार 'मतदान व्यवहार व्यक्तिगत प्राथमिकताओं का सामूहिक निर्णयों में समाहार करने का एक साधन है।'

धर्मवीर महाजन (1998) के अनुसार 'मतदान व्यवहार से अनभिज्ञ मतदाता के मत देने तथा उसे प्रभावित करने वाले कारकों से है।'

मतदान व्यवहार का इतिहास – बीसवीं शताब्दी के पूर्वार्द्ध से मतदान व्यवहार के अध्ययन का प्रारम्भ माना जाता है। तथा इसके वैज्ञानिक अध्ययन को सैफोलॉजी कहते हैं। जोकि ग्रीक शब्द प्रेस्फोस से निकला है।

प्रथम देश फ्राँस है जहाँ मतदान व्यवहार की सर्वप्रथम शुरूआत हुई थी। इसके बाद अमेरिका और ब्रिटेन आदि देशों में भी मतदान व्यवहार पर अध्ययन प्रारम्भ हो गये।

